



विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 219 पृष्ठ 12

रीवा, गुरुवार 08 मई, 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082

नगर मूल्य 5 रुपए


# आतंकवाद पर प्रहार

## पाक-पीओके स्थित लश्कर व जैश के मुख्यालयों समेत नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला, 90 दहशतगर्द ढेर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। वायुसेना ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में एयर स्ट्राइक की। भारत ने यह जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की है और इसको नाम दिया 'ऑपरेशन सिंदूर'। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देर रात तीनों सेना प्रमुखों से रक्षा मंत्री ने की बात और स्थिति पर की चर्चा की। भारतीय सेना ने बुधवार सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी देने के लिए अपनी दो जांबाज महिला अधिकारियों को उतारा। इसमें एक वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और दूसरी भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी थीं। दोनों ने पाकिस्तान पोल खोली और बताया कैसे सेना ने पाक में चल रही आतंकी की फैक्ट्रियों को खत्म किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें 90 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। इसमें आतंकी मसूद अजहर के बहन और बहनोई समेत 10 रिश्तेदारों की मौत की भी खबर है। दोनों महिला अफसरों के साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा- यह नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। एक्शन के बाद विदेश मंत्रालय ने कई देशों के डिप्लोमेट्स से बात की और कार्रवाई की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दे दिया है।

**बहावलपुर का मरकज सुब्हान अल्लाह तबाह, मसूद अजहर यहीं देता था युवाओं को आतंक की ट्रेनिंग**












यह तस्वीरें महज मलबे की नहीं है, बल्कि आतंक के अंत की हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना की सटीक और रणनीतिक एयरस्ट्राइक्स के बाद पाकिस्तान और पीओके में आतंक के केंद्रों पर जो तबाही मची, यह दृश्य उसी का प्रमाण हैं। ये वही जगहें हैं जहां आतंकी योजनाएं बनती थीं, और भारत विरोधी साजिशों की नींव रखी जाती थी। इनमें से नौ निशान ध्वस्त हो चुके हैं। मलबे के ढेर के बीच पाक सैनिक और सुरक्षा बल।



### तीनों सेनाओं के समन्वय से हुआ संयुक्त सैन्य अभियान

## खुफिया जानकारी के आधार पर चुने गए 9 सटीक टारगेट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की साझा योजना और उच्च तकनीकी समन्वय का परिणाम थे। इन टारगेट्स का चयन कई महीनों की खुफिया जानकारी और निगरानी के आधार पर किया गया।




1. **मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर (पाकिस्तान):** जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय। यहीं से मसूद अजहर युवाओं को उकसाता है। पुलवामा हमले की योजना यहीं बनी।
2. **मरकज तैयबा, मुरिदके (पाकिस्तान):** लश्कर का बड़ा ट्रेनिंग सेंटर। हर साल 1,000 से ज्यादा युवा आतंकी बनते हैं। 26/11 के हमलावर यहीं प्रशिक्षित हुए।
3. **सरजल, तहरा कलां (पाकिस्तान):** जैश का ठिकाना सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में चलता था। सीमा से महज 6 किमी दूर। सुरंगों व ड्रोन से हथियार भेजने का अड्डा।
4. **महमूना जोया, सियालकोट (पाकिस्तान):** हिजबुल मुजाहिदीन का अड्डा। यह इरफान टांडा नामक आतंकी के हाथ में है।
5. **मरकज अहले हदीस, बरनाला (पीओके):** लश्कर का यह ठिकाना पुंछ, राजौरी और रियासी में आतंकियों की घुसपैठ का केंद्र है।
6. **मरकज अब्बास, कोटली (पीओके):** जैश का बड़ा केंद्र, जिसकी अगुवाई कारी जर्रार करता है।
7. **मस्कर रहील शाहिद, कोटली (पीओके):** हिजबुल का सबसे पुराना कैंप। यहां पर्वतीय युद्ध का प्रशिक्षण मिलता है।
8. **शवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद (पीओके):** लश्कर का यह ठिकाना। यहां पाक सेना भी प्रशिक्षण में मदद करती है।
9. **मरकज सैयदना बिलाल, मुजफ्फराबाद (पीओके):** जैश का केंद्र। लाल किले के सामने है। यहां मुफ्ती असगर कश्मीरी और अन्य प्रमुख आतंकी सक्रिय हैं।



यह शर्मनाक स्थिति है। उम्मीद है कि जल्दी ही चीजें सामान्य हो जाएंगी।
**- डोनाल्ड ट्रंप**, अमेरिकी राष्ट्रपति

भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश हैं, हम दोनों से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने और संयमित रहने की अपील करते हैं।
**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता**, चीन

हम एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर चिंतित हैं। हम दोनों देशों से संयम बरतने का आह्वान करते हैं।
**एंटोनियो गुटेरेस**, संयुक्त राष्ट्र महासचिव

कूटनीति और बातचीत संकटों को शांतिपूर्वक हल करने और शांति का रास्ता निकालने का सबसे प्रभावी तरीका है।
**शेख अब्दुल्ला बिन जायद**, यूएई

मॉस्को दोनों पक्षों से स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए संयम बरतने का आह्वान करता है।
**- मारिया जखारोवा**, विदेश मंत्रालय, रूस

हम भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं। आतंकियों को पता होना चाहिए कि वह बच नहीं पाएंगे।
**रुवेन अजार**, राजदूत, इजरायल

भारत का हमला पूरी तरह जायज है। आतंकवादियों को सजा से छूट नहीं मिलनी चाहिए।
**ऋषि सुनक**, पूर्व प्रधानमंत्री, ब्रिटेन



### पाक की ओर से फिर फायरिंग, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

## सीमा पर गोलीबारी में 4 बच्चों समेत 11 की मौत, 40 घायल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंगलवार-बुधवार की रात जम्मू-कश्मीर के लिए भयावह साबित हुई। पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अंधाधुंध फायरिंग और गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें कुल 11 नागरिकों की जान चली गई। मरने वालों में एक महिला और चार मासूम बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, करीब 40 नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

भारतीय सेना के अनुसार, यह फायरिंग पाकिस्तान की तरफ से जानबूझकर और बिना किसी उकसावे के की गई। यह हमला 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हुआ है। सेना ने बताया कि इस हमले के जवाब में भारत ने भी 'संतुलित और सटीक' कार्रवाई की है।

भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन ने घायलों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराया और सीमावर्ती गांवों में बचाव कार्य शुरू किए। बीएसएफ और सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है, जबकि सीमावर्ती स्कूल और संस्थान अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं।



**घायल अस्पतालों में, गांवों में डर का माहौल**

पाकिस्तान की गोलेबारी में सबसे ज्यादा तबाही पुंछ जिले में हुई, जहां सात नागरिकों की मौत हुई और 25 से ज्यादा लोग घायल हुए। उरी सेक्टर में 10 लोग घायल हुए, जबकि राजौरी में तीन नागरिकों को चोटें आईं है। उरी (बारामूला) में भर्ती नागरिकों ने बताया कि कैसे आधी रात को उनके घरों पर बम और गोलियां बरसने लगीं। अस्पताल के एक डॉक्टर ने कहा, 'घायलों में बच्चों और महिलाओं की संख्या चिंताजनक है। कुछ की हालत नाजुक है।' हमले से दहशत का माहौल बन गया है। सीमावर्ती गांवों में लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

### आज सर्वदलीय बैठक

## आतंकी ठिकानों पर और कार्रवाई संभव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सरकार ने 8 मई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह सुबह 11 बजे नई दिल्ली में संसद पुस्तकालय भवन में होगी। माना जा रहा है कि भारत आने वाले दिनों में पाकिस्तान के अन्य आतंकी ठिकानों पर और कार्रवाई कर सकता है। अगर पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करता है तो भारत भी कड़ा जवाब देगा। इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इसमें राजस्थान, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल के सीएम और लद्दाख के एलजी और जम्मू-कश्मीर के एलजी शामिल हुए। इससे पहले गृहमंत्री ने सीमावर्ती राज्यों के डीजीपी और मुख्य सचिवों के साथ मुलाकात की। एयरस्ट्राइक के बाद कैबिनेट की बैठक भी हुई। इस बीच पीएम मोदी ने तीन देशों क्रोएशिया, नीदरलैंड और नॉर्वे का दौरा रद्द कर दिया है। वे जल्द ही सीसीएस की बैठक करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सुरक्षाबलों पर गर्व है।

## शरीफ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को बताया एक्ट ऑफ वॉर

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' बताते हुए लिखा, 'पाकिस्तान को भारत के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का पूरा अधिकार है और जवाब दिया जा रहा है। इस बीच पाकिस्तान के पंजाब राज्य में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सीमावर्ती जिलों में 72 घंटों के लिए सभी स्कूल बंद कर दिए हैं। पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। कराची एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री फंसे हुए हैं। कई उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### जांबाज महिलाएं | सोफिया-व्योमिका ने दी दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी

## नौगांव से भी नाता है कर्नल सोफिया का

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीन मुख्य लोग आए जिन्होंने पूरी जानकारी दी। इसमें भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके साथ दो महिला सैन्य अधिकारी मौजूद थीं। पहली कर्नल सोफिया कुरैशी और दूसरी विंग कमांडर व्योमिका सिंह, दोनों महिला अधिकारियों ने भारतीय सेना के पराक्रम को दुनिया के सामने रखा और भारतीय सेना किस तरह पाकिस्तान द्वारा पाले जा रहे आतंकवाद को ख़तम कर रही है, उसकी जानकारी दी। विंग कमांडर व्योमिका सिंह 18 दिसंबर 2004 को वायुसेना में कमीशन हुईं। वे मौजूदा वक्त की सबसे बेहतरीन विंग कमांडर में से एक हैं, जिनके पास लड़ाकू हेलिकॉप्टर्स उड़ाने का बेहतरीन अनुभव है। वे 18 दिसंबर 2017 में जाकर विंग कमांडर बनीं। उनके वायुसेना में आने की कहानी भी दिलचस्प है, व्योमिका सिंह ने बताया कि हमारी क्लास में एक बहस चल रही थी, जो नाम पर थी। मैंने अपना नाम बताया, जिसका मतलब ये था कि जो आसमान को मुट्ठी में रखे। तभी मैंने सोच लिया कि अब आसमां मेरा होगा। वहीं कर्नल सोफिया कुरैशी मध्य प्रदेश के छतरपुर के नौगांव से ताल्लुक रखती हैं, उन्होंने तीसरी कक्षा तक की पढ़ाई नौगांव में की है। इसके बाद वे बड़ौदा आदि अन्य जगहों पर रहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दीं। 35 साल की सोफिया पहली महिला ऑफिसर हैं, जिन्होंने इंडियन आर्मी के पूरे कॉन्टिजेंट को कई देशों की सैन्य एक्सरसाइज में लीड किया है। सोफिया सैन्य परिवार से ही आती हैं और बायोकेमेस्ट्री में डिग्री भी रखती हैं। करीब 6 साल के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में भारत की तरफ से योगदान दिया है।




"पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के आतंकियों के ट्रेनिंग कैंपों पर सबसे पहले स्ट्राइक की गई। यहां लश्कर और जैश के आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी। कुल नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया।
**- कर्नल सोफिया कुरैशी**

"भारत ने जो भी किया, वह पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए किया। सेना ने पाकिस्तान के बुनियादी ढांचे और नागरिक आबादी को निशाना नहीं बनाया।
**- विंग कमांडर व्योमिका सिंह**




# राज्यमंत्री एवं महापौर ने की महिला स्टार्टअप के उत्पादों की लांचिंग

जागरण, सतना

स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर ने एक खास और प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत निर्मात्री 3.0 का अनावरण एवं महिला स्टार्टअप द्वारा निर्मित उत्पादों के लॉन्चिंग कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी एवं महापौर योगेश कुमार ताम्रकार के द्वारा किया गया। निर्मात्री एक विशेष कार्यक्रम है जो महिलाओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत 12 हफ्तों का ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया जाता है जिसमें महिलाओं को डिजिटल मार्केटिंग ब्रांडिंग कम्युनिकेशन स्किल्स फाइनेंस लीगल डॉक्यूमेंटेशन और आधुनिक आई टूल्स जैसी जरूरी स्किल्स सिखाई जाती हैं। इस कार्यक्रम का निर्देशन कलेक्टर सतीश कुमार एस और ईडी स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के मार्गदर्शन में सतना स्मार्ट सिटी द्वारा आयोजित किया गया। इस खास मौके पर निर्मात्री से प्रशिक्षित 4 महिला स्टार्टअप्स ने अपने.अपने प्रोडक्ट्स की पहली झलक सबके सामने पेश की। इस समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे डॉ हर्षवर्धन श्रीवास्तव प्रो.वाइस चांसलर एकेएस यूनिवर्सिटी एवं सतना स्मार्ट सिटी से दीपेन्द्र सिंह राजपूत मैनेजर ई गवर्नेंस सहायक यंत्री उत्कर्ष सिंह उपयंत्री अश्विनी सिंह प्रवीण जायसवाल एवं सतना इनक्यूबेशन सेंटर से शांतनु सिंह संजना सिंह एवं विष्णु कांत चौरसिया उपस्थित रहे। अब तक 45 से ज्यादा महिलाओं को निर्मात्री के तहत ट्रेनिंग दी जा चुकी है और कई महिलाएं अब अपने खुद के बिज़नेस की ओर तेज़ी से बढ़ रही हैं।



**इनका कहना है**

यह सिर्फएक प्रोडक्ट लॉन्च नहीं है बल्कि यह उन महिलाओं की मेहनत और हिम्मत का जश्न है जिन्होंने खुद पर विश्वास कर कुछ नया शुरू किया।
**प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री**

आज की ये महिलाएं एक छोटे से आइडिया को लेकर चल पड़ीं और आज अपने सपनों को एक ब्रांड का रूप दे रही हैं। यह कार्यक्रम हर उस महिला के लिए प्रेरणा है जो कुछ अलग करना चाहती है।
**योगेश कुमार ताम्रकार महापौर सतना**

## बोर्ड एग्जाम में जिले का नाम रोशन करने वालों को सांसद ने दी बधाई

**सतना।** मंगलवार को बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जैसे ही सामने आया उसमें सतना.मैहर का नाम अव्वल रहा है। यहां के छात्र छात्राओं ने अपने माता.पिता के साथ सतना.मैहर जिलों का गौरव भी प्रदेश में बढ़ाया है। मैहर जिले के अमरपाटन की बेटी प्रियल द्विवेदी ने जहां 492 अंक अर्जित कर प्रदेश में टॉप किया। वहीं सतना जिले के छात्र हर्ष और दीपिका सिंह ने प्रदेश में दूसरा स्थान पाया। इसी प्रकार से कक्षा दसवीं की परीक्षा में शिवांश ने प्रदेश मैरिट में चौथा स्थान पाया। इन छात्रों को सांसद ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सांसद ने बिटिया प्रियल द्विवेदी के पिता से फोन पर बात कर उनको भी शुभकामना दी हैं। सांसद ने कहा कि ऐसे भी हमारे कई बच्चे हैं जो मैरिट से चूके हों पर पर उनके परिणाम बताते हैं कि उनके अंदर हुनर की कमी नहीं है और 85 से 90 प्रतिषत अंक अर्जित किए हैं उन सभी को मै बधाई देता हूं। सांसद ने असफल हुए उन छात्रों से भी अपील की है कि एक असफलता से उम्मीदे समाप्त नहीं होती है। जिंदगी के हर मोड़ में बेहतर अवसर होते हैंएएक परीक्षा में फेल होना या कम अंक पाना असफल होना नहीं होता है। हमारे बच्चे अपना मनोवल बनाए रखे और बेहतर प्रयास करें पर ऐसा काम न करें कि माता.पिता को दुख दे जाएं। बच्चों को यह समझना होगा कि मां.बाप दुनिया में फरिस्ते से कम नहीं उनको कष्ट नही दें और अपना आत्मविश्वास मजबूत करें एक दिन सफलता मिलेगी।

# ओवर लोड हाइवा नेशनल हाईवे में मार रहे फर्राटे



## कई बार हो चुकी दुर्घटनायें फिर भी जिम्मेदार बने अनजान

**जागरण, सतना।** मैहर जिले की खदानो से विगत छय महीने से अधिक समय से प्रतिदिन सैकडो ओभर लोड हाइवा लालपुर से कृष्णगढ़ रोड से होते हुए कुर्मिहा टोला मोड से राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए प्रिज्म फैक्ट्री की ओर जाते दिखते है कई बार ओभर लोड हाइवा से जानलेवा पत्थर गिरने की वजह से राहगीर दुर्घटनाग्रस्त भी हुए इसके बाद भी माइनिंग विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं स्थानीय जिम्मेदार प्रशासनिक अमला जनहित को ध्यान रखते हुए कोई ठोस कार्रवाही नही की यदी क्या किसी बडी दुर्घटना का इन्तज़ार किया जा रहा है एक तरफ सरकार सक्ती के साथ चलानी कार्रवाई कर रही है वही दूसरी तरफ बेखौफ यमदूत सडको पर फर्राटे मार रहे है स्थानीय रहवासियो व्दारा स्थानीय प्रशासनिक अमले से मौखिक रूप से अवगत करा कर कार्यवाही की माँग की गई तो जिम्मेदारो व्दारा माईनिग विभाग का हवाला देकर मामले को गंभीरतापूर्वक नही लिया गया।

**इनका कहना है**

यह बात सही है की प्रतिदिन ओभर लोड हाइवा अमरपाटन एवं रामपुर बाघेलान के नेशनल हाइवे पर दौडते है। हमारी सरकार आमजनमानस के हितो को लेकर संवेदनशील है जिम्मेदार प्रशासनिक अमले को इस ओर गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए। जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। इस विषय पर हम स्थानीय जनप्रतिनिधियो से रहगीरो के हित पर बात करेगे।
**पुष्पराज कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो सतना**

# एक करोड़ 75 लाख के कार्यो का हुआ भूमि पूजन



**सतना।** नगर निगम सतना द्वारा नगर में किये जा रहे निरन्तर विकास के कार्यों के अनुक्रम में 6 मई को वार्ड क्र 14, 15, 17 एवं 18 जेल रोड निर्माण कार्य 1100 मीटर लम्बी 9 मीटर चौड़ी लागत राशि 1 करोड़ 75 लाख के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर गणेश सिंह सांसद योगेश ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना विशिष्ट अतिथि राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिक निगम गोपी गेलानी अध्यक्ष निर्माण नगर पालिक निगम महेन्द्र पाण्डेय डायरेक्टर स्मार्ट सिटी श्रीमती मनीषा अजय सिंह अध्यक्ष यातायात एवं परिवहन विभाग एवं पार्षद वार्ड क्र 18 श्रीमती ऊषा गंगा कुशवाहा पार्षद वार्ड क्र 17 श्रीमती ममता मुरारी सोनी पार्षद वार्ड क्र 15 तिलकराज सोनी पार्षद वार्ड क्र 14 भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तम वाल्मीकि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष रामपाल यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी फूल सिंह टेकाम भाजपा जसो मंडल के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह पूर्व पार्षद अजय प्रताप सिंह के के त्रिपाठी विक्रम सिंह एवं श्रीमती आशा शुक्ला आर पी सिंह अंशुमान सिंह प्र कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम सतना दीपक बागरी प्र सहायक यंत्री नगर पालिक निगम सतना के साथ बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक में वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्यो पर चर्चा

**जागरण, सतना।** जिला खनिज प्रतिष्ठान की बुधवार को कलेक्टर डॉ0 सतीष कुमार एस. की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त राशि के आधार पर जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों और कार्ययोजना के प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नगरीय विकास और आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक सर्व नागेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह, सिद्धार्थ कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, सी.ई.ओ. जिला पंचायत एवं सचिव संजना जैन, डी.एफओ. मयंक चांदीवाल, माइनिंग अधिकारी हरेन्द्र पाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बी.आर. सिंह भी उपस्थित रहे।

जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत ने वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना की चर्चा के दौरान बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सतना जिले को कुल 32.36 करोड़ रूपये की राशि मिली है। जिसमें भाग-क की राशि 16.84 करोड़ रूपये और राज्य स्तर के लिए भाग-ख की राशि 15.52 करोड़ है। जिला स्तर पर खनिज प्रतिष्ठान मद से उपलब्ध राशि 16.84 करोड़ की डेढ़ गुना राशि 25.26 करोड़ रूपये के कार्य लिए जा सकते हैं। इनमें उच्च प्राथमिकता कार्यों के लिए 60 प्रतिशत अर्थात् 15.16 करोड़ और अन्य प्राथमिकता के कार्यों के लिए 40 प्रतिशत अर्थात् 10.10 करोड़ की राशि प्रावधानित है। सतना जिले के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर विश्रीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में 51 करोड़ 64 लाख रूपये लागत के कुल 547 कार्य शामिल किये गये हैं। इनमें उच्च प्राथमिकता के 35 करोड़ 10 लाख लागत के 408 कार्य और अन्य प्राथमिकता के 16 करोड़ 53 लाख रूपये के 141 कार्य शामिल हैं।



# महापौर ने 6 नवीन बसों को दिखाई हरि झंडी




## बस सेवा का किया शुभारंभ

**जागरण, सतना।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने बुधवार को 6 नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर बस सेवा का शुभारंभ किया। इनमें सतना से जैतवारा सतना से डगडीहा सतना से बेलहटा सतना सज्जनपुर सतना से खमरिया तथा सतना से चकदही मार्ग पर चलेगी। नवीन बसों के परिचालन से निश्चित ही यातायात सुविधाओं में अभिवृद्धि होगी जिससे जनजीवन और सुलभ होगा। इन बसों की सेवा का शुभारंभ होने से एक ओर यातायात सुलभ होगा वही दूसरी ओर नगर निगम के कोष में वृद्धि होगी जिससे नगर का विकास और तीव्र गति से होगा। नवीन बाद सेवा के शुभारंभ आवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन भूपेंद्र देव परमार उपायुक्त वित्त स्मार्ट सिटी के डायरेक्टर महेंद्र पांडे सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता बेहद सराहनीय : जयंती तिवारी

**अमदरा।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफभारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने साबित कर दिया है। इस साहसिक अभियान में सेना ने लश्कर.ए.तैयबा और जैश.ए.मोहम्मद जैसे खूंखार आतंकी संगठनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर आतंक के तंत्र की कमर तोड़ दी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंक का अंत, हमें गर्व है भारतीय सेना पर: डॉ रश्मि सिंह



**जागरण, सतना।** भारतीय सेना वायुसेना और नौसेना ने मिलकर पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं जिसमें हज़ारों आतंकवादी ढेर हुए। डॉक्टर रश्मि सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का करारा जवाब है। यह सिर्फ कार्रवाई नहीं थी यह संदेश था दृभारत माफ़नहीं करता। भारत वार करता है इस ऐतिहासिक ऑपरेशन के लिए भारतीय सेना व कड़े फैसलों वाली रणनीति कोपूरा राष्ट्र सलाम करता है। डॉक्टर रश्मि ने कहा कि अदम्य साहस और भारतीय सेना के शौर्य व समर्पण कोआज हम सभी मिलकर अभिनंदन और आभार व्यक्त करते है। भारत माता के जय घोष लगाएए सेना को वंदन करे और राष्ट्र हर्षित उल्लासित हो। भारतीय निर्दोष दिवंगत आत्माओं को नमन करें।

## भारतीय सशस्त्र बलों की कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर सराहनीय : अजय सोनी



**जागरण, सतना।** अजय कुमार सोनी सतना शहर कांग्रेस जिला महामंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद सरकार द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर सराहनीय कदम है। पाक और पीओके में भारतीय सशस्त्र बलों की कार्यवाही की अजय ने सराहना की। अजय सोनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है वहीं से भारत के खिलाफ आतंकी हमले की साजिश रचकर संचालित किया जाता था। पीओके और अन्य जगहों के नौ आतंकी ठिकाने उड़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी देशहित में सरकार को समर्थन का वादा किया है। अजय सोनी ने कहा कि यह कार्यवाही 26 निर्दोषों की हत्या का सही बदला है। देश हित की प्रतिबद्धता के चलते कांग्रेस भी इस पूरे एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करती है।

# केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**सतना।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश रत्नेश चन्द्र सिंह बिसेन के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश विकास भटेले, मानवेन्द्र प्रताप सिंह तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जीलानी, जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा की उपस्थिति में मंगलवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बंदियों को विधिक अधिकारों, प्ली-बार्गेनिंग, मूल अधिकारों, जमानत, अपील व निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी गई तथा बंदियों की समस्यों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, सोनवीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, अष्टकोण अधिकारी, अभिमन्यु पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक फिरोजा खातून, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मेरिट में आने वाले 6 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**जागरण, सतना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सतना जिले के 6 छात्र-छात्राओं का सम्मान बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस द्वारा किया गया। मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा 2025 में प्रदेश में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की प्रावीणय सूची में हाई स्कूल परीक्षा में सतना जिले के बिरसिंहपुर के सनराइज पब्लिक स्कूल पगारकला रोड के छात्र शिवांश पाण्डेय को 497 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त करने तथा हाई स्कूल परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल माधवगढ़ की छात्रा कु0 वंशिका सिंह को 491 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में विज्ञान-गणित समूह में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-एक सतना के छात्र हर्ष पाण्डेय को 490 अंक हासिल कर मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त करने, जीव विज्ञान समूह में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-एक सतना की छात्रा कु0 दीपिका सिंह को 483 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त करने, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामनगर के छात्र दुर्गेश प्रताप कुशवाहा को 477 अंक अर्जित कर सातवां और गार्जियन गाइड पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैंक कॉलोनी सतना की

## मैहर में चार मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मैहर जिले के 4 छात्र-छात्राओं का सम्मान बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर रानी बाटड़ द्वारा किया गया। मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल परीक्षा में मैहर जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल रामनगर के छात्र अमित कुमार पटेल को 492 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नौवां स्थान हासिल करने पर कलेक्टर द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में विज्ञान-गणित समूह

## अंजली प्रजापति बनीं स्कूल टापर, किया गया सम्मान

**जागरण, सतना।** गोरेलाल प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान के मार्गदर्शक पर ब्लॉक अध्यक्ष शुभकरण रामपुर बघेलान बीड़ी प्रजापति जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में स्वामी दीन कुशवाहा पूर्व सरपंच खरवाही की गरिमामय उपस्थिति में बेटी अंजली पिता अशोक प्रजापति खरवाही कक्षा 10 वीं की छात्रा अपने स्कूल पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरहटा में 500 में 464 अंक प्राप्त 92०8 प्रतिशत प्रथम स्थान हासिल कर अपने घर परिवार समाज जिला प्रदेश का नाम रोशन किया इस एतिहासिक अवसर पर जिला कुम्हार प्रजापति संघ सतना ब्लॉक अध्यक्ष शुभकरण मिंटू भैया सचिव जिला उपाध्यक्ष बीड़ी प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारीगण सदस्यगण वरिष्ठ गणमान्य जनों ने बिटिया रानी के ग्रह निवास खरवाही विधानसभा रामपुर बघेलान जिला सतना मध्यप्रदेश पहुंचकर मिठाई खिला कर मुंह मिठाकर बिटिया रानी को उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं बधाई दी।



**नाम सुधार सूचना**

मैं रविनन्दन कुमार द्विवेदी पिता स्व. गीता प्रसाद द्विवेदी आर्मी नं. 15182437Y रैंक NK निवासी ग्रा. अहिरगांव पो. भुमकहर तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. पिन कोड 485001 आधार कार्ड नं. 846626119565 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूॅ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूॅ। मुझ शपथ कर्ता के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी में DRUV DWIVEDI दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 501997764683 में मेरे पुत्र के नाम की अंग्रेजी DHRUV DWIVEDI दर्ज है जो सही है। अतः मेरे पुत्र का नाम DRUV DWIVEDI के स्थान पर DHRUV DWIVEDI दर्ज किया जाये।

**क्षेत्रीय कार्यालय,**
**म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,**
**रीवा रोड मैहर बाई पास, सतना (म.प्र.)**
E-Mail-romppeb_satna@rediffmail.com, website- www.mppcb.nic.in

**लोक सुनवाई सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव ऑकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.06 तथा यथा संशोधित 09 मई 2022 Memorandum No. J-11015/387/2008-1 A,11 (m) dated 28th Sep. 2011 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स श्रीमती इन्दु अहलूवालिया, बठिया लाइम स्टोन माइन, ग्राम. बठिया, तहसील.मैहर जिला.मैहर म.प्र. रकवा 23.86 हैक्टेयर, उत्खनन क्षमता ROM-778864 (Limestone-6,00,000 TAP & OB - 1,78,864 TPA) हेतु म.प्र. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन कमेटी (SEIAA)में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रकिया में टी.ओ.आर. जारी कर नियमानुसार लोक सुनवाई कराने के निर्देश दिये गये हैं। उसी अनुक्रम में माइन प्रबंधन द्वारा लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त परियोजना का कार्यकारी सारांश एवं पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए ) रिपोर्ट जन सामान्य के अवलोकनार्थ कलेक्टर कार्यालय मैहर मुख्य कार्यपालिक अधिकारी जिला पंचायत सतना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सतना सरपंच ग्राम पंचायत. बठिया तथा क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना एवं बोर्ड के वेबसाइट www.mppcb.nic.in पद पर उपलब्ध रहेगा।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सुझाव, विचार, टीका.टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना में प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 09.06.2025 दिन.सोमवार, समय.सुवह 11.00 बजे से, स्थान. प्रस्तावित माइनं स्थल के पास ग्राम बठिया, तहसील.मैहर जिला मैहर म.प्र. में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर अपने मत लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**(एस.पी झा) क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना म.प्र.**

वर्ष 72 अंक 219 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 08 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

संसार में जितने भी टकराव चल रहे हैं, वे अहंकार की अभिव्यक्ति हैं। लड़ती सत्ताएं हैं, भुगतना जनता को पड़ता है।
- रान्ड्रा बर्न

## ऑफ बीट

### 12 वर्षीय किशोर का न्यूक्लियर रिएक्टर




*अमेरिका में एक स्टेट है टेनेसी। यहां के मेम्फिस शहर के रहने वाले हैं, जैक्सन ओसवाल्ट। जैक्सन में खुद को साबित करने का एक अलग ही जुनून था। इसलिए उन्होंने अपने बेडरूम में ही न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर बनाना शुरू किया और बना भी दिया, जबकि उनकी उनकी उम्र सिफ 12 साल है। बता दें कि जब दो हल्के परमाणु (जैसे हाइड्रोजन) आपस में टकराकर एक भारी परमाणु बनाते हैं, तो इस प्रक्रिया को न्यूक्लियर फ्यूजन कहते हैं। इस टक्कर में बहुत ज्यादा ऊर्जा निकलती है। यह रिएक्टर दो हल्के परमाणुओं को बहुत ज्यादा गर्म और तेज करके एक साथ जोड़ता है और जब ऐसा होता है तो एक नया और भारी परमाणु बनता है। इससे बहुत ज्यादा गर्मी या ऊर्जा निकलती है। जैक्सन ने अपने मां-बाप से पैसे लिए। जरूरी सामान खरीदे और फिर एक साल से ज्यादा समय तक मेहनत की। उनको सफलता मिल ही गई। उनका यह कारनामा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।*

### IPL 2025 आईपीएल में आज

**पंजाब बनाम दिल्ली**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर


## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई डायरेक्टर प्रवीण सूद को मिला सेवा विस्तार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को एक साल का सेवा विस्तार देने का फैसला किया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से 7 मई 2025 को जारी आदेश के मुताबिक, यह विस्तार 24 मई 2025 के बाद एक वर्ष के लिए प्रभावी होगा। आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय कैबिनेट की नियुक्ति समिति की सिफारिश पर लिया गया है। प्रवीण सूद 1986 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।

### रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास



**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टेस्ट से क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। टी20 फॉर्मेट से रोहित ने पहले ही संन्यास ले लिया था। अब टेस्ट क्रिकेट में भी रोहित शर्मा खेलते नहीं दिखेंगे। हालांकि, वनडे में रोहित शर्मा खेलते रहेंगे। रोहित साल 2010 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ नागपुर में अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले थे, लेकिन उस मुकाबले में टॉस से कुछ क्षण पहले उन्हें एक अजीब चोट लग गई। इसके बाद उनका टेस्ट डेब्यू तीन साल बाद हुआ। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2013 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर अपने डेब्यू टेस्ट पर शतक बनाया। मुंबई में अपने अगले टेस्ट में उन्होंने एक और शतक बनाया।

## रात 7:28 पर गूंजा रेड अलर्ट का सायरन: पूरे शहर में वाहनों की रोशनी के अलावा सारी लाइटें हुई बंद



ब्लैक आउट के दौरान वीआईपी रोड का नजारा। बाकी शहर में छाया अंधेरा। फोटो: एचसी वर्मा

# प्रदेश के 5 जिलों सहित देश के 244 शहरों में ब्लैक ऑउट

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भारत को पहलगाम सरीखे तमाम जख्म देने पाकिस्तान हमारे नागरिक ठिकानों पर हमला करने का कभी भी दुस्साहस कर सकता है। उसे सबक सिखाने सरहद पर सेना तैयार है, तो बुधवार को मध्यप्रदेश की आवाम ने भी दुनिया को बता दिया कि अपने वतन के लिए हम भी मोर्चा लेने के लिए तैयार हैं। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के इंदौर, जबलपुर, कटनी, ग्वालियर में रात 7: 30 बजे रेड अलर्ट साइरन की गूंज सुनते ही समूचे शहर अंधकार में डूब गए।

करीब 12 मिनट बाद 7:42 बजे ऑल क्लीयर सिग्नल का ग्रीन अलर्ट साइरन बजने के बाद घरों, दुकानों, कार्यालयों, संस्थानों में पुनः रोशनी आ सकी। जहांगीराबाद और पुराने शहर सहित राजधानी के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली बंद की गई। इस दौरान सड़क पर चल रहे अधितर वाहन चालकों ने भी वाहन रोककर हेडलाइट और बैकलाइट बंद कर ब्लैक आउट का समर्थन किया। इससे पहले इन शहरों में दिन में हमले से बचाव के लिए मॉक ड्रिल हुआ। भोपाल में 7 जगहों पर अभ्यास किया गया।



### आपातकाल में सतर्क रहे जनता

मॉक ड्रिल में आपात कंट्रोलर्स, एनसीसी, एसडीआरएफ, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, कॉलेज और स्कूल के स्टूडेंट्स, होम गार्डस और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स शामिल हुए। ट्रेनरों ने आपात हालात से निपटने के लिए ट्रेनिंग दी। मॉक ड्रिल में प्रमुख रूप से हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को लेकर जागरुकता, हमले के दौरान नागरिकों और छात्रों को आत्म-सुरक्षा का प्रशिक्षण, दुर्घटना के समय ब्लैकआउट को लागू करना, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तेजी से छिपाना और बचाव की योजनाओं को दुरुस्त रखना शामिल रहा। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मॉक ड्रिल कराए जाने के निर्देश दिए थे।



### ब्लैकआउट के दौरान क्या करें

- सभी लाइटें और बिजली के उपकरण तुरंत बंद करें।
- इनवर्टर व जनरेटर बंद करें ताकि बाहरी रोशनी समाप्त हो सके।
- खिड़कियों व दरवाजों के परदे बंद करें ताकि रोशनी बाहर न दिखे।
- वाहन चला रहे हों तो तुरंत किनारे लगाकर बंद कर दें, हेडलाइट और इंडिकेटर बंद रखें।
- सभी सदस्यों को एक जगह सुरक्षित रखें, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को।
- रेडियो, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें।
- पड़ोसियों को भी सतर्क करें।

### इन जगहों पर सिक्यूरिटी अटैक मॉकड्रिल

1. **पंचानन भवन:** 7:45 बजे हवाई हमले से आग लगने की सूचना से बचाव कार्य शुरु हुआ। पुलिस, हाईड्रोलिक दमकल पहुंची। तब तक अभ्यास के लिए लगाई कपड़े में आग बुझ चुकी थी।
2. **भेल क्षेत्र:** सर्च एवं रेस्क्यू अभ्यास किया गया।
3. **डीबी मॉल:** आग लगने की सूचना पर फायर ड्रिल एवं बचाव और घायलों की निकासी का अभ्यास किया गया।
4. **तुलसी नगर:** अस्थायी अस्पताल स्थापित कर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन किया गया।
5. **न्यू मार्केट:** लोगों की सुरक्षित निकासी कर पुलिस लाइन तक पहुंचान की प्रक्रिया का अभ्यास हुआ
6. **कोकता मल्टी:** भवन ध्वस्तीकरण के दौरान निकासी और रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ।
7. **पुलिस लाइन:** पुलिसकर्मियों को घायलों को सीपीआर, फॉयर रेस्क्यू अभियान में जुटने की ट्रेनिंग दी गई।

**1971 के बाद हुई ऐसी ड्रिल**

वायुसेना के पूर्व अफसर रमेश सिंह ने बताया कि साल 1971 की भारत पाकिस्तान जंग के बाद इतने बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल कराई गई और इससे पता लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालात लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं।

## मॉक ड्रिल में देश ने दिखाई युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। बुधवार शाम देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 शहरों में 12 मिनट की ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन शहरों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इन 244 शहरों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है।

### प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वह होता है: सीएम



**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वह होता है। हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों का समूल नाश करने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, इससे पूरा देश गौरवान्वित है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने और गलत निगाह डालने वाले को भारतीय सेना छोड़ेगी नहीं। प्रधानमंत्री को आतंकी खात्मे के इस जबर्दस्त प्रहार के लिए कोटिशः बधाई। डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, सरकार और पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एकजुटता दिखाने वाले सभी भारतवासियों के लिए यह गौरव का क्षण है।

### कैश कांड में बुरे फंसे जस्टिस वर्मा, सीजेआई सख्त

## जांच में सही पाया गया घर से नकदी बरामद होने का आरोप



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर लगे आरोप सही पाए गए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय हाईकोर्ट जजों की समिति ने अपनी रिपोर्ट सीजेआई को सौंप दी है, जिसमें कहा गया है कि वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने की घटना के दौरान बड़ी मात्रा में जो नकदी बरामद हुई थी, वह उन्हीं के घर में मौजूद थी। रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि न्यायमूर्ति वर्मा से इस्तीफा मांगा जाए और अगर वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो यह रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजी जाए और उनके खिलाफ महाभियोग की सिफारिश की जाए।

बता दें कि 14 मार्च को होली की रात दिल्ली के तुगलक क्रेसेंट स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक निवास में आग लगने की घटना हुई थी। उस समय जस्टिस वर्मा और उनकी पत्नी भोपाल आए हुए थे। घर पर केवल उनकी बेटी और वृद्ध मां मौजूद थीं।अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने के दौरान एक स्टोर रूम में जलते हुए नकदी के बंडल मिले थे। बाद में एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें बोरे में भरी नकदी जलती हुई दिख रही थी। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए 22 मार्च को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। इस समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन शामिल थीं. समिति ने 42 दिनों तक गहन जांच कर रिपोर्ट सौंपी है।

जांच शुरू होते ही न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल उच्च न्यायालय, इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया।

### जस्टिस वर्मा को कल तक देना है जवाब

इन-हाउस जांच लंबित रहने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने अपने न्यायिक आदेश में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया था, लेकिन रिपोर्ट मिलने के बाद अदालत ने कठोर रुख अपना लिया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायमूर्ति वर्मा को रिपोर्ट भेज दी गई है। उनसे 9 मई तक जवाब मांगा गया है। इसके बाद या तो उन्हें इस्तीफ देना पड़ेगा, वरना महाभियोग चलेगा।

### भारत का गगनयान मिशन अंतिम चरण में: जितेंद्र



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत का बहुप्रतीक्षित मानव अंतरिक्ष मिशन, गगनयान अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। देश का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अब 2027 की पहली तिमाही में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन (टीवी-डी1) का सफलतापूर्वक पूरा होना गगनयान कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अगला मील का पत्थर, दूसरा टेस्ट व्हीकल मिशन (टीवी-डी2), इस वर्ष के अंत में होने की उम्मीद है, जिसके बाद कई मानवरहित कक्षीय उड़ानें होंगी। ये प्रयास अंततः 2027 में भारतीय धरती से स्वदेशी प्रक्षेपण यान पर सवार भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के ऐतिहासिक प्रक्षेपण का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में भारत के उत्थान का प्रतीक है, जो स्वदेशी तकनीक, वित्तीय जिम्मेदारी और दूरदर्शी राजनीतिक नेतृत्व पर आधारित है। डॉ. सिंह ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्पष्ट दृष्टि को भी याद किया।

### एसपी को बगैर सहमति ट्रांसफर न करने की दी थी हिदायत

## डीजीपी ने निरस्त किया आईजी रीवा का आदेश



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आईजी रीवा गौरव राजपूत द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले जिलों के एसपी को जारी आदेश को पुलिस महानिदेशक ने निरस्त कर दिया है। रीवा आईजी ने एक मई को रीवा जोन के तहत आने वाले रीवा, सतना, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज और मैहर के एसपी को पत्र लिखकर आदेश दिए थे कि उनके जिलों में पदस्थ किसी भी इंस्पेक्टर या सब इंस्पेक्टर का तबादला उनसे पूछे बगैर न किया जाए। इस आदेश को लेकर डीजीपी के पास भी शिकायत पहुंची थी। बुधवार को डीजीपी कैलाश मकवाना ने इस आदेश को निरस्त कर दिया। डीजीपी के अनुमोदन के बाद पीएचक्यू की एडमिन शाखा ने लिखित आदेश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की राज्य एवं जिला स्तरीय स्थानांतरण नीति के अनुरूप न होने से आईजी रीवा द्वारा जारी ऑर्डर को निरस्त किया जाता है।

डीजीपी के एक्शन लेने की यह रही वजह आईजी रीवा के इस आदेश के बाद यह शिकायत पुलिस के आला अफसरों और सरकार तक पहुंची कि स्थानांतरण नीति के तहत जिलों में होने वाले तबादलों के अधिकार पुलिस अधीक्षकों को दिए गए हैं। ऐसे में आईजी रीवा गौरव राजपूत का यह आदेश जिलों में पदस्थ पुलिस अधीक्षकों के अधिकारों का अतिक्रमण करने का प्रयास है। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय को यह भी अंदेशा था कि इसी प्रकार के आदेश अन्य जोन के आईजी भी अपने जिलों में जारी कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस मुख्यालय के आला अफसरों ने इसे वरिष्ठ अधिकारियों की अनुशासनहीनता के समान मानते हुए आदेश को निरस्त करने का फैसला लिया।

### पूर्व आईजी के किए ट्रांसफर भी कर चुके हैं कैंसिल

आईजी रीवा गौरव राजपूत इससे पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में रीवा आईजी बनने के बाद दिसंबर 2024 में रिटायर हुए आईजी एमएस सिकरवार द्वारा रिटायरमेंट से पहले जारी किए गए सभी पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर आदेश भी निरस्त कर दिए थे। जानकारी के अनुसार आईजी ने लगभग तीन दर्जन पुलिस स्टाफ के ट्रांसफर कैंसिल किए थे।

### नशे में धुत एसआई ने कार सवार परिवार को पीटा



**जागरण, दमोह।** प्रदेश के दमोह से खाकी वर्दी को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां शराब के नशे में धुत एक एसआई ने मंगलवार रात कार सवार टीकमगढ़ के परिवार से मारपीट की। एसआई ने कार में सवार महिला और बच्चों तक को नहीं बख्शा। मामला सामने आने के बाद एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने कोतवाली एसआई योगेंद्र गायकवाड़ को लाइन अटैच कर दिया है। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब साढ़े 10 बजे अस्पताल चौराहे के पास की है। एक परिवार कार से जबलपुर से टीकमगढ़ जा रहा था। कार से एक युवक ने थूका तो कुछ छींटे एसआई पर पड़ गए। इससे नाराज एसआई ने पहले जिला जेल के सामने कार चालक को पीटा। इसके बाद युवक यहां से कार लेकर भागा तो एसआई ने कार का पीछा किया और अस्पताल चौराहे पर गाड़ी रोककर कार सवार सभी लोगों के बाल खींचे और चांटे मारे। इस दौरान कार में महिला और चार बच्चे भी मौजूद थे। महिला हाथ जोड़कर गुहार लगा रही थी और बच्चे रो रहे थे। आसपास के लोगों ने विरोध किया और परिवार की मदद की।


**न्यूरोबायोलॉजी** | फ्रूट फ्लाई के दिमाग का 'रोडमैप' तैयार, शोध में सामने आई लैंगिक तंत्रिका भिन्नताएं

# शोध में पहली बार मादा और नर की नसों में मिला फर्क

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैज्ञानिकों ने पहली बार फलों की मक्खी के पूरे तंत्रिका तंत्र की विस्तृत मानचित्रण करके न केवल मस्तिष्क और मेरुरज्जु सरीखी रचना को देखा, बल्कि मादा और नर के बीच महत्वपूर्ण अंतर भी खोजे हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के माध्यम से सामने आई है, जिसे जर्मनी के लाइपजिंग विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं ने मिलकर अंजाम दिया है।

अब तक की रिसर्च में वैज्ञानिक केवल फ्रूट फ्लाई के मस्तिष्क तक सीमित रहे थे, और तकनीकी सीमाओं के कारण मस्तिष्क और तंत्रिका रज्जु के बीच स्थित 'नेक कनेक्टिव' में स्थित तंत्रिकाओं को नहीं देख पाए थे। इस हिस्से की तंत्रिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं क्योंकि यही वह मार्ग है जिससे मस्तिष्क के निर्णय शरीर तक पहुंचते हैं।

### तीन अलग-अलग तंत्रिका नेटवर्क का विश्लेषण



इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने तीन अलग-अलग कनेक्टोम (तंत्रिका नेटवर्क) का विश्लेषण किया। एक मादा मस्तिष्क, एक नर नर्व कॉर्ड और एक मादा नर्व कॉर्ड। इन आंकड़ों की तुलना करने पर पहली बार यह खुलासा हुआ कि कुछ तंत्रिकाएं केवल एक ही लिंग में पाई जाती हैं और दूसरे में नहीं। एक प्रमुख खोज एक तंत्रिका कोशिका एएसपी-22 से जुड़ी है, जो नर और मादा दोनों में मौजूद है, लेकिन मादा में यह उन तंत्रिकाओं से संपर्क करती है जो केवल मादा में पाई जाती हैं। इसका सीधा प्रभाव उनके व्यवहार पर देखा गया। इस तंत्रिका के सक्रिय होने पर मादा मक्खी अपना पेट पीछे की ओर खींचती है, शायद अंडा देने की तैयारी में, जबकि नर मक्खी पेट को आगे की ओर मोड़ता है, संभोग के लिए। इससे स्पष्ट है कि लिंग-विशेष तंत्रिका संपर्क किस प्रकार जटिल व्यवहारगत अंतर पैदा करते हैं। इस अध्ययन ने व्यवहारिक तंत्रिका विज्ञान में एक नया रास्ता खोला है।

### यह खोज क्यों है क्रांतिकारी

फ्रूट फ्लाई लंबे समय से न्यूरोसाइंस और जेनेटिक्स के अध्ययन का एक प्रमुख मॉडल रही है। इसका छोटा और सरल तंत्रिका तंत्र, तीव्र जीवनचक्र, और स्पष्ट व्यवहार इसे आदर्श बनाते हैं। परंतु अब तक वैज्ञानिक मस्तिष्क तक ही सीमित थे। यह नया रोडमैप न केवल पूरे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की कल्पना संभव करता है, बल्कि यह भविष्य में होने वाले हर प्रकार के न्यूरल नेटवर्क परीक्षणों के लिए एक दिशा-दर्शक का काम करेगा। इस शोध से यह भी सिद्ध होता है कि लैंगिक भिन्नताएं केवल हार्मोन या शरीर की बनावट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये तंत्रिका नेटवर्क तक में गहराई से गुथी होती हैं। यह मानव व्यवहार, यौन चयन, और विशेष व्यवहार को समझने की दिशा में भी एक आधारभूत योगदान देता है।

### तकनीकी बाधाएं पार अब नई उड़ान की तैयारी

इस अध्ययन से पहले की सभी तंत्रिका चित्रण परियोजनाएं मस्तिष्क तक ही सीमित थीं, क्योंकि गर्दन के नीचे की संरचना को इमेजिंग करना और समझना कठिन था। लेकिन अब शोधकर्ताओं ने यह तकनीकी चुनौती पार कर ली है। अध्ययन में इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, लाइट माइक्रोस्कोपी और 3डी इमेजिंग का अत्याधुनिक उपयोग किया गया है। डॉ. आइकलर और उनकी टीम अब अगले चरण की ओर बढ़ चुकी है, जिसमें वे नर और मादा दोनों के पूरे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के दो नए डेटा सेट पर काम कर रहे हैं। इससे यह उम्मीद की जा रही है कि और भी सूक्ष्म लिंग-विशेष भिन्नताओं और तंत्रिका नेटवर्क की जटिलताओं का खुलासा होगा।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में 22 नक्सली ढेर

**बीजापुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के बीजापुर जिले के जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में जवानों ने 22 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने कहा कि अंतर-राज्यीय सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों के जंगल में बुधवार की सुबह गोलीबारी हुई। यह कार्रवाई बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में से एक है। इस ऑपरेशन में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), राज्य पुलिस की सभी इकाइयों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा सहित विभिन्न इकाइयों के लगभग 24000 सुरक्षाकर्मी शामिल रहे। बता दें कि इससे पहले मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई थी। यह कार्रवाई भी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों के आसपास के जंगल में हुई थी।

### 21 अप्रैल से जारी है अभियान

बीजापुर जिले के जंगलों में सुरक्षा बलों का अभियान 21 अप्रैल से जारी है। इस अभियान में अभी तक 32 नक्सली मारे जा चुके हैं, जिनमें चार महिलाएं शामिल हैं। यहां हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यहां अब तक 15 किलो विस्फोटक और 12 राइफलें बरामद की जा चुकी हैं।

# पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में बनेगा ईको सेंसिटिव जोन

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में हुई मॉनीटरिंग समिति की प्रथम बैठक

**छतरपुर।** कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को मड़ला स्थित कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई। भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 5 जून 2024 को इसकी अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके लिए गठित समिति के अध्यक्ष एवं संभागायुक्त डॉ. रावत सहित, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल, पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक के दौरान ईको सेंसिटिव जोन के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई। बैठक में पन्ना जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर, सहायक संचालक हरमन त्रिपाठी सहित केन-बेतवा लिंक अर्थॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ. रावत ने ईको सेंसिटिव जोन का नोटिफिकेशन जारी होने के उपरांत आयोजित मॉनिटरिंग कमेटी की प्रथम बैठक में कहा कि निर्धारित कार्य योजनानुसार ईएसजेड के लिए आगामी कार्यवाही की जाए। इसमें पन्ना, छतरपुर एवं दमोह जिले के 67 ग्रामों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप अनुसार आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने व 2026 तक जोनल मास्टर प्लॉन तैयार करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मॉनीटरिंग कमेटी के माध्यम से विभिन्न मुद्दों के निराकरण और प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सेंसिटिव जोन के संबंध में जारी निर्देशों के तहत तीन प्रकार के उपाय किए जाना हैं, जिसके तहत पूर्णतः प्रतिबंधित, नियंत्रित और बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दौरान ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नवीन उद्योग स्थापना पर भी रोक रहेगी। नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल व रिसोर्ट संचालित होंगे। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसमें रैन वॉटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं पौधरोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। बैठक में नेशनल पार्क की क्षेत्र संचालक द्वारा ईको सेंसिटिव जोन के बारे में जनजागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लॉन की आवश्यकता तथा विभिन्न प्रस्तावित जरूरी कार्यों व आवेदनों के निराकरण सहित समिति में विशेषज्ञों की नियुक्ति के संबंध में अवगत कराया गया। केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रस्तावित जोन के दृष्टिगत निर्धारित एसओपी का पालन कर इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों को भी अवरूद्ध किए बगैर समन्वय से जरूरी कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद द्वारा बैठक एजेण्डा और ईको सेंसिटिव जोन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

## विधायक ने पड़रिया और कदवां वासियों को 159 लाख के विकास कार्यो दी सौगात

**छतरपुर।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की कोई कमी नही छोड़ूंगी। जनता की समस्या का समाधान एक सेवक के रूप में कर रही हूं यह उद्गार छतरपुर विधायक ललिता यादव ने ग्राम पड़रिया और कदवां में 159 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण और भूमि-पूजन के अवसर पर कही। छतरपुर विधायक ललिता यादव के ग्राम पड़रिया में बच्चों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से बनने बाली बिल्डिंग का भूमि-पूजन के साथ ही 6 लाख की लागत से बनी पुलिया का लोकार्पण किया। विधायक श्रीमती यादव ने ग्राम कदवां में बंसल समाज के लिए 5 लाख की लागत से बनने वाले समाज भवन के लिए भूमि-पूजन के साथ ही 3 लाख की लागत से अहिरवार समाज के समाज भवन के लिए ब्राउण्ड्रीबाल, राईपुरा में शारदा माता मंदिर के लिए 5.62 लाख की लागत से ब्राउण्ड्रीबाल एवं 10 लाख 38 हजार की लागत से राईपुरा में आवागमन सुलभ बनाने के लिए सीमेंट कांक्रीट रोड का भूमि-पूजन किया। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव का ग्राम के सरपंच-सचिव सहित ग्रामीणजनों ने स्वागत किया।

## बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को विधायक संजय पाठक ने बधाई दी

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने हमेशा छात्रों का मनोबल बढ़ाया है। छात्रों की शिक्षा में कहीं कोई रुकावट न आए यह भी देखा, हमेशा सहयोग की भावना से छात्रों की हर स्तर पर मदद भी की। बोर्ड परीक्षा 10वीं के परिक्षा परिणाम आने के बाद विजयराघवगढ़ के लोकप्रिय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने उत्तीण छात्रों को बधाई देते हुए कहा की छात्र देश का भविष्य है आने वाली पीढ़ी इन्ही पर निर्भर होगी। आज के टेक्नोलॉजी की दुनिया मे हर व्यक्ति का शिक्षित होना अनिवार्य है। संजय सत्येंद्र पाठक ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा की आप लोगों ने अपनी मेहनत एवं माता पिता के परिश्रम, शिक्षकों की मेहनत का जो प्रतिफल दिया उसके लिए तुम सब बधाई के पात्र हो। किन्तु अपनी कामयाबी के लिए अनुत्तीर्ण छात्रों को नीचा न दिखाए। श्री पाठक ने कहा की जो बच्चे किसी कारणवश अनुत्तीर्ण हुए वह टुटे नहीं, हतास न हो जीवन मे बहुत संघर्ष करना पड़ता है ।

## शिकागो पब्लिक स्कूल में छात्रों को किया सम्मानित




**कटनी।** स्थानीय माधवनगर स्थित शिकागो पब्लिक स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्ष और उल्लास के साथ छात्रों व उनके अभिभावकों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को आकर्षक उपहार व ट्राफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम गत सत्र 2023-24 को कक्षा 5 मे प्रथम स्थान नारंग, द्वितीय पल रोचवानी, तृतीय श्रेयांश पांडे को तथा कक्षा 8 के प्रथम स्थान चिराग पोपटानी, द्वितीय दीपिका सिरवानी, तृतीय रितिक नारंग को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में वर्ष 2024-25 मे भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों का सम्मान किया गया। शाला की प्रथम कक्षा नर्सरी मे अंशिका, रुबेन व कृषिका, केजी 1 मे प्राची आहूजा, पूर्वी सेन और समायरा बी, केजी 2 में तनिशा देवानी, आरोही दुबे, पियूष और अविरल शुक्ला को सम्मानित किया गया। कक्षा पहली मे विराज सेन, उमंग ममतानी व रेयान कुक को सम्मानित किया गया। कक्षा दूसरी मे नव्या माटानी, कार्तिक लालवानी, नित्या माटानी और सूर्य प्रताप मंडल, तीसरी कक्षा की तमन्ना बजाज, मीत शीतलानी, नव्या तिवारी, रोहन नारंग, कक्षा चौथी में तमन्ना ममतानी, श्रृष्टि पटेल व विशाखा रोहरा तथा कक्षा पॉचवी में ऐश्वर्या केवट, काव्या सिंह, जानवी चांदवानी, कृष्णा शर्मा को सम्मानित किया गया। सम्मान क्रम मे कक्षा छठवीं से प्रथम वेदांश झामनानी, द्वितीय आर्यन रोचलानी व तृतीय डिम्पी गोविंदानी का सम्मान किया गया। कक्षा सात से पलक, आरुषी, श्रेया को व कक्षा 8 से वंशिका असरानी, सेजल विश्वकर्मा व दीपांशी जोतवानी को उनकी प्रतिभा का सम्मान किया गया। कक्षा नवमी से पियूष चैनानी, रितिका नारंग एवं रोशनी आहूजा को सम्मानित किया गया। इसी क्रम मे कक्षा 11वीं कामर्स संकाय से आयुष जियानी, याशिका सिरवानी और सुमति पोपटानी और विज्ञान संकाय से रोहित वाधवानी, आकाश पाण्डे को आकर्षक ट्रॉफी, गिफ्ट व प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शाला संचालक मोहन नागवानी संचालन समिति की भारती नागवानी, प्राचार्य आर.एल.निगम व समस्त शिक्षको की उपस्थिति रही।

**शिकागो पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा :** गत वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी शिकागो पब्लिक स्कूल का हाई एवं हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा दसवीं में नीति मूलवानी 96.6 प्रतिशत प्रथम, वंशिता नागवानी 94.2 प्रतिशत द्वितीय एवं इशांत रोचलानी 93.6 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में गणित संकाय में दिशा मूलवानी 88.4 प्रतिशत प्रथम, प्राची बजाज 88 प्रतिशत द्वितीय एवं इश्मीत सचदेव 87.6 प्रतिशत तृतीय रहे। जीव विज्ञान संकाय में माधुरी लोहानी 91.4 प्रतिशत प्रथम, अनंता आनंद 88.6 प्रतिशत द्वितीय और अन्या नागदेव 87.6 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में वेद प्रकाश लालवानी 88.8 प्रतिशत प्रथम खुशबू नागवानी 88.6 प्रतिशत द्वितीय व संचिता बजाज 87 प्रतिशत तृतीय रहे। कला संकाय से कौस्तुभी वर्मा 88 प्रतिशत प्रथम व अर्जिता पटेल 81.8 प्रतिशत से द्वितीय रहीं। विद्यालय का श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम का श्रेय शिक्षकों और छात्रों की मेहनत को जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को ढेर सारी बधाइयाँ देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी हैं।

## चडडा ऑटोनॉमस कॉलेज के बीसीए छात्रों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

**कटनी।** आर्टस एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के प्राचार्य डॉ जय चड्डा ने बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालयए जबलपुर द्वारा बीसीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें उक्त महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालयीन मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हुए तथा कटनी शहर का नाम रोशन करते हुए परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें बीसीए प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान साक्षी राय, द्वितीय स्थान फिरदौस नाज एवं तृतीय स्थान देवांश कुमार विश्वकर्मा, डिम्पल परयानी, सांई राम गुप्ता ने प्राप्त किए इसी प्रकार बीसीए द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान श्रेयांशी पटेल, द्वितीय स्थान योगेन्द्र चौरसिया, खुशी नामदेव एवं तृतीय स्थान महक नागवानी ने प्राप्त किया तथा बीसीए तृतीय वर्ष में प्रथम चारू डोडवानी, द्वितीय स्थान अंजना सोनी एवं तृतीय स्थान अनुज गुप्ता ने प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जय चड्डा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ दी तथा छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही साथ कम्प्यूटर एण्ड साईस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आराधना अग्रहरि, सहायक प्राध्यापक मुकेश गुप्ता, सहायक प्राध्यापक समीप श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक गगन गुप्ता, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती प्रियंका गुप्ता, सहायक प्राध्यापिका सुश्री किरण पाल, सहायक प्राध्यापिका सुश्री रोहिणी सिंह ठाकुर, सहायक प्राध्यापक अरुण कुमार चौधरी को श्रेष्ठ प्राध्यापन, उच्च कोटि की प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शैक्षणिक भ्रमण, श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण के लिए बधाईयाँ दीं।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सियामती पति स्व. राजधर शर्मा उम्र 88 वर्ष निवासी ग्राम डगडगपुर पो. मदरी थाना गढ़ तहसील सिरमौर जिला रीवा म.प्र. की निवासी हूं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि आधार कार्ड नं. 834716433961 यह कि राजधर शर्मा पिता स्व. अनुसुइया प्रसाद शर्मा मेरे पति थे जो शिक्षा विभाग में सहायक जि. शा. निरी. के पद से सेवानिवृत्त हो चुके थे जिनकी मृत्यु 15-5-24 में हो चुकी है। यह कि मेरे पति राजधर शर्मा के पी.पी.ओ. नं. 63180 में मेरा नाम सियावती लेख है जबकि मेरा आधार कार्ड क्र. 834716433961 में गलती से सियावती लेख कर दिया गया है। जो कि गलत है यह कि मेरा नाम सियामती पति स्व. राजधर शर्मा पढ़ा समझा व मान्य किया जाय।

आरएन-80593

**सियामती पति स्व. राजधर शर्मा**

## नाम एवं जन्म तिथि सुधार सूचना

मैं सर्विस नं 13634225 M RANK SEP राजीव कुमार उम्र 26 वर्ष पिता श्री लालमणि कुशवाहा ग्राम उमरी पो उमरी तहसील सिरमौर जिला रीवा म.प्र. 486448 शपथ पूर्वक कथन करता हू, कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम लाल मणि तथा जन्म तिथि 11/07/1975 एवं माता का नाम लक्ष्मी देवी जन्म तिथि 1981 दर्ज है जबकि मेरे पिता के आधार कार्ड में लालमणि कुशवाहा (जन्म तिथि 11-07-1974) तथा माता के आधार कार्ड मे लक्ष्मी कुशवाहा (जन्म तिथि 01-01-1981) दर्ज है जो सही है एवं सत्य है। मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड मे मेरे पिता का नाम लालमणि कुशवाहा जन्म तिथि 11.07.1974 माता का नाम लक्ष्मी कुशवाहा जन्म तिथि 01.01.1981 दर्ज किया जाये एवं पढ़ा लिखा जाना जाए।

आरएन-82233

**राजीव कुमार**
**सर्विस नं 13634225 M RANK SEP**


## किराए से देना है

रॉयल फौजी ढावा हनुमना बाईपास के पास जिला मऊगंज को किराए से देना है।
संपर्क करें : 6263010925

आरएन. 80590/(8/5)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


## पश्चिम मध्य रेल

**खुली निविदा इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी.पी.-78-2025 दिनांक 03.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** कटनी मुड़वारा स्टेशन पर ऑफ साइड प्लेटफॉर्म एग्जामिनेशन पर सीसी पाथवे का निर्माण। (कार्य का हिस्सा-जबलपुर-जबलपुर, सतना, कटनी मुड़वारा और रीवा स्टेशन में सुरक्षित संचालन परीक्षा सुविधाओं के उन्नयन का कार्य)।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 2,38,69,751/-, **बयाना राशि रूपयेः** 2,69,400/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 30/05/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथिः** 30/05/2025, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-79-2025 दिनांक 05.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर सब डिवीजन-हाउबाग न्यू कॉलोनी(एन.जी.) में भूमिगत टेंक व्यवस्था के साथ नई फिल्टर्ड जल पाइप लाइन का प्रावधान।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 1,22,47,837/-, **बयाना राशि रूपयेः** 2,11,200/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 30/05/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथिः** 30/05/2025। उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय, कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला-रीवा मध्यप्रदेश

क्रमांक 283 /भू-अर्जन/2025 — रीवा, दिनांक :- 29-04-2025

**आम सूचना का प्रकाशन/इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचति किया जाता है कि रीवा जिले के बाबूपुर आदिवासी बस्ती से बाबूपुर बस्ती मार्ग में गदही नाले पर जलमग्नीय पुल एवं पहुँचमार्ग निर्माण कार्य के लिए धारणाधिकार की भूमि की आवश्यकता होने से उपरोक्त भू-स्वामियों की भूमि क्रय हेतु विचारार्थ लिया गया है।

**ग्राम-बाबूपुर, तहसील-त्योंथर, जिला रीवा (म0प्र0)**

| क्रमांक | भूमि-स्वामी का नाम | खसरा नं0 | रकवा (हे0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | रामाश्रय पिता रामगरीब | 234/8 | 0.373 |
| 2 | रामनाथ पिता हिंगोली | 234/2 | 0.036 |
| 3 | रामनाथ पिता हिंगोली | 234/3 | 0.264 |

2- निम्न भूमि क्रय करने का प्रस्ताव प्रारूप-क में भू-धारक को उपलब्ध पश्चात् भू-धारक की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस आशय की सार्वजनिक सूचना जारी किया जा रहा है कि ऐसे भूमि धारकों (पूरा नाम व पता सहित) से परियोजना के लिये राज्य सरकार के संबंधित विभाग/उपक्रम के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि की स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत आगामी दिनांक 15-05-2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से आधार सहित कलेक्टर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

नियत अवधि में प्राप्त आपत्तियों के आधार पर कलेक्टर यदि भूमि का खंडित धारणाधिकार (Defectiuetitle) पाता है तो वह ऐसी भूमि को क्रय करने के लिए अग्रसर नही होगा। जारी सार्वजनिक सूचना की अवधि के पश्चात् तक यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होगा तो कलेक्टर भू-धारक से राज्य सरकार से संबंधित विभाग/उपक्रम के पक्ष में भूमि क्रय हेतु अग्रसर होगा।

(आज दिनांक 29-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है)

G- 12464/25

कलेक्टर,
जिला-रीवा (मध्यप्रदेश)

## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

Online percentage rate bids for the following works are invited from Registered Contractors and Reputed firm full filling registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | PAC (Rs. In Lakh) | EMD (in Rs.) | Cost of Bid Document Including GST (in Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ MPHID_ 420411_1 | Repair Work of DH1 and DH2 and New Construction of Toilet at Indira Gandhi Girls College Satna. | 26.06 | 50000/- | 5900/- | 06 (Six) Month I/C Rainy Season |
| 2. | 2025_ MPHID_ 406481_1 | Repair Work of Houses at Basant Vihar Colony Kripalpur Satna. | 9.19 | 18500/- | 2360/- | 06 (Six) Month I/C Rainy Season |

**Note :-** (1) Full details of the above tenders can be seen on **http://www.mptenders.gov.in** Amendments to NIT, if any, would be published on website only. (2) Cost of Tender form will be paid online Tender portal. (3) Tender will be purchase from **09.05.2025, 01.00 PM** and last Date of Purchase & Submission **26.05.2025, 05.00 Hrs.** (4) Tender will be Open at **28.05.2025, 11.00 AM.**

**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail : eednhbstn@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/119963/2025
/mphidb
/mphidb

**(Manoj Kumar Dwivedi)**
**E.E. MPHIDB, Div. Satna**
**Mob. : 9131194716**

## कार्यालय नगर परिषद चाकघाट जिला रीवा (म.प्र.)

No./428/न.प./2025/ — Chakghat, Date 11-04-25

निविदा
सेक्सन-1
ई निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद चाकघाट द्वारा निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत् ठेकेदार से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु आनलाईन निविदा एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 के आधार पर दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद चाकघाट से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| S.N. | Tender id | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_419893_1 | RCC DRAIN & PCC ROAD WARD NO 14 BABULU SINGH TO PANNA LAL PURV PARSAD NAVAL KE HOUSE KE AGE WARK | 1166716.00 LACK | 8750.00 | 2000.00 |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनॉक 28-04-2025 सायं 12:30 से दिनॉक 28.05.2025 सायं 05:30 तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

(विभव कुमार जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर परिषद चाकघाट
जिला रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार सिंह)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चाकघाट
जिला रीवा (म.प्र.)

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


लेकसिटी हॉस्पिटल
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त | ● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत निःशुल्क किए जा रहे हैं


### छात्रावासों में कोचिंग पढ़ाने हेतु अनुभवी शिक्षक करें आवेदन

**छतरपुर।** अनु. जाति महाविद्यालयीन सीनियर छात्रावासों में अंग्रेजी विषय एवं उत्कृष्ट छात्रावासों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषय के शासकीय संस्थाओं में अध्यापन कराने वाले योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के वर्ष 2025-26 के लिए छतरपुर जिले में संचालित शासकीय अनूसूचित जाति बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कोचिंग पढ़ाने के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग छतरपुर ने बताया कि 15 दिवस के अंदर कोचिंग पढ़ाने के इच्छुक शिक्षक सादा कागज पर संबंधित संस्था प्रमुख से सहमति, योग्यता का प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं अन्य योग्यता एवं शिक्षण कार्य का अनुभव प्रमाण सत्यापित छायाप्रति संबंधित प्राचार्य से अनुशंसा कराकर कर्यालयीन समय में जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय छतरपुर में जमा कराये।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रीवा खंड रीवा (म0प्र0)

निविदा सू0क्रं0 03/2025-26/लेखा/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/25 — रीवा, दि0 01.05.202025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(1) निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों जिनके पास स्वयं के स्वामित्व की ड्रिलिंग मशीन उपलब्ध हो, निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 05.05.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म कय प्रारम्भ तिथि 05.05.2025 टेण्डर फार्म कय की अंतिम तिथि 20.05.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 05.05.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 20.05.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 22.05.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाऐं, निर्धारित तिथि दिनांक 22.05.2025 को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :-

**रीवा जिले के खण्ड रीवा अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्डों में फास्ट ड्रिलिंग मशीन से 200 मि0मी0 व्यास के 90 मीटर गहरे सफल नलकूपों के खनन संबंधित सम्पूर्ण कार्य।**

| ई- टेण्डर नं0 | विकास खण्ड का नाम | समूह में नलकूपों की संख्या | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2025_PHED_420284_1 | रीवा (A) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420285_1 | रीवा (B) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420286_1 | रीवा (C) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420287_1 | रीवा (D) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420288_1 | रीवा (E) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420289_1 | गंगेव (A) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420290_1 | गंगेव (B) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420291_1 | गंगेव (C) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420292_1 | गंगेव (D) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420293_1 | गंगेव (E) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420294_1 | सिरमौर (A) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420295_1 | सिरमौर (B) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420296_1 | सिरमौर (C) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420297_1 | सिरमौर (D) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420298_1 | सिरमौर (E) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420299_1 | जवा (A) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420300_1 | जवा (B) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420301_1 | जवा (C) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420302_1 | जवा (D) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420303_1 | जवा (E) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420304_1 | रायपुर (A) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420305_1 | रायपुर (B) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420306_1 | रायपुर (C) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420307_1 | रायपुर (D) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_420308_1 | रायपुर (E) | 10 | 8.75 | 17500 | 1 माह | 2000.00 |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से ली जा सकती है। विस्तृत निविदा विभागीय वेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

G- 12475/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड,

## Notice Inviting Tender
### Government of Madhya Pradesh
**Office of the Executive Engineer**
**Public Health Engineering Department**
**Division, Rewa (M.P.)**

NIT No. 04 /EE/PHED/2025-26/REWA — Dated 02-05-2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No | Name of Work | District | Probable Amount of Contract (Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Category of Contractor | Period of Completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 421144 | Reinforced Cement Concrete Elevated Service Reservoirs (ESR) Design, Drawing, Construction, Testing and Commissioning of RCC Elecated Service Reservoir/Over Head Tank (ESR/OHT/ With all necessary fitting as mentioned in relevant chapter of USOR, IS Code and departmental guidelines, Complete turn key jog for following capacities with 12 meter staging height from GL:at **Sainik School Rewa (M.P.)** | REWA | 22.64 Lakhs | 45300.00 | 5000/- | Contractor registered under new centralized single registration system in M.P. Govt. | 6 (Six) Months excluding rainy season, thereafter, trial-un/commissioning after successful commissioning. |

Note:-
01. On Line Tender Purchase date 05.05.2025 to 20.05.2025
02. One Line Bid Submission Date 05.05.2025 to 20.05.2025
03. On Line Opening of Envelope-A and Financial Bid Envelope-C dt. 22.05.2025

G- 12476/25

**Executive Engineer**
**PHE Division, Rewa (M.P.)**

# अमिलिया में संचालित प्रायवेट हॉस्पिटल सील

**जागरण कार्यवाही**

## सीएमएचओ ने औचक निरीक्षण में की कार्यवाही

### निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मिलीं कई अनियमितताएं




**जागरण, सीधी**

जिला स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने आज अमिलिया में संचालित अष्टभुजा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर का औचक निरीक्षण करने के पश्चात भारी नियमितताएं मिलने पर मौके पर ही हॉस्पिटल को सील करा दिया। जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर प्रायवेट हॉस्पिटल के सील करने की कार्यवाही के बाद मनमानी तौर पर अस्पताल एवं क्लीनिक संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया है। दरअसल शिकायत मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे ने आज अमिलिया पहुंचकर अष्टभुजा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन 31 मार्च 2025 के बाद समाप्त हो जाने के बाद भी चोरी-छिपे चलता था। उत्तर प्रदेश से डॉक्टरों को विजिट पर बुलाया जाता था। उस दौरान मरीजों को देखने की पूरी कार्यवाही हॉस्पिटल में होती थी। हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन समाप्त हो जाने के बाद भी इसका रिनुअल कराने की जरूरत नहीं समझी जा रही थी। अस्पताल में अन्य कई अनियमितताएं भी पाई गई, जिसके बाद उसे मौके पर ही पंचनामा तैयार कर सील कर दिया गया। पंचनामा कार्यवाही में कहा गया है कि आज दिनांक 7 मई को सुबह 11:30 बजे अष्टभुजा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर अमिलिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल के मुख्य द्वार पर अस्पताल बंद है की सूचना चस्पा थी। अस्पताल बिना पंजीयन नवीनीकरण कराए संचालित न की जाए इसकी सूचना अस्पताल संचालक को ई-मेल द्वारा दी गई है। अस्पताल के सील करने के दौरान कई लोग उपस्थित रहे। उधर चर्चा के दौरान कुछ लोगों का कहना था कि अस्पताल का संचालन आरंभ से ही मनमानी तौर पर किया जा रहा है। जिसको लेकर शिकायतें बनी हुई थी। अस्पताल में बाहरी डॉक्टरों का विजिट कराकर मरीजों का उपचार कराने की औपचारिकताएं निभाई जा रही थी। 31 मार्च 2025 तक ही अस्पताल का रजिस्ट्रेशन वैध था। इसके बाद इसका रिन्युअल कराने की जरूरत नहीं समझी गई। कार्यवाही से बचने के लिए अस्पताल के मुख्य द्वार में अस्पताल बंद है का सूचना पत्र चस्पा कर दिया गया। इसके बाद बाहरी डॉक्टरों का विजिट होने के बाद अस्पताल को खोलकर मरीजों को देखने एवं परीक्षण कराने की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती थी। इस तरह की शिकायत बनी हुई थी। जिसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी बीच-बीच में दी जा रही थी। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आज सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे ने औचक निरीक्षण करने के साथ ही मौके पर ही उक्त प्रायवेट हॉस्पिटल को सील कराने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करा दी।

### झोलाछाप डॉक्टरों के संचालित हैं अवैध क्लीनिक

जिले में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही न होने से उनके हौंसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। सालों से अभियान चलाकर कथित डॉक्टरों पर कोई कार्यवाही न होने से अब तो स्थिति यह है कि झोला छाप डॉक्टर अपने नाम के आगे डॉक्टर लिख कर अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन मुख्य बाजार एवं मुख्य सड़कों के किनारे भी करने से भी खौफ नहीं खा रहे हैं। उक्त कथित डॉक्टरों द्वारा मरीजों से ज्यादा से ज्यादा पैसे ऐंठने के लिए इंजेक्शन, बाटल के साथ ही पैथालॉजी जांच भी अवैध रूप से करने में कोई गुरेज नहीं किया जा रहा है। जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में ही जिस तरह से कुछ सालों के अंदर अवैध क्लीनिकों का संचालन बढ़ा है उसके कारण आम जन भी काफी हैरत में हैं। चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने कहा कि पूर्व में झोलाछाप डॉक्टर गांव में घूमकर चोरी-छिपे मरीजों का इलाज करते थे। उस दौरान उनको खौफ रहता था कि शिकायत होने पर कार्यवाही हो जाएगी। यहां तक कि पुलिस भी मामला पंजीबद्ध कर जेल भेज देगी। अब तो स्थिति यह है कि झोलाछाप डॉक्टर बड़ी-बड़ी क्लीनिकें संचालित कर रहे हैं और उनको क्षेत्र में लोग डॉक्टर के नाम से जानते हैं। बिना डिग्री के ही रातों-रात डॉक्टर बनने वालों की संख्या काफी तेजी के साथ सीधी जिले में बढ़ रही है। इन डॉक्टरों के इलाज करने का तरीका भी काफी अनूठा है। कोई भी मर्ज हो उसका उपचार करने के लिए यह तैयार रहते हैं। झोलाछाप डॉक्टर ज्यादा से ज्यादा कमाई करने के लिए अपनी अवैध क्लीनिकों में दवाओं का स्टॉक भी भरपूर रखते हैं। मरीजों को यह दवाइयां देकर मनमानी कीमतें वसूलते हैं।

> उत्तर प्रदेश के डॉक्टर को बुलाकर अमिलिया में संचालित अष्टभुजा प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज किया जा रहा था। साथ ही रजिस्ट्रेशन भी हॉस्पिटल का समाप्त हो चुका था। स्वास्थ्य विभाग भोपाल के द्वारा आदेशित किया गया है कि मनमानी तौर पर संचालित समस्त प्रायवेट हॉस्पिटल पर कार्यवाही की जाय। निरीक्षण के दौरान जिन प्रायवेट हॉस्पिटलों में कमियां मिलें उन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित किया जाए। जल्द ही झोलाछाप डॉक्टरों पर भी कार्यवाही की जाएगी।
>
> **डॉ. बबीता खरे, सीएमएचओ**
> **जिला स्वास्थ्य विभाग सीधी**

# सुविधा शुल्क न मिलने पर प्रमाण पत्र के आवेदन हो जाते हैं खारिज

## तहसील गोपद बनास के लिपिक का चल रहा राज

### पीड़िता ने लगाया सुविधा शुल्क मांगने का आरोप



**जागरण, सीधी**

जिले के तहसील गोपद बनास में पदस्थ एक लिपिक की मनमानी चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क लिए उसके द्वारा कोई भी प्रमाण पत्र बनवाने की कार्यवाही नहीं की जाती। उक्त लिपिक के पास ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की कार्यवाही कराने का जिम्मा है। समीपी ग्राम पनवार चौहानन टोला निवासी कन्या कुमारी मिश्रा ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि उसके द्वारा अपनी पुत्री प्राची मिश्रा एवं पुत्र गौरव मिश्रा के ईडब्ल्यूएस के लिए आवेदन पत्र लोक सेवा केंद्र के माध्यम से 11 अप्रैल 2025 को दिया गया था। जिसमें प्रमाण पत्र देने की तिथि 7 मई 2025 नियत थी। आवेदन देने के बाद जब तहसील के ईडब्ल्यूएस साखा लिपिक श्यामलाल केवट से संपर्क किया गया तो उसके द्वारा 5 हजार रुपए की मांग की गई। जब लिपिक को बताया गया कि उसके पास पैसा नहीं है, लेकिन नियम के अनुसार समूचे दस्तावेज संलग्न हैं। यह सुनकर लिपिक द्वारा कहा गया कि मुझसे अधिकारी प्रति प्रमाण पत्र पैसा मांगते हैं तो मैं कहां से दूंगा। जब पैसा नहीं दिया गया तो दोनो आवेदन पत्रों को 5 मई 2025 को खारिज कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने कहा है कि एक आवेदन पत्र को तैयार कराने और रिपोर्ट लगवाने में कई दिनों की मेहनत के साथ ही सैकड़ों रुपए लगते हैं। फिर भी लिपिक को सुविधा शुल्क न मिलने से आवेदन खारिच हो जाते हैं। पीड़िता कन्या कुमारी मिश्रा ने आज उक्त शिकायती पत्र कलेक्टर कार्यालय में भी देकर कार्यवाही की गुहार लगाई गई है।

## बालात्संग के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** 6 माह से फरार बालात्संग के आरोपी को मझौली पुलिस ने 1500 किलोमीटर दूर सूरत गुजरात से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे तथा थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल के नेतृत्व मे मझौली पुलिस ने 6 माह से फरार बालात्संग के आरोपी को सूरत गुजरात से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 21 नवंबर 2024 को नाबालिक फरियादिया थाना उपस्थित आकर इस आशय का आवेदन प्रस्तुत की कि आरोपी श्यामसुन्दर गुप्ता पिता तीरथ प्रसाद गुप्ता निवासी मझौली का दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को समय करीबन 5:30 बजे जब वह अपने घर के बाहर बने शौचालय में शौच करने के लिए जा रही थी। तो उसी वक्त आरोपी आया और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया एवं गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दिया। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना मझौली में प्रथम दृष्टया धारा 64, 296, 351(3) बीएनएस एवं 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाता है। विवेचना दौरान आरोपी की पता तलास की गई जो फरार हो गया था जिसके कारण आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपये का ईनाम की उद्घोषणा की गई है। आरोपी लगातार अपना स्थान को बदल रहा था जिसे कड़ी मेहनत कर गुजरात के सूरत जिला से हिरासत मे लिया गया था। उक्त आरोपी से पूंछतांछ कर दिनांक 6 मई 2025 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी मे थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक दीपक बघेल, सउनि कमलेश त्रिपाठी, प्रआर धीरेन्द्र सिंह बागरी, आरक्षक शंकरराज सिंह परिहार एवं सायबर सेल सीधी प्रआर आनंद कुशवाहा, आरक्षक प्रदीप मिश्रा, आरक्षक कृष्णमुरारी द्विवेदी का अहम योगदान रहा।

## विंध्य एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल चुरहट ने मारी बाजी



**जागरण, चुरहट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाई एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया जिसमे एक बार फिर से चुरहट क्षेत्र की अग्रणी संस्था विंध्य एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल चुरहट ने बाजी मारी। हाई एवं हायर सेकेंडरी में शत प्रतिशत परिणाम के साथ पूरे क्षेत्र में आर्यन तिवारी 12 वी 91.8 प्रतिशत प्रथम एवं कार्तिकेय पटेल 10 वी से 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किए हैं। इसके अलावा कक्षा दसवीं से 21 विद्यार्थियों ने इस प्रतिस्पर्धा में 90 प्रतिशत से ऊपर रिजल्ट प्राप्त किया जो अपने आप में एक विशाल उपलब्धि है। वहीं कक्षा 12 वीं से 7 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट प्राप्त किए। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक बालेंद्र मिश्रा, प्राचार्य कृपा शंकर द्विवेदी सहित समस्त शिक्षकों शशि रंजन मिश्रा, मुकेश द्विवेदी, सत्यम सोनी, राजकुमारी शुक्ला, संगीता सिंह, सीमा सिंह, पुष्पा पटेल, आरती द्विवेदी, अमृता सिंह, अमृतलाल पटेल, राज पटेल आशीष गुप्ता, विपुल पाण्डेय, शैलेंद्र पटेल, सुनील पटेल, रवि कृष्णा द्विवेदी, एनपी राणा, राधा सिंह, डांस टीचर, खुशबू अग्निहोत्री, प्रांजू मिश्रा, शीला पटेल, रचना शुक्ला, अमर पाण्डेय, स्वेच्छा गुप्ता, प्रिया सिंह, निभा तिवारी, मोहिनी पाण्डेय, प्रभा कुशवाहा, कमलेश पाण्डेय संगीत शिक्षक ने खुशी जाहिर की एवं बधाई दी।

**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# मझौली थाना के करमाई में आयोजित हुई जन चौपाल

## जिले के 5 ग्रामों में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित

### डिजिटल अरेस्ट व अन्य अपराधों से बचने हेतु दी गई जानकारी



**जागरण, सीधी**

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, रीवा गौरव राजपूत की मंशानुरुप पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल के नेतृत्व में मझौली पुलिस द्वारा ग्राम करमाई में जन चौपाल का आयोजन किया गया। एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर ने जन चौपाल में आये नागरिको को सम्बोधित कर जन चौपाल में वार्ता को प्रारम्भ किया और साइबर अपराध के बारे में बताया कि किस प्रकार हमारे भौतिक जीवन के साथ एक अदृश्य साइबर जगत भी समानान्तर रूप से चल रहा है। इसलिए हमें आधुनिक तकनीक तथा मोबाइल एवं इंटरनेट का बड़ी सावधानी पूर्वक उपयोग करना है। साथ ही डिजिटल अरेस्ट व अन्य अपराधों से बचने हेतु जानकारी दिए कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता यदि आपके साथ कभी ऐसी स्थिति बनती है तो तुरत नजदीकी थाने में संपर्क कर पुलिस को अवगत कराए। अपनी निजी जानकारियां जैसे बैंक खाता संबंधित गोपनीय जानकारी एवं ओटीपी किसी को न बताये। सावधान रहे सुरक्षित रहे तथा महिला एवं बालक/मालिकाओं पर घटित होने वाले अपराधो व घरेलू हिंसा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं अपराधों की रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले तरीकों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं अन्य आवश्यक जानकारिया दी गई। इसी क्रम में थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल ने नशामुक्ति हेतु आमजन से अपील किया गया कि जो लोग किसी भी प्रकार का नशा का सेवन करते हैए सर्वप्रथम स्वयं को नशा मुक्त करें। आज समाज में नशा ने बहुत अव्यवस्था फैलाई है जिसके कारण नित नये अपराध हो रहे है जो आने वाले समय में और भी भयंकर हो जायेगा इसलिए इसके समूल नाश के लिए हमें आपको मिलकर काम करना पढ़ेगा जिसके लिए नशे के व्यापारियों के बारे में गुप्त जानकारी देकर उन पर कार्यवाही करवाते हुए समाज कि गंदगी को साफ करने में सहयोगी बने। इस अवसर पर नागरिकों ने भी अपनी समस्याये रखी जिनका यथा उचित निराकरण किया गया तथा अपने विचार एवं प्रश्न रखेए जिनका समाधान अधिकारियों द्वारा तत्परता से किया गया। कार्यक्रम के अंत में मझौली पुलिस ने आवश्यकता होने पर आमजन को पुलिस से संपर्क स्थापित करने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम सीधी तथा थाना मझौली के मोबाइल नंबर दिए एवं आमजन से कुशलक्षेम जानकर सभा का विसर्जन किया। जन चौपाल में एसडीओपी कुसमी, थाना प्रभारी मझौली मय स्टाफ एवं ग्राम सरपंच उप सरपंचए ग्राम सचिवए गणमान्य नागरिक गण तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी मेमो. हाई स्कूल का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट



**जागरण, सेमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मंगलवार को जहां कक्षा 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट घोषित किया वहीं कक्षा दसवीं में महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ सेमरिया के छात्रों ने बाजी मारी है। जानकारी के मुताबिक महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ सेमरिया के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए है। नमन पाण्डेय विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किए हैं, वही सरिता कुशवाहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं तक पहुंचाया है और शुभम सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किए हैं। इस तरह महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ सेमरिया का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के संचालक श्रीकांत तिवारी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व की बात है और छात्रों की मेहनत और लगन का परिणाम है। महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ सेमरिया के छात्रों की इस उपलब्धि से स्कूल का नाम रोशन हुआ है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य एलके गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी है और आगे की योजना के बारे में बताया है। हमें उम्मीद है कि स्कूल के छात्र भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करेंगे।

## कांग्रेस को अपनी भारतीय सेना पर गर्व है: पंकज



**जागरण, सीधी।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं ने संयुक्त रूप से चलाए अपने ऑपरेशन में बीते मंगलवार बुधवार की आधी रात को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के उपाध्यक्ष एवं अतीत में भारतीय थल सेना के जवान रहे पंकज सिंह ने कहा कि हम अपनी भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं। जिन्होंने श्ऑपरेशन सिंदूरश् के तहत पाकिस्तान पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। पंकज ने आगे कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने साफ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति स्पष्ट और अडिग है। उन्होंने कहा कि महान भारत देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस पार्टी देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत दी है। ये बात देश और दुनिया को मालूम है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने अंत में कहा कि पूरा कांग्रेस संगठन हमारे सैनिकों को देश की रक्षा, एकता और आजादी को महफूज रखने के लिए पूरा समर्थन दे रहा है। पूरा देश सेवा के साथ खड़ा है।

**कार्यालय नगर परिषद चुरहट जिला-सीधी (म.प्र.)**

Mail id - cmomajholisidhi@mpurban.gov.in

क्र./ 583/न.प./निर्माण/2025 चुरहट, दिनांक 05/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है:-

| क्र | ऑनलाइन निविदा क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2.कार्य की लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_420346_1 Date- 02.05.2025 | वार्ड क्रमांक 06 से सुरेश के घर से (दादर) में सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह Rs, 7,31,581=00 | Rs. 2000 Rs. 7,315 | 30.05.2025 |
| 2. | 2025_UAD_420447_1 Date- 02.05.2025 | वार्ड क्रमांक 09 नहर से दरोगा पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 02 माह Rs, 10,68,160=00 | Rs. 2000 Rs. 10,680 | 30.05.2025 |
| 3. | 2025_UAD_420474_1 Date- 02.05.2025 | वार्ड क्र. 07 में श्री रामसुमिरन कोल के घर से श्री बड़का कोल के घर तक डबल्यू. बी.एम. रोड निर्माण कार्य। | 02 माह Rs, 8,47,796=00 | Rs. 2000 Rs. 8,477 | 30.05.2025 |
| 4. | 2025_UAD_421052_1 Date- 02.05.2025 | कायाकल्प 2.0 अन्तर्गत कंक्रीट सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 02 माह Rs, 58,63.762=00 | Rs. 10,000 Rs. 43,978 | 12.05.2025 |
| 5. | 2025_UAD_421065_1 Date- 02.05.2025 | चुरहट के मुख्य मार्ग के दोनो तरफ आर.सी.सी. कव्हर्ड नाला निर्माण कार्य। | 06 माह Rs, 35,80,984=00 | Rs. 12000 Rs. 26,857 | 03.06.2025 |
| 6. | 2025_UAD_421075_1 Date- 02.05.2025 | विभिन्न स्थानों में कव्हर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 06 माह Rs, 1,12,70,032=00 | Rs. 12,000 Rs. 56,350 | 03.06.2025 |
| 7. | 2025_UAD_421075_1 Date- 02.05.2025 | * पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। (1) नेहरू तिराहा से थाना होते हुये स्टेडियम तक। (2) नेहरू तिराहा से सर्रा बाईपास तक। (3) नेहरू तिराहा से तहसील कार्यालय तक सड़क के दोनो तरफ पेव्हर ब्लाक लगाने का कार्य। | 06 माह Rs, 1,60,96,204=00 | Rs. 12000 Rs. 80, 481 | 03.06.2025 |

1. ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा में संशोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संशोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।
3. संभागीय अधीक्षण यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग रीवा का पत्र क्रमांक 424 रीवा दिनांक 23.02.2024 अनुसार दिशा निर्देश का पालन किया जाएगा।
4. कार्य के देयक भुगतान पूर्व संविदाकार को कांक्रीट कार्य का शासकीय इंजीनिरींग कालेज से कोर कंटिंग टेस्ट रिपोर्ट प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. ऐसे संविदाकार जिनके द्वारा टेण्डर अवार्ड होने पर समयावधि में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से अनुबन्ध निष्पादित नहीं किया गया है तथा ऐसे संविदाकार जो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी कार्य हेतु अनुबंधित है एवं उनके द्वारा कार्यादेश की समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, ऐसे संविदाकार निविदा प्रकिया में भाग नहीं ले सकेंगे। ऐसे संविदाकार द्वारा निविदा प्रकिया में भाग लेने की स्थिति में उनकी अमानत राशि राजसात करते हुये उन्हे निविदा प्रतिस्पर्धा से बाहर किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद चुरहट**
**जिला-सीधी (म.प्र.)**

## विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न

**जागरण, सीधी।** विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी की बैठक दिनांक आज दिनांक 7 मई को संपन्न हुई। बैठक के दौरान आठवें वेतनमान में पेंशनर को लाभ न दिए जाने का विरोध जताया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा फेसलेस को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता का आदेश जारी कर दिया गया, परंतु मध्य प्रदेश सरकार आज दिनांक तक महंगाई भत्ते के लिए आदेश जारी नहीं किया। इसी प्रकार जब-जब महंगाई भत्ता भारत सरकार बढ़ती है नियत दिनांक से मध्य प्रदेश सरकार महंगाई भत्ता का आदेश नहीं करती है। बल्कि 8 से 10 महीने तक का महंगाई भत्ता रोक कर आदेश जारी करती है। महंगाई भत्ता समय पर न मिलने के कारण पेंशनर्स में काफी आक्रोश है। 79 वर्ष पूर्ण होने के बाद 20 प्रतिशत का लाभ पेंशनर्स को मिलना चाहिए, जबकि 80 प्रतिशत कंप्लीट होने के बाद 20 प्रतिशत का लाभ दिया जाता रहा है। विद्युत पेंशनर सहित रक्षक के प्रयास से उच्च न्यायालय के निर्देशन पर विद्युत टेस्ला को इसका लाभ प्रदान किया गया। 80 वर्ष के बाद 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन का लाभ 79 वर्ष पूर्ण होने के बाद लाभ दिया गया। जिन पेंशनर्स ने अपनी पेंशन के आधार पर लोन लिया था जिसकी कटौती 15 वर्ष के लिए निर्धारित थी उसकी कटौती 10 वर्ष 8 माह तक उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आधार पर 15 वर्ष के स्थान पर 10 मार्च 8 माह तक की कटौती का आदेश प्रसारित कराया गया।

# मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

## मेधावी छात्रों को भेंट की गई प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक



**जागरण, सीधी**

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 में प्रदेश की मेरिट में स्थान पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। हाई स्कूल में 9 विद्यार्थी कु. मानसी साहू, अभिमान द्विवेदी, उज्ज्वल पाण्डेय, आशिम रंजन मिश्रा, कुं. समीक्षा पाण्डेय, अभिषेक कुमार द्विवेदी, सुयश तिवारी, आदित्य पाण्डेय, प्रग्यांस उपाध्याय एवं हायर सेकेण्डरी में 5 विद्यार्थी दिव्यांशु तिवारी, अभय सिंह, प्रिन्स गुप्ता, कु. रिया गुप्ता, अंश तिवारी कुल 14 विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट में स्थान प्राप्त किये है। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को अपने विचार एवं सफलता का रहस्य बताने को कहा गया। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के बारे में चर्चा हुई। कलेक्टर ने बताया कि आप की समस्या का समाधान आपके ही पास है। अभ्यास अच्छे से करिये। बार-बार का अभ्यास करने से अवश्य ही सफलता मिलेगी। कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। क्या पढ़ना है यह तो आवश्यक है। परन्तु इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्या नहीं पढ़ना है। प्रतियोगी परीक्षाओं में यह आवश्यक होता है। लिखने का अभ्यास अधिक से अधिक करना चाहिये। लक्ष्य निर्धारित करिए और उसी पर ध्यान दीजिए। छात्र दिव्यांश तिवारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार के दबाव को झेलने की बात की जिसके उत्तर में कलेक्टर ने बताया कि कोई दबाव नहीं लेना है। सामान्य बने रहना है। उत्तर यदि नहीं बनता है तो उसे स्वीकार कर लेना चाहिए। इधर-उधर के उत्तर से कमी स्वीकार करना बेहतर होता है। सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक भेट की गई। कार्यक्रम में विजय सिंह, राकेश सिंह, रामकृष्ण तिवारी जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला, विजय सिंह उत्कृष्ट विद्यालय, एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्र, जिला शिक्षा केन्द्र से विष्णु पाण्डेय, पथरौला से शैलेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, बालेन्दु शेखर दुबे, परीक्षा कक्ष से लालबहादुर सिंह, मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता, विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# अधिकारों के मनमाने उपयोग पर लगाम लगाए ईडी

> अतिरिक्त महाधिवक्ता के ताजा बयान से उम्मीद बनी है कि ईडी अपनी कार्रवाइयों में कुछ सतर्कता और कानूनी मूल्यों का ध्यान रखेगी, न कि केवल अपने अधिकारों का मनमानी उपयोग करेगी।

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्रवाइयों को लेकर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी कुछ मौकों पर उसके अधिकारियों को फटकार लगा चुका है कि वे धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारियां तो खूब करते हैं, पर उनमें दोषसिद्धि की दर बहुत कम है। इससे उनकी कार्रवाई पर संदेह होता है। हालांकि अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने अनेक मौकों पर अदालतों में ईडी का बचाव किया है, मगर उन्होंने भी खुद प्रवर्तन निदेशालय के स्थापना दिवस के मौके पर उसके अधिकारियों को नसीहत दी कि धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारियों में संयम बरतें। शुरुआती चरण में ही गिरफ्तारी न करें। गंभीरता से जांच करने के बाद ही गिरफ्तारी का विचार करें और उसका आधार प्रस्तुत करें, नहीं तो अदालतों में उन्हें बेहतर नतीजे नहीं मिल पाएंगे। मगर इसके साथ ही, यह भी देखने की बात होगी कि ईडी अपने को सरकारी दबाव से किस हद तक मुक्त कर पाती है। अतिरिक्त महाधिवक्ता की इस नसीहत की वजह समझी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में ईडी ने धनशोधन से जुड़े मामलों में बहुत तेजी से कार्रवाइयां की हैं। थोड़े-थोड़े अंतराल पर उसकी छापेमारी चलती रहती है। यही वजह है कि करीब नौ वर्षों में उसने सवा पांच हजार से अधिक मामले दर्ज कर लिए। उनमें से ज्यादातर मामलों में गिरफ्तारियां भी हुईं। मगर दोषसिद्धि केवल चालीस मामलों में हो पाई है। यह भी छिपी बात नहीं है कि जांच एजेंसियों की कार्रवाइयों के पीछे केंद्र सरकार का दबाव रहा है, जिसके चलते ज्यादातर छापेमारियां और गिरफ्तारियां विपक्षी दलों से जुड़े लोगों के खिलाफ हुई हैं। इसलिए इन कार्रवाइयों को लेकर सत्तापक्ष लगातार विपक्ष के निशाने पर रहा है। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने ईडी अधिकारियों को सीख दी है कि वे केवल मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी का आधार न बनाएं। यही बात सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष एक मामले की सुनवाई के वक्त कही थी। मगर उस पर ईडी की दलील थी कि धनशोधन निवारण कानून की धारा पचास के तहत उसे मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी का अधिकार प्राप्त है। मगर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत से बाहर उसी दलील के उलट पाठ पढ़ाया है कि कई बार लोग गिरफ्तारी के डर से कुछ बातें कबूल कर लेते हैं, पर बाद में अदालत के सामने अपने बयान से मुकर जाते हैं। दरअसल, भ्रष्टाचार रोकने के मकसद से धनशोधन निवारण कानून में बदलाव कर प्रवर्तन निदेशालय को काफी हद तक मुक्तहस्त बना दिया गया है। गिरफ्तारियों से संबंधित कानूनों को काफी लचीला बना दिया गया है। कई मामलों में ईडी को गिरफ्तारी के लिए इजाजत लेने या इत्तिला करने की जरूरत नहीं रह गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन माना था, मगर ईडी ने अपने अधिकारों को ज्यादा तरजीह दी है। अतिरिक्त महाधिवक्ता के बयान से उम्मीद बनी है कि ईडी अपनी कार्रवाइयों में कुछ सतर्कता और कानूनी मूल्यों का ध्यान रखेगी। यह भी देखना है ईडी सरकारी दबाव से किस हद तक मुक्त कर पाती है।

# दुनिया भर के बाजारों में भरा दिखेगा चीनी माल

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार



> चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा, इसलिए चीन निश्चित रूप से अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाजारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं।

**डा. अश्विनी महाजन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रम्प ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम दंडात्मक टैरिफ भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रम्प द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाजारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125 फीसदी कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।' हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग का मतलब है कम दामों पर सामान बेचना। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में डंपिंग तब होती है, जब कोई देश या कंपनी अपने घरेलू बाजार की तुलना में विदेशी बाजार में कम कीमत पर उत्पाद का निर्यात करती है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण के जीते जागते उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्यूमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है, जबकि एल्यूमीनियम पन्नी पर छह महीने का अस्थायी शुल्क लगाया गया है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा, इसलिए चीन निश्चित रूप से अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारी सब्सिडी बाजार की कीमतों को विकृत करती है और अनुचित प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है।

चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में, ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाजारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। इन उद्योगों की कई विनिर्माण इकाइयां चीनी डंपिंग के कारण बंद होने की कगार पर पहुंच गईं। और सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। हालांकि भारत सरकार का दावा है कि वह वैश्विक बाजारों में उभरती स्थितियों पर कड़ी नजर रख रही है, लेकिन उद्योग चीन द्वारा संभावित डंपिंग प्रयासों से सभी चिंतित हैं। यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है जिनके माध्यम से चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां भारत ने डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत उपलब्ध कई व्यापार उपायों का उपयोग किया है, जिसमें एंटी-डंपिंग शुल्क और सुरक्षा उपाय शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4 प्रतिशत बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7 प्रतिशत घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

लंबे समय से चीन से आयात भारत की विनिर्माण यात्रा को प्रभावित कर रहा है और विनिर्माण, जो 1990-91 में सकल घरेलू उत्पाद का 19.6 प्रतिशत प्रदान करता था, 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में 14.27 प्रतिशत का योगदान देगा। यह भारत की विकास आकांक्षाओं के लिए खतरे की घंटी है।

अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा।

# कनाडा में बदलाव आया, भारत के लिए अवसर

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति



> जगमीत सिंह की हार को ज्यादा बड़े राजनीतिक संदेश की तरह देखा जा रहा है। भारतवंशी मतदाताओं द्वारा दिया गया संदेश बिल्कुल स्पष्ट है- अपनी लड़ाई में हमें इस्तेमाल करना बंद करें। हम आपके द्वारा इस्तेमाल होने वाली चीज नहीं हैं। यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। इस बार भारतवंशियों ने अपने इस्तेमाल होते जाने के सिलसिले को पलट दिया।

**प्रभु चावला**

लोकतांत्रिक रंगमंच में बहुत कम आयोजनों ने इतनी उत्सुकता जगायी, जितनी कि हाल ही में कनाडा के संघीय चुनाव में जगी। वैश्विक आर्थिक झटकों और राष्ट्रवादी गर्वोक्तियों की पृष्ठभूमि के चुनावी मुकाबले में विनीत टेक्नोक्रैट से लिबरल पार्टी के नेता बने मार्क कार्नी को मामूली जीत हासिल हुई। कनाडा के इस चुनाव में सिर्फ घरेलू राजनीति मुद्दा नहीं थी। इस चुनाव में पार्टी और प्रत्याशियों के प्रदर्शन को देखा गया। पियरे पॉलिएव के नेतृत्व में कंजर्वेटिव्स ने धूम-धड़ाके के साथ चुनाव अभियान की शुरुआत की थी, पर आखिर में पार्टी को शर्मनाक ढंग से बाहर होना पड़ा। विवादों में रुचि होने, अलगाववादी तत्वों से जुड़ने और भारतीय हिंदुत्व के साथ खड़े होने के रहस्य भरे प्रयास के कारण कार्नी को मध्यमार्गी विचारधारा वाले मतदाताओं का समर्थन मिला।

लेकिन जिस शख्सियत के लिए चुनावी नतीजा सबसे अफसोसनाक रहा, वह जगमीत सिंह हैं। एनडीपी का यह खालिस्तान समर्थक नेता, जिसे लंबे समय तक कनाडा के सिखों की भावनाओं का प्रतीक माना जाता था, बर्नाबी सेंट्रल की अपनी सीट भी हार गया। उनकी पार्टी की सीटों का आंकड़ा 25 से घटकर एक अंक तक सिमट गया और 1993 के बाद पहली बार पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी का आधिकारिक दर्जा भी छिन गया। जगमीत सिंह की भारत-विरोधी टिप्पणियां, जिनमें खालिस्तानी अलगाववाद को समर्थन देने के अलावा 2023 में हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की तीखी आलोचना भी थी, भले ही समान विचारधारा वाले लोगों के बीच सुनी जाती रही हों, लेकिन चुनाव में इससे पार्टी को भारी नुकसान हुआ।

मतदाताओं ने भड़काऊ टिप्पणियों के बजाय शांति को और शिकायत की जगह प्रशासनिक सोच को तरजीह दी। अपनी सारी प्रतीकात्मकता के बावजूद जगमीत सिंह मुख्यधारा की राजनीति में विफल साबित हुआ। अलबत्ता जगमीत सिंह की हार को ज्यादा बड़े राजनीतिक संदेश की तरह देखा जा रहा है। भारतवंशी मतदाताओं द्वारा दिया गया संदेश बिल्कुल स्पष्ट है- अपनी लड़ाई में हमें इस्तेमाल करना बंद करें। हम आपके द्वारा इस्तेमाल होने वाली चीज नहीं हैं। हम कनाडा के नागरिक पहले हैं, भावना का मामला उसके बाद आता है। यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। वर्षों से भारतीय राजनीतिक वर्ग कनाडा के प्रवासी भारतीय समुदाय को सॉफ्ट पावर टूल की तरह इस्तेमाल करता था। लेकिन इस बार के चुनाव में भारतवंशियों ने अपने इस्तेमाल होते जाने के सिलसिले को पलट दिया। नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में मतदाताओं ने कार्नी के सतर्क राष्ट्रवाद का रास्ता चुना। इस स्थिति ने भारत-अमेरिका-कनाडा के रिश्तों को उलझा दिया है।

भारत के लिए इस चुनाव को एक अवसर की तरह देखा जाना चाहिए। जगमीत सिंह के राजनीतिक परिदृश्य से लगभग अदृश्य हो जाने और उनकी पार्टी एनडीपी को उसका कद दिखा दिये जाने के बाद कनाडा के भारतवंशियों की राजनीति से भारत-विरोधी शिकायत और रुखापन गायब हो गया है। ब्रैम्प्टन में बॉलीवुड फेस्टिवल, दिल्ली में व्यापार सम्मेलन और भारत-कनाडा यूनिवर्सिटी फेलोशिप जैसे कार्यक्रम ही द्विपक्षीय रिश्तों की ठोस बुनियाद हो सकते हैं। कार्नी आक्रामक नहीं हैं, न ही वह आवेशपूर्ण राजनीति करते हैं। इस कारण वह नरेंद्र मोदी के आदर्श प्रतिपक्षी हो सकते हैं। कार्नी की प्रमुख चुनौती ट्रंप की अविश्वसनीय और अप्रत्याशित राजनीति से सामंजस्य बिठाने की होगी। ऐसे ही भारत की चुनौती कार्नी की मध्यमार्गी राजनीति के साथ सजग तालमेल बिठाते हुए उन संशयवादी भारतवंशियों को रास्ते से दूर करने की है, जो अब तक खुद को द्विपक्षीय संबंधों के स्वयंभू राजदूत समझते आये थे।

उम्मीद करनी चाहिए कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र की आमसभा में मोदी और कार्नी के बीच की गर्मजोशी महज औपचारिकता नहीं होगी। यह दोतरफा कूटनीति में नयी शुरुआत होगी, जिसकी बुनियाद जलवायु सहयोग, आतंकवाद-विरोध, साइबर नीति और स्वच्छ तकनीक आदि होंगे। इससे बीजिंग को भी माकूल संदेश दिया जा सकेगा कि सॉफ्ट पावर ही अब नया हार्ड पावर है।


कार्नी की चुनावी जीत राज्यारोहण नहीं है, न ही वह आलोचना के पात्र हैं। कनाडा के मतदाताओं ने अतिवाद को नकार दिया, लेकिन उन्होंने आत्मसंतुष्टि को गले नहीं लगाया। कार्नी को मिला जनादेश मामूली लेकिन अर्थपूर्ण है। भारत के लिए यह गोपनीय रणनीति बनाने का समय नहीं है। इसके बजाय यह कनाडा से दोटूक बात करने और व्यावहारिक कूटनीति निभाने का समय है। संदेह पर टिके द्विपक्षीय रिश्ते को अब साझा सम्मान से लिखा जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

प्रसंगवश

# भारतीय कला एवं साहित्य के ध्वजवाहक हैं टैगोर

जयंती पर विशेष



> टैगोर मानवता और अहिंसा के पक्षधर थे तथा हिंदू-मुसलमान एकता, बंधुत्व व भ्रातृभाव विकसित करने के लिए एक-दूसरे को राखी बांधने की भी अपील की थी। उनका एक और प्रसिद्ध गीत 'एकला चलो रे' लोगों को अन्याय के खिलाफअकेले चलने को प्रेरित करता है।

रवींद्रनाथ टैगोर भारतीय साहित्य एवं कला को बुलंदियों तक ले जाने वाले महापुरुष थे। उन्होंने भारतीय साहित्य को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने में अग्रिम भूमिका निभाई। एक कवि एवं कहानीकार, नाटककार के अतिरिक्त उनका नाम चित्रकार एवं कलाकार के रूप में अदब से लिया जाता है। वर्ष 1913 में विश्व साहित्य जगत का सर्वोत्तम पुरस्कार 'नोबेल' मिलना उनके लेखक व कवि के रूप में उनके कद और काबीलियत को बयां करता है। उस वक्त जब पूरा भारत उपनिवेशवाद व दासता की बेड़ियों में जकड़ा था, उस दौर में भारतीय साहित्य के केवल ध्वजवाहक ही नहीं, बल्कि विश्व के सर्वोत्तम साहित्यकार का तमगा अपने नाम करना उनकी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाता है। टैगोर को नोबेल पुरस्कार उनके अत्यंत संवेदनशील व सुंदर काव्य संग्रह 'गीतांजलि' के लिए दिया गया। मूलतः टैगोर बंग्ला भाषा में लिखते थे। गीतांजलि काव्य संग्रह के द्वारा टैगोर ने अपने काव्यात्मक विचारों को अंग्रेजी शब्दों में पूर्ण कौशल के साथ पिरोकर अंग्रेजी साहित्य का हिस्सा बन गए। रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई सन् 1861 को कोलकाता में एक समृद्ध परिवार में हुआ था। उनके पिताजी देवेंद्रनाथ टैगोर देश के जाने-माने समाज सुधारक थे, जो राजा राम मोहन राय से प्रभावित थे। उनके दादाजी का नाम द्वारकानाथ टैगोर था। वह अपने समय के बहुत बड़े उद्यमी थे। उनका नाम उस दौर के अमीर व्यक्तियों में शुमार था। लेकिन उनके बेटे देवेंद्रनाथ टैगोर ने अध्यात्म का मार्ग अपनाया। वहीं रवींद्रनाथ टैगोर का बाल्यकाल उनकी माता जी की जल्दी मृत्यु के कारण नौकरों की देखरेख में बीता। स्कूल के दिनों में वह पढ़ाई-लिखाई में खास अच्छे नहीं थे। इसलिए उन्होंने विद्यालय छोड़ दिया, परंतु उनके भाई हेमेंद्र नाथ ने उन्हें पढ़ाने का जिम्मा लिया। यद्यपि बाल्यकाल में उन्हें घर से बाहर जाने की भी अनुमति नहीं थी। टैगोर ने केवल आठ वर्ष की उम्र में ही कविता लिखना शुरू किया। उनके बड़े भाई दार्शनिक एवं कवि थे। दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ टैगोर को कौन नहीं जानता, जो यूरोपीय भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईसीएस) की परीक्षा पास करने वाले पहले भारतीय व एशियन थे। एक अन्य भाई ज्योतेंद्र नाथ गीतकार, संगीतकार व कवि थे। वहीं बड़ी बहन स्वर्णकुमारी भी लेखक, गीतकार, निबंधकार, नाटककार व सामाजिक कार्यकर्ता थी। रवींद्रनाथ टैगोर भाई-बहन की इस फेहरिस्त में चौदहवें स्थान पर आते थे, अर्थात टैगोर देवेंद्रनाथ व शारदा देवी की चौदहवीं संतान थे। टैगोर के पिता ने उन्हें बैरिस्टर की पढ़ाई के लिए सन् 1878 में इंग्लैंड भेजा, लेकिन वह सन् 1880 में बिना बैरिस्टर की डिग्री लिए वापस लौट आए। साथ लेकर आए कविताएं, निबंध व नाटक, क्योंकि उन्होंने वहां कानून को छोड़कर अंग्रेजी साहित्य को पढ़ा। उनका कविता संग्रह 'गीतांजलि' किसी परिचय का मोहताज नहीं। भारत का राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' व बांग्लादेश का 'ओमार सोनार बंग्ला' उनके दिमाग की उपज है।

उनकी कलम केवल कविता तक सीमित नहीं रही। कविता के अलावा उन्होंने नाटक एवं उपन्यास भी लिखे। इतने सारे गुणों के अलावा टैगोर समाज सुधारक व स्वतंत्रता सेनानी के रूप में भी अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। उनका एक और प्रसिद्ध गीत 'एकला चलो रे' न जाने कितने लोगों को अन्याय के खिलाफ अकेले चलते हुए आगे बढने के लिए प्रेरित करता है। ब्रिटिश सरकार भी टैगोर की विलक्षण प्रतिभा का सम्मान करती थे, जिसके चलते उनको वर्ष 1915 में इंग्लैंड का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाईटहुड' प्रदान किया गया। लेकिन उन्होंने वर्ष 1919 में जलियांवाला बाग की घटना के बाद यह सम्मान लौटा दिया। टैगोर वास्तव में राष्ट्रवाद नहीं, अंतरराष्ट्रवाद के पक्षधर थे। उनकी जयंती पर राष्ट्र उन्हें आदरांजलि दे रहा है।

**प्रो. सतपाल**

॥गीता॥



**श्लोक :** अनेकशास्त्रं बहुवेदितव्यम, अल्पश्च कालो बहवश्च विघ्नाः।
यत् सारभूतं तदुपासितव्यं, हंसो यथा क्षीरमिवाम्भुमध्यात॥

**भावार्थ :**
संसार में अनेक शास्त्र, वेद है, बहुत जानने को है लेकिन समय बहुत कम है और विद्या बहुत अधिक है। अतः जो सारभूत है उसका ही सेवन करना चाहिए जैसे हंस जल और दूध में से दूध को ग्रहण कर लेता है।

जीवन दर्शन

# सांसारिक ज्ञान की अधिकता से आता है घमंड



सबसे पहले वह अपने मन को साधता है। इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है, क्योंकि जीवन में शांति का रास्ता भी इस नियंत्रण से ही निकलता है। आध्यात्मिक यात्रा असलियत को पहचानने की यात्रा है। जो सामने है, उसे पहचानें और अपने संकल्प की ताकत मजबूत करें। हमारे शास्त्र कहते हैं कि दुनिया जिस रूप में है, उसे उसी रूप में देखें और सच का दामन कभी न छोड़ें। हालात कैसे भी हों, आपका नजरिया हमेंशा पॉजिटिव होना चाहिए। एक स्वस्थ और शुद्ध मन सुख-शांति और आनंद का जरिया है। सच्ची प्रगति चाहिए तो लक्ष्य के प्रति सचेत रहें और लगातार आध्यात्मिक प्रयास करते रहें। भविष्य की चुनौतियों के बारे में अच्छे से सोचकर नए टारगेट बनाएं। हमें अपना चरित्र अच्छा बनाना है और धार्मिक नहीं, आध्यात्मिक बनना है। अध्यात्म ही मानव कल्याण का आधार है। ज्ञान हो या विज्ञान, अध्यात्म में ही इनका मूल है। आज की पीढ़ी में संवेदनशीलता की कमी है। तकनीकी शिक्षा पर जोर देने से भौतिक विकास तो हुआ, लेकिन इसे समग्र विकास नहीं कहा जा सकता है। समाज तब समृद्ध होगा, जब उसकी सिंचाई संस्कारों से होगी। इसमें पढ़े-लिखे लोगों की जिम्मेदारी ज्यादा है। अपने साथ वे दूसरों का जीवन भी संवारें। आध्यात्मिक जीवनशैली के जरिए इस जिम्मेदारी को निभाया जा सकता है। साधना में ही वह ताकत है, जिससे व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्ति और मोह छोड़ता जाता है। साधना में व्यक्ति अंदर से मजबूत होता है। एक वक्त आता है, जब वह खुद को ब्रह्म के साथ एकाकार कर लेता है। धार्मिक बनना आसान है, मगर एक सच्चा आध्यात्मिक साधक बनना कठिन है। साधना के भी ढेरों अध्याय हैं। अगर मनुष्य साधना की राह पर चले, तो उसे जीवन को समझने का सही ज्ञान मिलता है। वह सजग और सचेत होकर परमात्मा को पाने का रास्ता साफ करता जाता है। आध्यात्मिक विचार पुख्ता होते ही जीवन में आनंद, मधुरता, ऐश्वर्य, सौंदर्य जैसी चीजें अपने आप बाहर आने लगती हैं। अध्यात्म जीवन पूरी तरह से निःस्वार्थ होता है। आध्यात्मिक विचार ना हों तो इंसान अपने रास्ते से भटक जाता है। सांसारिक ज्ञान जब अधिक हो जाता है तो घमंड आ सकता है। मगर आध्यात्मिक ज्ञान जितना अधिक होता जाता है, हम उतने ही विनम्र होते जाते हैं।

**स्वामी अवधेशानंद गिरि**

## पंजीकृत किसानों का गेहूं खरीदा जाए



**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेंहू उपार्जन के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेंहू उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अफसर भी उपस्थित रहे।

# प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो मैदान में नहीं दिखेंगे अधिकारी

### सीएम ने कानून व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक ली, वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारीगण

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय निर्देश पर बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल से पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कानून व्यवस्था को लेकर सख्त नजर आए। उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने अधिकारियों को दो टूक कहा अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्त एक्शन नहीं करने वाले अधिकारी मैदान में नहीं दिखाई देंगे। अपने निवास में बुलाई बैठक में सीएम ने कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है। स्कूल और कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भी ऐसे तत्वों को टोका टोकी करने और शिक्षण केंद्र के स्तर पर नियंत्रण का कार्य हो। इसके साथ ही नजदीक के थाने में इसकी सूचना अवश्य दी जाए। प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं और सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। इस बारे में कोई रियायत न बरती जाए। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बक्शा जाए। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों और निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए। सायबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक जोड़े गए,जिन्हें सीएम ने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक निर्देश दिए । सीएम ने कहा कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन दिया जाए। इसे अधिकारी गंभीरता से लें। डॉ. यादव ने प्रदेश में इलेक्शन गतिविधियों के नियंत्रण,नए आपराधिक कानून के संबंध में क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रजेंटेशन दिया।



### बैठक में ये भी दिए गए निर्देश

- प्रदेश में एक समेकित अभियान संचालित कर छात्राओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस संबंध में नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।
- प्रदेश में न्याय श्रुति सॉफ्टवेयर के माध्यम से थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था को सशक्त बनाया जाए।
- पुलिस का प्रशासनिक अमला और थानों का स्टाफ संवेदनशील होकर नागरिकों के हित में और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करे।बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड का बनेगा नया भवन

राजधानी भोपाल में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड का नया भवन बनाया जाएगा। यह एलान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को वक्फ सुधार जन जागरण कार्यक्रम में किया। उन्होंने कहा कि भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ.अब्दुल एपीजे कलाम के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि 150 वर्ष पुराने इस भवन की जगह नये भवन का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वक्फ सुधार की दिशा में आगे बढ़कर लोकहितकारी और जनकल्याणकारी संकल्पों को हम साकार करें, जिससे कमजोर वर्ग को मदद मिले और गरीब का उत्थान हो। इस पावन ध्येय के साथ हम सभी साथ मिलकर लगातार काम करें।

### ९० प्रतिशत पर अवैध कब्जे

इस मौके पर एमपी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.सनवर पटेल ने कहा कि राच्य में वक्फ की 15008 संपत्तियां हैं। इनमें से 90 प्रतिशत से ज्यादा संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। इन अवैध कब्जाधारियों के कारण जिन दानदाताओं ने इन संपत्तियों को दान किया था, उनका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। जब 90 प्रतिशत संपत्ति पर अवैध कब्जा है तो परोपकार और जनकल्याण के काम कैसे होंगे। इसलिए ऐसे कब्जाधारियों के पेट में दर्द हो रहा है, नए कानून से उनके कब्जे छूट जाएंगे और गरीब-जरूरतमंद लोगों की मदद होने लगेगी। उन्होंने कहा कि कहा कि ये जो नया वक्फ कानून आया है, उसको लेकर विपक्ष ने भ्रम और झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन भाजपा ने ये भी तय किया है कि जो कानून आम गरीब, जरूरतमंद मुसलमान भाई-बहनों की मदद के लिए आया है, उसकी सही बातें आम जन तक जानी चाहिए। इसलिए वक्फ कानून जन जागरण अभियान पूरे देश में चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिवसीय एआई कार्यशाला आज से

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा 8 और 9 मई एआई पर आधारित दो दिवसीयक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में होने वाली इस कार्यशाला में भोपाल कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधार और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अपर मुख्य सचिव संजय दुबे राज्य की डिजिटल रणनीति पर प्रकाश डालेंगे। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सीईओ नंद कुमारम, डिजिटल नीति पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण साझा करेंगे। मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के प्रबंध संचालक आशीष वशिष्ठ कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देंगे।

### जनजातीय क्षेत्रों की 1100 किमी सड़कें हुई स्वीकृत

**विसं भोपाल।** प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन को सुगम और सहज बनाने के लिए 11 सौ किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जनजाती बाहुल्य 1295 बसाहटों को चिन्हित किया गया है। जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. विजय शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के जरिये लगभग 1100 किमी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा 1800 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### अवैध संबंधों के शक में चचेरे भाई की कुल्हाड़ी से हत्या

**जागरण, शिवपुरी।** पिपरा गांव में अवैध संबंधों के शक में मंगलवार को युवक ने अपने ही चचेरे भाई की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी वहीं शव के पास बैठा रहा और अंगूर खाता रहा। दरअसल गांव में बालक दास कोली की नातिन और मोहन कोली की बेटी की शादी तय थी। मंगलवार को मोहन ने अपने रिश्तेदार हरवान कोली (35) को शादी के कार्ड लिखवाने बुलाया था। वह अपने बेटे जितेंद्र के साथ बाहर बैठकर कार्ड लिख रहा था। तभी पास में झोपड़ी बना रहा प्रकाश कोली कुल्हाड़ी लेकर आया और हरवान के सिर पर मार दी। हरवान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हत्या के बाद भी आरोपी प्रकाश घटनास्थल पर बैठा रहा और अंगूर खाता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी साइको टाइप का व्यवहार करता था और पत्नी पर अवैध संबंधों का शक करता था।

## 22 कॉलेजों में बनेंगे नए भवन 330 करोड़ से होगा निर्माण

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बलवाड़ी (बड़वानी), भीमपुर (बैतूल), उदयनगर (देवास), चरगवां (जबलपुर), खालवा (खंडवा), भगवानपुरा एवं झिरन्या (खरगोन), राजोधा एवं बानमोर (मुरैना), ओरछा (निवाड़ी), खोरा (पन्ना), कुरई (सिवनी), दिनारा (शिवपुरी), माडा (सिंगरौली), कायथा (उज्जैन), घुवारा (छतरपुर), बिडवाल (धार), खिरकिया (हरदा), सुलतानपुर (रायसेन), गोविंदगढ़ (रीवा) के सरकारी कॉलेज और सिवनी के लॉ कॉलेज में नए भवन बनाने की अनुमति मिल गई है। इसके साथ ही संस्कृत शिक्षा के लिए पन्ना जिले के देवेंद्र नगर स्थित संस्कृत कॉलेज के लिए भी नए भवन की मंजूरी मिली है। इन सभी कॉलेजों के लिए औसतन 15 करोड़ रुपए की रकम भवन निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है।

### 35 कॉलेजों में 100 से कम विद्यार्थी इनके भवन का निर्माण अगले साल

इसके अलावा प्रदेश के 35 अन्य कॉलेजों के नए भवनों के लिए स्वीकृति का प्रयास अगले वित्त वर्ष (2026-27)में किया जाएगा। इनमें से 16 महाविद्यालयों के लिए भूमि भी हासिल हो गई है। जानकारी के मुताबिक इनमें से कई कॉलेज 2023 में शुरू हुए हैं और इनमें 100 से कम विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। यही कारण है कि अब उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों की संख्या एवं वित्तीय संसाधनों के अनुसार इसे अगले साल मंजूरी दिलाने का प्रस्ताव सरकार को भेजेगा। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के निर्देश के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025-26 के शुरू होने से पहले ही 22 कॉलेजों के लिए भवन निर्माण की मंजूरी हासिल की है।


## फरार पूर्व बिशप मंगलौर से गिरफ्तार, मिशनरी की करोड़ों की जमीन बेची, तलाश रही थी पुलिस

### छह राज्यों में 64 केस दर्ज, मनी लॉन्ड्रिंग में ईडी कर चुकी अरेस्ट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईओडब्ल्यू की टीम ने जबलपुर डायोसिस के पूर्व बिशप पीसी सिंह को 2 करोड़ 45 लाख के गबन के मामले में कर्नाटक के मंगलुरु से गिरफ्तार किया है। बिशप के खिलाफ ईओडब्ल्यू के अलावा ईडी, लोकायुक्त सहित अन्य एजेंसियां भी पूर्व में प्रकरण दर्ज कर चुकी हैं। फिलहाल बिशप पीसी सिंह के साथ फर्जीवाड़े में शामिल एक अन्य आरोपी पॉल दुलारे की तलाश में ईओडब्ल्यू की टीम जगह-जगह छापेमारी कर रही है। ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज हालिया प्रकरण में पीसी सिंह और एनडीटीए के चेयरमैन पॉल दुपारे ने बार्लेय स्कूल कटनी की 0.022 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण मामले में फर्जीवाड़ा करते हुए कूटरचित दस्तावेजों के जरिए 2 करोड़ 45 लाख हड़प लिए थे। उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू ने विगत 9 अप्रैल को धारा 406, 420, 120बी भादंवि के तहत मामला कायम किया था।

### ईडी के केस में जमानत पर था बाहर

2 वर्ष पूर्व आरोपी के खिलाफ जबलपुर के चर्च लैंड स्केम केस में ईडी भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर चुकी है। वह इसाई सोसाइटी से मिलने वाली विदेश फंडिंग का उपयोग खुद के नाम जमीन खरीदने में करता था। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी, लेकिन वह जमानत पर बाहर आ गया था। विगत दिनो जब उसके खिलाफ ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किए तो वह फरार हो गया था । पिछले दिनों एनडीटीए ने एक आवेदन ईओडब्ल्यू को दिया था। इसकी तफ्तीश के दौरान पाया गया कि भीमराव पॉल दुपारे ने पूर्व बिशप पीसी सिंह को डायोसिस ऑफ जबलपुर के एरिया में आने वाली प्रॉपर्टी की देखरेख के लिए पावर ऑफ अटार्नी दी थी। एनडीटीए चैरिटी कमिश्नर नागपुर के कार्यालय में बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के अंतर्गत संस्था है। नियम के मुताबिक इसकी प्रॉपर्टी चैरिटी कमिश्नर की अनुमति के बगैर न तो बेची जा सकती है और न ही उनका मुआवजा लिया जा सकता है। इससे पहले मार्च में भी ईओडब्ल्यू ने पीसी सिंह और भीमवराव पॉल दुपारे के खिलाफ मिलीभगत कर पचमढ़ी स्थित एनडीटीए की बेशकीमती जमीन सतपुड़ा रिसोर्ट के मालिक प्रमोद पुरी को कौड़ियों के दाम लीज पर देने के मामले में भी केस दर्ज किया था।



### पीसी सिंह के खिलाफ 5 राज्यों में 64 केस दर्ज

बिहार के समस्तीपुर निवासी पीसी सिंह मूल रूप से हिंदू है और कन्वर्ट होकर ईसाई धर्मगुरू बना था। उसके खिलाफ यूपी, राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़ और एमपी में धोखाधड़ी के 64 केस दर्ज हैं। उसने कर्नलगंज प्रयागराज, सिविल लाइन प्रयागराज, ब्यावर सदर अजमेर, विधायकपुरी जयपुर, सिविल लाइन अजमेर, बारां अतरू राजस्थान, सदर नागपुर, सास नगर खरार पंजाब, नवाबाद झांसी, प्रयागराज, जाफराबाद जौनपुर, कोतवाली कानपुर, प्रयागराज सिविल लाइन, शाहगंज प्रयागराज, मुठीगंज प्रयागराज, कर्नलगंज, सिविल लाइन प्रयागराज, कर्नलगंज प्रयागराज, जयपुर, जालना, यमुना नगर यूपी, हजरतगंज यूपी, पिथौरा महासमुंद छत्तीसगढ़, रूपनगर सिटी मौरिंडा पंजाब, नवाबाद झांसी, सिविल लाइन रायपुर, गोल बाजार रायपुर, नागपुर, सदर ब्यावर अजमेर, मोहाली राजस्थान, यमुना नगर की जमीनों में हेरफेर किया है।

## उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन

**विसं भोपाल।** राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रदेश में बायो-फ्यूल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। समिति में सचिव वन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, नगरीय विकास एवं आवास, पशुपालन एवं डेयरी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास एवं रोजगार सदस्य होंगे। सचिव, नवीन एवं नवकरणीय उर्जा को सदस्य सचिव बनाया गया है। बायो-फ्यूल योजना की कंडिका 10.2 के अंतर्गत, भूमि सबंधी निर्धारित मानदडों में छूट प्रदान करना, म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट के सग्रंहण और बायो-फ्यूल उत्पादकों तक इसके सुगम पहुंच के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार करना, कृषि उपज मंडी के अपशिष्ट की उपलब्धता बायो-फ्यूल उत्पादकों को सुनिश्चित कराना, गोबर की उपलब्धता बायोफ्यूल उत्पादकों को सुनिश्चित कराना, राच्य में कार्यरत सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को बायो-सीएनजी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना, किसानों में फार्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर के उपयोग को बढावा देना और सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करना जैसे कार्य करेगी।

## खुद को कमजोर न समझें बेटियां: गौतम

**विसं भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने शासकीय संभागीय आईटीआई भोपाल में अत्याधुनिक प्लंबिंग लैब का लोकार्पण किया। जग्वार फाउंडेशन द्वारा लैब की स्थापना 'दक्ष पहल' के अंतर्गत की गई है। इस मौके उन्होंने कहा बेटियों कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए। बताया गया है कि लैब में प्लंबिंग व्यवसाय से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों को वो व्यावहारिक अनुभव और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जो सीधे-सीधे उन्हें इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार करेगी। यहां महज पाइप जोड़ने या फिटिंग सिखाने तक बात सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को जल प्रबंधन, स्मार्ट फिटिंग्स, सेनेटरी टेक्नोलॉजी और ग्राहक सेवा जैसे पहलुओं से भी जोड़ा जाएगा।

लैब में स्थापित उन्नत उपकरणों, आधुनिक टूल्स और इंडस्ट्री ग्रेड इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से न केवल एक वर्षीय प्लंबिंग कोर्स के ट्रेनी लाभान्वित होंगे, बल्कि फिटर, टर्नर और मशीनिस्ट जैसे व्यवसायों में प्रशिक्षण ले रहे अन्य छात्र भी इससे व्यावहारिक रूप से जुड़ सकेंगे। लगभग 20 लाख रु. की लागत से बनी लैब में विद्यार्थी इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसमें बिल्डिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रोजेक्ट्स में प्लंबिंग की अहम भूमिका पर आधारित आधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यहां अपने उद्‌बोधन में मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि ये 'उद्योग की मांग और प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बीच सेतु' का काम करेगी। यह लैब सिर्फ एक कक्षा नहीं, बल्कि युवाओं की आत्म निर्भरता की कार्यशाला है, जहां से निकलने वाले छात्र देश के निर्माण में तकनीकी भूमिका निभा सकेंगे। मंत्री ने दिव्यांग छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि बेटियां हमेशा से समाज की शक्ति रही हैं और आज जरूरत है कि वे हर क्षेत्र में आगे आएं। उन्होंने कहा कि बेटियों को कभी खुद को कमजोर नहीं समझना चाहिए, वे किसी से भी कम नहीं हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति की बात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नदी और बेटियां सदैव पूजनीय रही हैं। मंत्री टेटवाल ने छात्राओं के साथ अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया और कहा कि जरूरत पड़ने पर वे कभी भी सीधे संपर्क कर सकती हैं।



## 26 मई को नरसिंहपुर में होगा समागम

**विसं भोपाल।** मंदसौर जिले के सीतामऊ के बाद नरसिंहपुर और सतना में कृषि उद्योग समागम का आयोजन किया जाएगा। नरसिंहपुर में 26 मई को तो सतना में जून माह में समागम आहुत होगा। कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने तथा खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मंदसौर के सीतामऊ में 3 मई को कृषि उद्योग समागम का आयोजन किया गया। सीतामऊ का समागम निवेश और रोजगार सृजन के उद्देश्य से परिणाममूलक रहा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट से पूर्व सीएम ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ चर्चा की,जिसमें उन्होंने गेंहू उपार्जन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 8 लाख 91 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.86 लाख मीट्रिक टन गेंहू उपर्जित हुआ है। किसानों को 5 मई की स्थिति में 16 हजार 807 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। किसानों जिन्होंने स्लॉट बुक नहीं किए थे, उन सभी के स्लॉट बुक कर लिए गए हैं और उनसे गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। इस वर्ष 81 लाख मीट्रिक टन गेंहू उपार्जन का लक्ष्य है।

## कॉलेज में छह घंटे रुकने के आदेश पर उठे सवाल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज प्रोफेसर्स के लिए हर दिन छह घंटे परिसर में रुकना अनिवार्य कर दिया है। लेकिन प्रोफेसरों का कहना है कि जब कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं ही नहीं हैं, तो इतनी देर रुकना व्यवहारिक नहीं है। यह फैसला शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने की मंशा से लिया गया है, पर इसकी जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां करती है। इससे उन्हें छह घंटे कालेज में रुकना पड़ रहा है। इस संबंध प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ ने आयुक्त निशांत बरबड़े को ज्ञापन सौंपा है।

यूजीसी के अनुसार, पूर्णकालिक कॉलेज शिक्षकों को साल में कम से कम 180 शिक्षण दिवस और प्रति सप्ताह 40 घंटे कार्य करना जरूरी है। इसके तहत प्रतिदिन पांच घंटे की अनिवार्य उपस्थिति के साथ एक अतिरिक्त घंटा शोध, पुस्तकालय परामर्श और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं। लेकिन अब उच्च शिक्षा विभाग ने एक अतिरिक्त घंट को भी कॉलेज परिसर में बिताना अनिवार्य कर दिया है। उक्त निर्णय पर प्रोफेसरों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि कॉलेजों में न तो पीने का साफ पानी है, न शौचालय की समुचित व्यवस्था और न ही गर्मी से राहत देने के लिए पंखे या कूलर। पुस्तकालयों की हालत भी खराब है, जहां केवल हिन्दी ग्रंथ अकादमी की किताबें उपलब्ध हैं। शोध और स्व-अध्ययन जैसे कार्यों के लिए जरूरी संसाधन और शांति दोनों ही कॉलेजों में नहीं मिलते। प्रोफेसरों का कहना है कि शासन ने शोध और सामुदायिक गतिविधियों को भी अनिवार्य उपस्थिति के दायरे में शामिल कर दिया है, जबकि ऐसे कार्यों के लिए अक्सर परिसर से बाहर जाना पड़ता है।

> सिर्फ उपस्थिति तय कर देना काफी नहीं है, जब तक कि कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं। अगर सरकार शिक्षण गुणवत्ता सुधारना चाहती है, तो सबसे पहले सुविधाओं को दुरुस्त करना होगा।
>
> ● **प्रो. आनंद शर्मा**, अध्यक्ष, प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ

**कार्यक्रम** | नीति संवाद कार्यक्रम में नीति निर्माता और शिक्षाविद् हुए शामिल

## एकता के वातावरण से समस्याओं का समाधान संभव: इंद्रेश कुमार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** वरिष्ठ शिक्षा विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा है कि एकता के वातावरण से अनेक तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। संस्कार और जीवन मूल्य ही व्यक्ति में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। विचारक इंद्रेश कुमार मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में नीति संवाद-2025 श्रृंखला के अंतर्गत सशक्त भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए मूल्य आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर अपना संबोधन कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को हिंसा, अशिक्षा और विकार से मुक्त कर और समाज में सदभाव, समता और एकता का वातावरण निर्मित कर अनेकों समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल और लोक सेवक मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश इस के प्रावधानों को क्रियान्वित करने में देश में अग्रणी रहा। यह शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नहीं अपितु भारत की सांस्कृति चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उसे अपने गौरव का बोध कराना भी है। भारतीय ज्ञान परम्परा व्यक्तिगत प्रसंगों से नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों में विकसित करने को विशेष महत्व देती है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन की ओर अग्रसर होने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी आयामों का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। संस्कारों से शिक्षा के जुड़ने से ही राष्ट्र निर्माण की नींव पड़ती है। अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने नीति संवाद श्रंखला कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में नीति निर्माता, शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।



## लोकायुक्त पुलिस ने आरक्षक और महिला क्लर्क को घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा

**भोपाल।** गत मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने टीकमगढ़ के बल्देवगढ़ पुलिस थाने में पदस्थ कॉन्स्टेबल बालचंद्र बेलदार को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आरक्षक ने ग्राम पपावानी निवासी छत्रपाल सिंह लोधी से उनके दो परिजनों का नाम मारपीट की एक एफआईआर से हटाने के एवज में दस हजार की घूस मांगी थी। इस एफआईआर में केवल छत्रपाल सिंह का ही नाम दर्ज है और आरक्षक धमका रहा था कि इसमें दो अन्य परिजनों का नाम भी जोड़ा जाएगा। बालचंद्र इसमें से पांच हजार रुपए वह पहले ही ले चुका था। शेष पांच हजार रुपए लेने के लिए आरक्षक ने छत्रपाल को बमोरी तिगैला बुलाया। यहाँ जैसे ही उसने रिश्वत की रकम ली, वैसे ही नजदीक खड़े लोकायुक्त दल ने उसे पकड़ लिया। इस मामले में लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**आरटीआई की जानकारी के बदले मांगे 4 हजार :** लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी विनीता विलियम को 4 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मंगलवार की दोपहर लोकायुक्त की टीम ऑफिस में ही घूस ले रही इस महिला कर्मचारी को पकड़ने के बाद सर्किट हाउस-2 ले गई। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता राकेश विश्वकर्मा ने 1 मई को सीएमएचओ ऑफिस में आरटीआई से संबंधित जानकारी मांगी थी। 4 मई को विनीता ने राकेश को फोन करके जानकारी देने के एवज में 5 हजार रुपए की डिमांड की। बाद में सौदा 4 हजार में तय हो गया। राकेश ने इसकी शिकायत जबलपुर लोकायुक्त कार्यालय में कर दी। योजना के अनुसार मंगलवार को दोपहर जैसे ही विनीता विलियम को राकेश विश्वकर्मा ने 4 हजार रुपए दिए, वैसे ही लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## परीक्षा परिणाम के बाद चार विद्यार्थियों ने की खुदकुशी

**जागरण ब्यूरो।** बोर्ड परीक्षा में असफल होने से प्रदेश में चार विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर ली। दमोह के पथरिया थाना क्षेत्र के झागर गांव में 12वीं के छात्रा का शव दोपहर में फंदे पर मिला। वह गढ़ाकोटा में बायोलॉजी समूह की छात्रा थी। परीक्षा में फेल हो गई थी। घटना के वक्त परिवार के लोग घर के निचले हिस्से में काम थे। परिजन जब ऊपर कमरे में पहुंचे, तो बेटी को फंदे पर पाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छतरपुर के विश्वनाथ कॉलोनी में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा संजना ने कमरे में फांसी लगा ली। वह चौक बाजार हटवारा हायर सेकंडरी स्कूल में 12वीं की छात्रा थी। मंगलवार को आए रिजल्ट में वह फेल हो गई थी। गंजबासौदा के शासकीय मॉडल स्कूल के 12वीं के छात्र अतुल का शव दोपहर में घर के कमरे में फंदे पर मिला। शासकीय मॉडल स्कूल के प्रचार टीडी वर्मा ने बताया कि छात्र के 500 में से 348 नंबर आए थे 69.6 प्रतिशत उसका परीक्षा परिणाम था। वहीं भिंड में 12वीं की छात्रा खुशी सिंह ने एक सब्जेक्ट में फेल होने पर फांसी लगा ली।

# हाई अलर्ट माकड्रिल : साधूराम विद्यालय में लगी आग, प्रशासन ने किया रेस्क्यू



**कटनी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश मे तनाव और आक्रोश का माहौल बना रहा है। गत रात्रि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर ध्वस्त कर दिया है जिसके बाद बुधवार को पूरे देश मे हाई अलर्ट कर किया गया है। देश के 244 जिलों में बुधवार शाम 4 बजे से माकड्रिल किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश के 5 जिलों को चिन्हित किया गया है जिसमें ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, कटनी में हाई अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें कटनी जिले मे सुबह से प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रहा है हैं।

कलेक्टर दिलीप यादव व पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया जिसके बाद साधूराम विद्यालय पुरानी कचहरी सिविल लाइन नालंदा स्कूल में माकड्रिल किया गया। जिसमें विद्यालय के भवन में गैस छोड़ी गयी जिसके बाद बिल्डिंग का रेस्क्यू चालू गया जिसमें दमकल द्वारा पानी डालकर आग बुझाने का कार्य किया गया साथ डीआरएफ के द्वारा लोगों का रेस्क्यू कर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया और माइक से अलर्ट का संदेश देते रहे। इस दौरान कलेक्टर दिलीप यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजित रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, दमकल वाहनों का दस्ता, एनसीसी, समेत पुलिस बल की उपस्थिति रही।



## ब्लैकआऊट से अंधेरे में डूबा शहर, हजारों वाहनों के पहिये थमे

दिलीप कुमार यादव की बुधवार शाम को नागरिकों से ब्लैक आऊट करने की, की गई अपील के बाद कटनी वासियों द्वारा अपने नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन की मिसाल पेश करते हुए शाम 7.30 बजे से शाम 7.42 बजे तक घर, दुकान, संस्थान के अलावा सड़कों में दौड़ रहे वाहनों की लाइट बंद कर समग्र ब्लैक आऊट किया गया। इस दौरान समूचा कटनी जिला गहरे अंधेरे के आगोश में समाया रहा। कटनी शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी नागरिकों ने अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों की विद्युत आपूर्ति को बंद कर जिला प्रशासन के ब्लैक आऊट के आह्वान में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे मौके पर मौजूद रहे।

आपातकालीन स्थिति से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मॉक ड्रिल की गतिविधि के तहत बुधवार शाम 7.30 बजे से 7.42 बजे तक 12 मिनट का ब्लैक आऊट किया गया। इस दौरान ब्लैक आऊट प्रारंभ होनें की सूचना नगर के विभिन्न स्थलों में रेड अलर्ट सायरन बजाकर दी गई। रेड अलर्ट सायरन बजने पर पूर्व सूचना अनुसार नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से अपने घर, दुकान, आफिस, संस्थान आदि की रोशनी को बंद किया गया तथा सड़क पर चल रहे वाहनों को भी वाहन चालकों ने स्थल पर ही खड़ा कर प्रतिबद्धता जाहिर की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में डिप्टी सीएम करेंगे शिरकत

**जागरण ब्यौहारी।** जनपद पंचायत ब्यौहारी- के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में 08/05/25 को मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला शिरकत करेंगे और नए जोड़ों को आशीर्वाद देंगे उनके साथ सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक शरद को ल करेंगे इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा कार्यक्रम में शामिल होंगी सामूहिक विवाह कार्यक्रम ग्राम पंचायत रसपुर के ग्राम उकसा के बगीचा में सुबह 10ः00 बजे से 5ः00 तक संपन्न होगा। आपको बताते चलें कि उकसा ग्राम में क्षेत्र के विधायक शरद कोल की भी ससुराल है इस आयोजन से उनके ससुराल क्षेत्र के लोग काफी खुश है विधायक भी तैयारी को लेकर पूरी तन्मयता से लगे हुए हैं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# बैल ने किया वृद्ध को घायल

**जागरण ब्यौहारी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत वंसरूप यादव 65 वर्ष ग्राम तगावर थाना व्यवहारी वृद्ध सुबह अपने बैल को खोलने के लिए गया तभी के ऊपर हमला कर दिया जिसको काफी गंभीर चोट आई पेट में 12 टांके और जांघ में भी 10 टांके आए हैं व्यवहारी अस्पताल में वृद्ध का इलाज कराया जा रहा हालत खतरे से बाहर है।

# आउटसोर्स कर्मचारी का फरवरी माह से नहीं मिला वेतन

**जागरण ब्यौहारी।** शादी विवाह के सीजन में जहां सबको पैसे की अति आवश्यकता होती है वहीं बीईओ कार्यालय एवं शिक्षा विभाग में कार्य करने वाले आउटसोर्स के कर्मचारियों को फरवरी माह से अभी तक वेतन नहीं मिला जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को फरवरी सहित अप्रैल तक का वेतन अभी नहीं मिला है जिससे उनको आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कर्मचारियों का कहना है कि एक तो हमारी पेमेंट कम है और वह भी समय से नहीं मिलती जिससे गुजारा करना मुश्किल होता है कर्मचारियों ने कलेक्टर से शीघ्र वेतन दिलवाये जाने की मांग की।

# 10 मई को निगम के पांच स्थलों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

## निगम के राजस्व अधिकारी ने बैठक आयोजित कर अमले को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के दिए निर्देश

**कटनी।** नागरिकों के बकाया निगम करों को जमा करने हेतु शनिवार 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाए जाने तथा पक्षकारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर सोमवार को राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को निगम करों को जमा करने की सुविधा हेतु विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टेंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय एवं सुभाष चौक में बनाए जाने वाले काउंटर एवं उनमें कराई जानें वाली व्यवस्थाओं सहित लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली छूट की जानकारी उपस्थित राजस्व अमले को दी गई। अधिक से अधिक नागरिक लोक अदालत का लाभ उठा सके इस हेतु वार्डवासियों को लोक अदालत के आयोजन की तिथि एवं स्थल की सूचना देकर बकाया शुल्क जमा करने हेतु आग्रह किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में वसूलीकर्ताओं से जीआईएस सर्वे फार्म के वितरण की जानकारी ली जाकर सर्वे डाटा परीक्षण कर मई माह में शत प्रतिशत वितरण करनें, वित्तीय वर्ष के बकायादारों से बकाया राशि की वसूली हेतु वारंट की आगामी कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कर निर्धारण एवं नामांतरण के प्रकरणों, बाजार शाखा की वसूली की समीक्षा की जाकर ऐसे दुकानदार जिन पर तालाबंदी की कार्यवाही किये जाने के उपरांत बकाया राशि जमा नहीं की गई है उन्हे पुनः नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व अधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रतिदिन 2 रसीद काटनें एवं वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक को 40 लाख रूपये, राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश राजपूत को 25 लाख रूपये, प्रकाश पांडेय को 30 लाख रूपये, लवकुश तिवारी एवं राजकुमार प्यासी को 20 लाख रूपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर लक्ष्य अनुरूप वसूली कार्य करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत मे उपस्थित राजस्व अमले को वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान में कर जमा करनें पर प्रदाय की जा रही छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक सालहाल का कर जमा करानें तथा लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्रदान करनें के निर्देश दिए।

# जगन्नाथ चौक-घंटाघर मार्ग के प्रभावित 9 भू स्वामियों को सौंपे गए 37.50 लाख के चैक

## मुआवजा राशि वितरण के लिए भू स्वामियों ने जताया महापौर का आभार



**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों के सुगम यातायात की व्यवस्था हेतु जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सडक चौड़ीकरण के साथ स्थल पर अन्य विकास कार्य कराये जानें के दौरान प्रभावित हुए भू-स्वामियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को नगर निगम मेयर कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगम जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट मौजूदगी में उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा 9 भू स्वामियों को 37 लाख 50 हजार 835 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि के चैक का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउन्सिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव एवं विजय डब्बू रजक सहित नगर निगम के अधिकारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, विधि अधिकारी वरूणेश मिश्रा, लेखापाल श्रीकांत तिवारी सहित भू.स्वामियों की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग पर कराये जा रहे विकास कार्य के दौरान क्षेत्रीय प्रभावित भू.स्वामियों को नियमानुसार मुआवजा राशि के वितरण का कार्य निरंतर जारी है। जिसके तहत विगत अप्रैल माह में 6 भू.स्वामियों को क्षतिपूर्ति की राशि के चैकों का वितरण पूर्व में किया जा चुका है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण मेरी पहली प्राथमिकता वाले कार्य में शामिल था जिसके लिए जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास भी किये गए। हमारा यही प्रयास होगा कि सड़क का निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चौड़ीकरण के साथ पूर्ण हो। नगर विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य में क्षेत्र के अन्य भू-स्वामियों का सहयोग भी नितांत आवश्यक है अतः आप लोग अन्य नागरिकों को इस महत्वपूर्ण में स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग प्रदान करनें हेतु उन्हे प्रेरित करें। मार्ग व्यवस्थित होनें से क्षेत्र का व्यवसाय भी बढ़ेगा। हमारा यही प्रयास होगा कि आने वाले समय में शेष अन्य भू स्वामियों को भी क्षतिपूर्ति राशि के चैकों का भी वितरण शीध्र कर दिया जाए।

### इन भू.स्वामियों को प्रदान किए गए चैक

नगर निगम मेयर इन काउंसिल कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल मुकंद पिता प्रसाद चौदहा 7 लाख 67 हजार 797 रुपये, सुनीता देवी पति नीलेश चौदहा 2 लाख 64 हजार 826 रुपये, पंकज पिता शिवनारायण गुप्ता 7 लाख 76 हजार 273 रुपये, मधुसुदन वल्द बालकृष्ण गट्टानी 6 लाख 10 हजार 638 रुपये, कौशल प्रसाद वल्द रामदयाल सोनी 2 लाख 68 हजार 490 रुपये, शुभा पति आनंद चौदहा 3 लाख 15 हजार 456 रुपये, रामसखी पति राजाराम सोनी 2 लाख 29 हजार 320 रुपये, तिलक राष्ट्रीय स्कूल कटनी 2 लाख 45 हजार 424 रुपये एवं डॉ ऋषि जैन वल्द सुरेश जैन 2 लाख 72 हजार 611 रुपये रूपये के चैक प्रदान किये गए।

# छतरपुर में पहली बार कला प्रदर्शनी और प्रतिभा खोज

**छतरपुर।** छतरपुर में पहली बार कला प्रदर्शनी एवं प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जो हर उम्र के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर देगा। गांधी आश्रम में होने वाले इस आयोजन में चित्रकला, क्राफ्ट, फोटोग्राफी, मूर्तिकला, नृत्य, और गायन की प्रतियोगिताएँ होंगी। पंजीकरण 15 मई तक खुले हैं, और समापन पर विजेताओं को सम्मान व पुरस्कार दिए जाएँगे। आयोजकों ने सभी कलाकारों से अपनी कला को मंच पर लाने की अपील की है। इच्छुक कलाकार 98266 38015 पर संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों का कहना है कि यह मंच स्थानीय कलाकारों, खासकर उन लोगों के लिए है, जिनकी प्रतिभा अब तक छिपी रही है। इस पहल ने शहर में उत्साह पैदा किया है, और कई युवा व बच्चे अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं।

# पान की गुमटी चलाने वाले वीर चौरसिया की बेटी कृतिका ने 10 वीं कक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में आठवॉ स्थान

**लवकुशनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में लवकुशनगर की बेटी ने अग्रेंजी माध्यम से कक्षा 10वीं में प्रदेश की मेंरिट में आठवा स्थान प्राप्त किया है। नगर में लंबे समय से पान की गुमटी संचालित करने वाले बीर चौरसिया की पुत्री कृतिका चौरसिया ने कक्षा 10वीं में अग्रेंजी माध्यम से 493/500 अंक लाकर प्रदेश की मेरिट सूची में आठवा स्थान प्राप्त किया है। छात्रा कृतिका चौरसिया कहती है कि मैने 8 घण्टे नियमित पढ़ाई करते हुये नियमित रुप से विद्यालय में पहुंच शिक्षा ग्रहण की, परीक्षा परिणाम आने पर मेरे माता पिता और परिवार सहित गुरुजनो का मार्दर्शन और सहयोग रहा है। कृतिका कहती है कि आगे अब मै यूपीएससी की तैयारी करुंगी । कृतिका ने बताया कि मोबाइल का उपयोग बिल्कुल कम किया और सोशल साइट्स कभी नही खोलती है सिर्फ अपना पूरा फोकस पढ़ाई में करती रही। छात्रा के स्कूल की प्राचार्य कुमकुम चौरसिया ने बताया कि छात्रा शुरुआत से ही पढ़ने में होशियार थी, नियमित विद्यालय आना और लगन के साथ पढ़ाई करती थी जिसके कारण आज प्रदेश की मेरिट में स्थान आया है। प्राचार्य और स्टॉफ सहित शुभचिंतकों ने घर पहुंच कर छात्रा को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम मिलिंद नागदेवे, कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सुरक्षा गार्ड्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस दौरान निरीक्षण के संधारित रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर का गौरवमयी प्रदर्शन

## प्रिया पटेल प्रदेश की टॉप-10 सूची में 7वें स्थान पर, विवेक कुशवाहा और प्रतीक्षा शुक्ला 1-1 अंक से चूके; जिले और महाकौशल प्रांत में दोनों ने प्रथम स्थान हासिल किया

**पन्ना।** देवेंद्रनगर आज मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। देवेंद्रनगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले और महाकौशल प्रांत में अपना परचम लहराया। कक्षा 10 की छात्रा प्रिया पटेल (पिता श्री अनिल पटेल, कृषक) ने 500 में से 494 अंक प्राप्त कर 98.8त्न अंकों के साथ प्रदेश की प्रावीण्य सूची (टॉप-10) में 7वां स्थान प्राप्त किया और देवेंद्रनगर सहित जिले का गौरव बढ़ाया।

कक्षा 10 के ही विवेक कुशवाहा (पिता श्री अनिल कुशवाहा) ने 500 में 490 अंक (98त्न) प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वे मात्र 1 अंक से प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने से चूक गए, लेकिन महाकौशल प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी तरह कक्षा 12वीं की प्रतीक्षा शुक्ला (पिता श्री वंश गोपाल शुक्ला, कृषक) ने गणित समूह में 500 में 481 अंक (96.2त्न) प्राप्त कर जिले और महाकौशल प्रांत में प्रथम स्थान अर्जित किया। वे भी केवल 1 अंक से प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने से चूक गईं। कक्षा 12वीं के यश त्रिपाठी (पिता श्री राम नरेश त्रिपाठी, कृषक) ने गणित समूह से 500 में 474 अंक (94.8त्न) प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान हासिल किया, जो विद्यालय की सफलता में एक और मील का पत्थर है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर शिशु विकास समिति अध्यक्ष श्री आर. के. बागरी, उपाध्यक्ष श्री विनोद गुप्ता, व्यवस्थापक श्री राम लखन शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत ने सभी आचार्यगण, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता समिति के उचित मार्गदर्शन, आचार्यों की मेहनत और छात्रों की लगन का प्रतिफल है। भविष्य में भी विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग करता रहेगा।

सरस्वती शिशु शिक्षा परिषद की समर्पित नेतृत्व और प्रेरणादायक मार्गदर्शन ने विद्यालय को निरंतर सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी शिक्षा प्रणाली ने न केवल छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन को उत्कृष्ट बनाया, बल्कि उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफल होने के लिए भी प्रेरित किया है।

# क्रिकेट की दुनिया में छतरपुर की बेटी ने बढ़ाया बुंदेलखंड का मान

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के घुवारा कस्बे की उभरती क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। 21 वर्षीय ऑलराउंडर क्रांति, जिन्होंने हाल ही में वीमन्स प्रीमियर लीग 2025 में यूपी वॉरियर्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था, को बीसीसीआई ने श्रीलंका दौरे के लिए चुना है। सोमवार रात बीसीसीआई से चयन की सूचना मिलने के बाद क्रांति छतरपुर से भोपाल और फिर मुंबई के रास्ते श्रीलंका के लिए रवाना हो गईं। उनके इस चयन से जिले में खुशी की लहर है। उनके कोच, परिवार और समर्थक उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले के छोटे से कस्बे घुवारा की रहने वाली क्रांति गौड़ ने 14 साल की उम्र से क्रिकेट के मैदान पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना शुरू किया था। क्रिकेट के प्रति उनका जुनून ऐसा था कि वे परीक्षा के दिनों में भी डांट की परवाह किए बिना टेनिस बॉल क्रिकेट खेलती थीं। उनकी प्रतिभा पर सबसे पहले जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौरसिया और सचिव व सागर डिवीजन के कोच राजीव बिलथरे की नजर पड़ी। कोच राजीव बिलथरे ने बताया कि क्रांति शुरुआत से ही तेज और फुर्तीली थी। मैंने उनके पिता से कहा कि वे क्रांति को छतरपुर में मेरे पास छोड़ दें। मैंने वादा किया कि मैं उनकी बेटी को एक अच्छा खिलाड़ी बनाऊँगा। तब उनके पिता ने कहा था कि हम अपनी बेटी आपको सौंप रहे हैं, इसका भविष्य आपको बनाना है।


भाअजप्रा IWAI

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.), टेलीफोनः 0120-2544036, 2474050

सूचना
दिनांकः 07.05.2025

संदर्भः रोजगार सूचना सं. IWAI-12013/2/2024-ADMIN RECTT-Part(1) दिनांकित 23.01.2025

उपर्युक्त के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि **निदेशक** के 01 रिक्त पद को 03 वर्ष की अवधि हेतु प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को **30 मई, 2025** तक बढ़ाया गया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कृपया आईडब्ल्यूएआई की वेबसाइट **www.iwai.nic.in** देखें।

हस्ता./-
सचिव


# हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में विनय तिवारी ने सभी विषयों में पाई विशेष योग्यता

**पन्ना।** पन्ना शहर के पुरुषोत्तमपुर वार्ड नंबर 27 में निवासरत राजेश तिवारी श्रीमती प्रतिभा तिवारी के पुत्र विनय तिवारी द्वारा मध्य प्रदेश हाई स्कूल परीक्षा परिणाम कक्षा दसवीं में 95.4त्न अंक प्राप्त करके विशेष योग्यता अर्जित की है। विनय तिवारी शासकीय हाई सेकेंडरी विद्यालय एक्सीलेंस आरपी स्कूल के छात्र हैं और उनकी लगन मेहनत तथा विद्यालय के शिक्षकों के अधिक परिश्रम से उन्होंने यह सफलता हासिल की है। इस सफलता में उनके माता-पिता का सराहनीय योगदान है। विनय तिवारी ने बताया कि उन्हें पूर्व से भरोसा था कि विशेष योग्यता प्राप्त होगी क्योंकि उन्होंने इसकी पूर्ण तैयारी की थी। विनय तिवारी की उपलब्धि पर पहाड़ीखेरा एवं परसोत्तमपुर के तिवारी परिवार सहित उनके इस्ट मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विनय तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया है।

# छिर्रहा में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य प्रवाह, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**पवई।** पवई तहसील के ग्राम छिर्रहा में नत्थू सिंह परमार के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। कथा का आयोजन दीपेंद्र सिंह और शैलेन्द्र सिंह की अगुवाई में भव्य रूप से किया जा रहा है। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेन्द्र कुमार शास्त्री जी (सतना) ने अपनी भावपूर्ण वाणी से सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और भरत चरित्र का मनोहारी वर्णन किया। श्रोताओं की आंखें उस समय नम हो गईं जब उन्होंने माता सती के आत्मबलिदान की कथा सुनी। बालक ध्रुव की अडिग तपस्या और भगवान नारायण से प्राप्त आशीर्वाद ने भक्ति और संकल्प की शक्ति को उजागर किया।

# बी पी मेमोरियल विद्यालय के छात्र सौरभ कुशवाहा ने बढ़ाया शाहनगर का मान, प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर रचा इतिहास

**पवई।** शाहनगर से एक गर्व की खबर सामने आई है। बी पी मेमोरियल विद्यालय के छात्र सौरभ कुशवाहा पिता रामसुख खुशवाहा ने प्रदेश स्तरीय परीक्षा में दसवां स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे शाहनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सौरभ की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और परिजन बेहद गर्वित हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सौरभ शुरू से ही एक मेहनती और अनुशासित छात्र रहा है, और उसकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि अगर मन में दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी सौरभ को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल सौरभ की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि शाहनगर क्षेत्र के लिए भी एक गौरव का क्षण है। सभी क्षेत्र वाशियो ने बधाईया प्रेसित की हैं। तथा सभी ने उज्जवल भविष्य की बधाईया प्रेसित की हैं।


NIFTEM KUNDLI
MOFPI MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES GOVERNMENT OF INDIA

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान, कुंडली
(खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान (आईएनआई)
प्लॉट सं. 97, सेक्टर-56, एचएसआईआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र, कुंडली-131028, सोनीपत, हरियाणा
वेबसाइट : www.niftem.ac.in, ई-मेल : admission@niftem.ac.in फोन : 0130- 228-1101

प्रवेश सूचना 2025-26

| महत्वपूर्ण तिथियां | प्रारंभिक तिथि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| एम.टेक. गेट/नॉन-गेट, एम.बी.ए., ई-एम.बी.ए. और पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन | 22.04.2025 | 02.06.2025 |
| बी.टेक. पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन | 19.05.2025 | *30.06.2025 |

*बारहवीं कक्षा और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के परिणामों की घोषणा के आधार पर अंतिम तिथि बढ़ाई जा सकती है।

निफ्टेम-कुंडली में प्रस्तुत पाठ्यक्रम

1. बी.टेक. खाद्य प्रौद्योगिकी और प्रबंधन (एफटीएम) में चार वर्षीय नियमित डिग्री पाठ्यक्रम
(i) 100 सीट, प्रवेश जेओएसएए/सीएसएबी-2025 के माध्यम से और (ii) 100 सीट, वैध जेईई/सीयूईटी/एनईईटी 2025 स्कोर के माध्यम से।

2. एम.टेक. निम्नलिखित विषयों में दो वर्षीय नियमित डिग्री पाठ्यक्रम :
(i) खाद्य प्रौद्योगिकी और प्रबंधन (एफटीएम) (ii) खाद्य प्रसंस्करण इंजीनियरिंग और प्रबंधन (एफपीईएम) (iii) खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन (एफएसक्यूएम) (iv) खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (एफएससीएम) और (v) खाद्य संयंत्र प्रचालन प्रबंधन (एफपीओएम)

3. एम.बी.ए. दोहरी विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय नियमित डिग्री पाठ्यक्रम :
(i) खाद्य एवं कृषि व्यापार प्रबंधन (अनिवार्य) और
(ii) विपणन/वित्तीय/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार (किसी एक का चयन करना होगा)

*एग्जीक्यूटिव एम.बी.ए. दोहरी विशेषज्ञता के साथ दो साल का डिग्री पाठ्यक्रम :
(i) विपणन (ii) वित्तीय (iii) खाद्य एवं कृषि व्यापार प्रबंधन

4. पीएचडी (पूर्णकालिक/औद्योगिक प्रायोजित/अकादमिक प्रायोजित) निम्नलिखित विषयों में नियमित डिग्री पाठ्यक्रम :
(i) खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एफएसटी), (ii) खाद्य इंजीनियरिंग (एफई), (iii) खाद्य व्यापार प्रबंधन और उद्यमशीलता विकास (एफबीएमएंडईडी), (iv) अंतर्विषयक विज्ञान (आईडीएस), (v), कृषि और पर्यावरणीय विज्ञान (एईएस)

आवेदन कैसे करें : आवेदकों को https://niftemadm.samarth.edu.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
अनारक्षित/ओबीसी-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस श्रेणियों से संबंधित आवेदकों को प्रत्येक आवेदन पत्र के लिए 1000/- रुपये आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी श्रेणियों से संबंधित आवेदकों को प्रति आवेदन 500/- रुपये का शुल्क का भुगतान करना होगा। बैंक या किसी अन्य कार्ड आदि का प्रभार आवेदकों द्वारा वहन किया जाएगा।
पात्रता और अन्य विवरणों के लिए, आवेदकों को निफ्टेम-के की वेबसाइट www.niftem.ac.in पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का संदर्भ लेना चाहिए।

कुलसचिव

# पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में बनेगा ईको सेंसिटिव जोन

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में हुई मॉनीटरिंग समिति की प्रथम बैठक



**जागरण, पन्ना**

कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को मड़ला स्थित कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई। भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 5 जून 2024 को इसकी अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके लिए गठित समिति के अध्यक्ष एवं संभागायुक्त डॉ. रावत सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जायसवाल, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक के दौरान ईको सेंसिटिव जोन के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर, सहायक संचालक हरमन त्रिपाठी सहित केन-बेतवा लिंक अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

संभागायुक्त डॉ. रावत ने ईको सेंसिटिव जोन का नोटिफिकेशन जारी होने के उपरांत आयोजित मॉनिटरिंग कमेटी की प्रथम बैठक में कहा कि निर्धारित कार्य योजनानुसार ईएसजेड के लिए आगामी कार्यवाही की जाए। इसमें पन्ना, छतरपुर एवं दमोह जिले के 67 ग्रामों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप अनुसार आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने व 2026 तक जोनल मास्टर प्लॉन तैयार करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मॉनीटरिंग कमेटी के माध्यम से विभिन्न मुद्दों के निराकरण और प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सेंसिटिव जोन के संबंध में जारी निर्देशों के तहत तीन प्रकार के उपाय किए जाना हैं, जिसके तहत पूर्णतः प्रतिबंधित, नियंत्रित और बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दौरान ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नवीन उद्योग स्थापना पर भी रोक रहेगी। नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल व रिसोर्ट संचालित होंगे। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसमें रैन वॉटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं पौधरोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। बैठक में नेशनल पार्क की क्षेत्र संचालक द्वारा ईको सेंसिटिव जोन के बारे में जनजागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लॉन की आवश्यकता तथा विभिन्न प्रस्तावित जरूरी कार्यों व आवेदनों के निराकरण सहित समिति में विशेषज्ञों की नियुक्ति के संबंध में अवगत कराया गया। केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रस्तावित जोन के दृष्टिगत निर्धारित एसओपी का पालन कर इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों को भी अवरूद्ध किए बगैर समन्वय से जरूरी कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद द्वारा बैठक एजेण्डा और ईको सेंसिटिव जोन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 10वीं के आधार पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

पन्ना। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सत्र 2025-2026 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके प्रथम चरण में टीएफडब्ल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। पंजीयन की प्रक्रिया आगामी एक जून की रात्रि 11:45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश 10वीं के आधार पर होगा। दोनों संस्थाओं की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गाँव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत तकनीकी शिक्षा बहुउपयोगी है। इसमें विद्यार्थियों को अंतिम वर्ष में नामी कंपनियों जैसे वॉल्वो, टाटा मोटर्स, रोंच पॉलीमर, अशोक लीलैण्ड, जॉन डीयर, सुब्रोस लिमिटेड, जे.के. सीमेंट, जे.के. टायर आदि में प्लेसमेंट मिलने की संभावना होती है। प्रवेश व पंजीयन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक पन्ना तथा पवई स्थित संस्था में प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक अथवा नजदीकी एमपी ऑनलाइन कियोस्क पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। शाहनगर खरीदी केंद्र में परिवहन अभाव से किसानों को नुकसान, तुलाई के बाद भीगा गेहूं।

# 15 मई तक संचालित रहेगा ई-केवायसी का विशेष अभियान

## एक लाख 57 हजार से अधिक खाद्यान्न हितग्राहियों की ई-केवायसी शेष

**पन्ना।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन के लिए हितग्राहियों की वास्तविक पहचान हेतु ई-केवायसी का विशेष अभियान आगामी 15 मई तक निरंतर संचालित रहेगा। अभियान में शत-प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण कराने के लिए ग्रामीण उचित मूल्य दुकान स्तर पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामवार तथा शहरी उचित मूल्य दुकान स्तर पर वार्डवार शिविर निरंतर लगाए जा रहे हैं। पन्ना जिले में लक्षित 8 लाख 36 हजार 250 हितग्राहियों के विरूद्ध 80 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण कर ली गई है, जबकि एक लाख 57 हजार 679 हितग्राही शेष हैं। इस संबंध में दुकान विक्रेताओं को सर्वप्रथम शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण करने के उपरांत ही खाद्यान्न सामग्री वितरण के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि ई-केवायसी कैम्प के लिए उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं के अलावा ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड प्रभारी एवं उचित मूल्य दुकान के नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए विक्रेता एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उचित मूल्य दुकानवार ई-केवायसी से छूटे हितग्राहियों का सूक्ष्मता से सर्वे कर मृत हितग्राही तथा विवाह उपरांत अन्य स्थानों पर निवासरत महिला हितग्राहियों के चिन्हांकन के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही ऐसे हितग्राहियों की सूची तैयार कर तत्काल ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में राशन मित्र पोर्टल से नाम विलोपित करने की कार्यवाही के लिए भी कहा गया है। रोजगार के लिए बाहर पलायन करने वाले हितग्राहियों की पृथक सूची तैयार कर दूरभाष के माध्यम से ई-केवायसी कराने के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्तमान में उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन के अलावा मेरा ई-केवायसी एप के जरिए भी ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। जिला प्रशासन द्वारा भी ई-केवायसी से छूटे समस्त हितग्राहियों से आगामी 10 मई तक नजदीकी उचित मूल्य दुकान, शिविर एवं ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर ई-केवायसी कराने की अपील की गई है। खाद्य, सहकारिता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, एनआरएलएम, राजस्व इत्यादि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को भी अपने प्रभार क्षेत्र में सतत् भ्रमण कर छूटे

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 9 मई को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड संभाग पन्ना द्वारा शुक्रवार, 09 मई को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है।

# रेनबो पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर की ओसी जैन ने बढ़ाया गौरव, प्रदेश मेरिट में नवां स्थान



**पन्ना।** देवेंद्रनगर की प्रतिभावान छात्रा ओसी जैन ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश मेरिट सूची में नवां स्थान प्राप्त कर नगर और जिले का नाम रोशन किया है। रेनबो पब्लिक स्कूल की छात्रा ओसी ने 500 में से 492 अंक (98.4%) अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।

अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए ओसी ने कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं। भविष्य की योजनाओं को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनकर देश की सेवा करने का है। ओसी की मां गृहिणी एवं समाजसेविका हैं, जबकि पिता डॉ. अभिषेक जैन देवेंद्रनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. अभिषेक जैन स्वयं भी स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर दो दर्जन से अधिक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। रिजल्ट घोषित होते ही ओसी जैन के घर बधाइयों का तांता लग गया। रेनबो पब्लिक स्कूल के संचालक एवं प्राचार्य प्रमित अग्रवाल, मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी, महामंत्री विनोद गुप्ता, साईं रोटी कपड़ा बैंक, जीरो क्लब देवेंद्रनगर और पत्रकार विकास परिषद सहित अनेक संस्थाओं ने ओसी जैन को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। नगरवासियों ने भी इसे देवेंद्रनगर की गौरवमयी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर रेनबो पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने ओसी जैन को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गुखौर के मजदूर परिवारों के बच्चों ने रचा इतिहास, बदहाल स्कूल को भी दिलाई नई उम्मीद



पन्ना जिले के देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत गुखौर गांव के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। अधिकांशतः दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों ने तमाम आर्थिक और शैक्षणिक संसाधनों की कमी के बावजूद इस वर्ष जबरदस्त परिणाम दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गुखौर हाई स्कूल के 54 विद्यार्थियों में से 53 सफल हुए, जिनमें 6 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल कर गांव और स्कूल का नाम रोशन किया। टॉपर्स की सूचीः शिवराम कुशवाहा ने 97.2%, रामकृष्ण कुशवाहा ने 96%, नैंसी कुशवाहा और दीपांशी दहायत ने 93.6% अंक अर्जित किए, जबकि पूनम कुशवाहा ने 90.6% और प्रियांशु कुशवाहा ने 90.5% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरे क्षेत्र में इन बच्चों की सराहना हो रही है। विद्यालय के सरपंच मोजी लाल वर्मा और पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा ने विद्यालय परिवार को बधाई दी और शिक्षकों की मेहनत तथा समर्पण को विशेष रूप से रेखांकित किया। विषय शिक्षकों में कृष्ण कुमार शुक्ला (सामाजिक विज्ञान), शैलेंद्र जैन (गणित), अनुराधा पटेल (हिंदी) और मुकेश पांडे (संस्कृत) के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और सभी विषयों में 100% पासिंग रिकॉर्ड कायम रखा। हालांकि इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय की बदहाल स्थिति भी चर्चा में आ गई है।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 10वीं के आधार पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**पवई।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्गत डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके प्रथम चरण में टी एफ़ डबल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है । पंजीयन की प्रक्रिया 1 जून की रात 11:45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश 10वीं के आधार पर होगा, इसके लिए दोनों संस्थाओं की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गाँव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को देखते हुये तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है, इसमें विद्यार्थियों को अंतिम वर्ष के आते आते नामी कंपनियों जैसे वॉल्वो, टाटा मोटर्स, रोंच पॉलीमर, अशोक लैलेण्ड, जॉन डीयरे, सुब्रोस लिमिटेड, जे के सीमेंट, जे के टायर आदि में प्लेसमेंट मिलने की संभावना होती है। वर्तमान में अधिक जानकारी हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक पन्ना तथा पवई स्थित संस्था में प्रातः 10 से साँय 6 बजे तक एवं नजदीकी एमपी ऑनलाइन किओस्क पर संपर्क कर प्रवेश की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# सतगुवा सरपंच के सीईओ पर 12 लाख रिश्वत के गंभीर आरोप

## धारा 40 का नोटिस बना षडयंत्र की वजह,भ्रष्ट सरपंच के खिलाफ मानहानि कर खटखटाएंगे हाइकोर्ट के दरवाजे : सिद्ध गोपाल वर्मा



**टीकमगढ़।** जिले की जनपद पंचायत जतारा इन दिनों सुर्खियों में हैं। बीते दिन जहां सतगुवां पंचायत के कुछ ग्रामीणों ने तख्तियां लेकर सरपंच के निर्देशन में प्रदर्शन कर जनपद पंचायत सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा और उपयंत्री संतोष सिंह परिहार को मूल्यांकन जीरो करने के एवज में कुल 12 लाख रुपए रिश्वत के देने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं जनपद पंचायत सीईओ को हटाने की भी मांग की थी। पंचायत में रोजगार न मिलने,पंचायत के कामों को स्वीकृति न देने पंचायत जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। विकास न होने से पंचायत के लोगों कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसा ग्रामीणों के द्वारा बताया गया था।इस संबंध में जब मीडिया ने जनपद पंचायत सीईओ से सवाल किए गए तो उन्होंने कहा कि यह एक षड्यंत है। उन्होंने कहा कि नवम्बर 2023 में सरपंच द्वारा लगभग 16,17 कामों का एएस जारी कराया था। विधानसभा चुनाव के पहले बिना काम किए राशि आहरण कर ली गई थी। जब सीईओ ने समीक्षा की तो पाया कि पंचायत ने बिना काम पूर्ण किए 52 लाख रुपए निकाल लिए गए। सहायक यंत्री से बात की जिसके बाद जनपद पंचायत सीईओ ने पंचायत को धारा 40 का नोटिस जारी किया। जिसका लिखित रूप में जबाव आया कि एक माह में कार्य पूर्ण किया जाएगा। जब एक माह बाद काम पूरा नहीं हुआ और पुनः तीन माह की मांग की गई।ऐसा करके डेढ़ साल तक काम करते रहे। डेढ़ साल पहले राशि निकाल ली शासकीय राशि की वित्तीय अनियमितता की गई है।डेढ़ साल बाद सीईओ के द्वारा कम से कम पांच नोटिस जारी किए उन्होंने काम नहीं किया तो हमने जिला पंचायत सीईओ सक्षम अधिकारी को धारा 40 का पद से पृथक करने का प्रस्ताव भेजा जैसे प्रस्ताव भेजा तब उन्होंने उनको पूरा काम कराने का प्रयास किया। अभी तीन माह पहले इन्होंने तीन नाली निर्माण कार्य कराए जिसका मूल्यांकन हुआ है। इसके बाद जो अभियान चल रहे है। तो इसमें भी उन्होंने टेंट वाले खाने वाले को डबल भुगतान किए हैं जो जांच में पाया गया है। इस वित्तीय अनियमितता में सचिन को तत्काल निष्काशित हुए उनकी विभागीय जांच चल रही है जो पूर्ण होने को है। जांच में सचिव ने स्वीकार किया है। बिना काम के राशि निकाल ली थी। गलती की गई है और अब वर्तमान के हमने काम कर दिए हैं यह मूल्यांकन प्रस्तुत किए हैं। सीईओ ने कहा कि जांच में उन्हें मुक्त किया गया है जिसका उन्हें प्रतिवेदन भेजना है। आगे जनपद सीईओ ने बताया कि फिर से सरपंच द्वारा लगभग साढ़े 6 लाख रुपए पुनः कार्य के पहले निकाल लिए गए हैं फिर जब उनके कामों का सत्यापन किया गया तो अभी भी मौके पर कार्य नहीं है जिसके बाद पुनः धारा 40 का प्रस्ताव जिला सीईओ को भेजा गया है। जिससे बौखला रहे है। उन्होंने कहा कि उनके और उपयंत्री के ऊपर जो आरोप लगाए गए है वह गलत और निराधार हैं सहायक यंत्री सत्येंद्र सिंह यादव जो सरपंच का भतीजा है जिनके सहयोग से मूल्यांकन किया गया है और मौके पर देखा गया है मैं व्यक्तिगत रूप से जितने काम उनके होते गए उनके मूल्यांकन हर सप्ताह समीक्षा कर मूल्यांकन किए गए। अब सरपंच को भय है और जो धरातल पर कार्य किए बिना पैसे निकालने की आदत है वह चालू रखना चाहते हैं धारा 40 का प्रस्ताव लिखित है वित्तीय अनियमितता की थी राशि वर्तमान समय में निकलने के बाद डेढ़ साल बाद काम करने का कौन सा नियम है शासन का नियम कहता है जितना काम उतना मूल्यांकन और फिर उतनी राशि आहरण करें।

**आरोप से छवि धूमिल हुई खटखटाएंगे हाइकोर्ट के दरवाजे :** जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा ने कहा अगले दो दिन बाद वह इनको मानहानि का नोटिस दे रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ से निवेदन करेंगे और उसमें कुछ नहीं होता है तो वह हाईकोर्ट जाने के लिए बाध्य होंगे। जनपद सीईओ ने कहा यह जो नोटिस प्रस्ताव जारी हुए हैं उनके सारे रिकॉर्ड मीडिया को देंगे ऐसे भ्रष्ट सरपंच के द्वारा उन्हें और उनके उपयंत्री को षड्यंत्र रचकर फसाने का प्रयास किया गया है। ताकि जो डेढ़ लाख की अनियमितता की गई है उससे बचा जा सके जबकि सहायक यंत्री सत्येंद्र सिंह यादव सरपंच का भतीजा है उन पर कोई भी आरोप नहीं लग रहा है।

# पन्ना पुलिस द्वारा थाना सिमरिया के मोहन्द्रा चौकी क्षेत्र में अवैध शराब का भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं बिक्री हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी पन्ना राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जगतपाल सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरुप दिनांक 7/5/25 की दरमियानी रात को मुखबिर द्वारा चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उपनिरी स्मिता सिंह बघेल को सूचना दी गई कि ग्राम अतरहाई कुवरपुर करिया रोड पर दो व्यक्यि अवैध शराब लिये खडे है। जो कही जाने की फिराक मे है, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा द्वारा मुखबिर सूचना की जानकारी थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जे पी सिंह को दी गई जो थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु पुलिस टीम गठित की गई उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये अनुसार अतरहाई मोड कुवरपुर करिया रोड पहुँची तो दो व्यक्ति अपने दो प्लास्टिक की बोरिया रखे दिखे । पुलिस को अपनी तरफ आता देख दोनो लोग भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा दोनो संदेहियों से उनके नाम पता पूँछे गये जिन्होने अपने अपने नाम मुकेश कुर्मी एवं दूसरे ने अपना नाम रामकेश कुर्मी दोनो निवासी अतरहाई का होना बताये जिनके पास रखी बोरियो को चैक किया गया जो दोनो बोरियो मे कुल 7 पेटी अवैध शराब देशी मदिरा प्लेन, देशी मसाला तथा अंग्रेजी गोवा शराब एवं एक प्लाष्टिक की पन्नी मे 14 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 354 क्वाटर कुल शराब मात्रा करीब 63.72 लीटर कुल कीमती करीबन 33960 रुपये की एवं आरोपीगणो की तलाशी पर दो अदद जिओ कंपनी के कीपेड मोबाईल फोन एवं 3150 रुपये नगद होना पाये गये । पुलिस टीम द्वारा मौके पर उक्त शराब को जप्त किया जाकर आरोपीगणो को गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध थाना सिमरिया में अपराध क्र 184/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । गिरफ्तार आरोपीगणो को पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया है।

नाम पता आरोपीगण - 1. मुकेश कुर्मी निवासी अतरहाई 2. रामकेश कुर्मी निवासी अतरहाई थाना सिमरिया जिला

## पन्ना पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में अवैध शराब का भण्डारण कर विक्रय करने वाले व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो एवं अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एसडीओपी पन्ना के मार्गदर्शन मे विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा कार्यवाही हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरुप दिनांक 06/05/25 को थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बड़वारा मे सुंघा बाबा मंदिर के बगल से जाने वाली कच्ची रोड के किनारे एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुये है। थाना प्रभारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को मुखबिर सूचना से अवगत काराया गया।

जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी.सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी.हरवचन सिंह कुड़ापे के नेतृत्व में मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु पुलिस टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम बड़वारा मे सुघां बाबा मंदिर के बगल से जाने वाली कच्ची रोड के किनारे पहुँची, जहाँ पर एक संदिग्ध व्यक्ति अपने पास एक झाल रखे खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसको घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा मे लेकर उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम खलील खान पिता बसीर खान उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्र.3 देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र. का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा झाल को खोलकर चेक किया गया तो झाल के अन्दर खाखी रंग के 06 कार्टून(पेटी) रखे थे जिनको खोल के देखने पर उसमे अवैध देशी शराब रखा होना पाया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्रमांक 250/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से 06 पेटी मे रखी 54 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 30 हजार को जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

# मवेशियों को पकडऩे का अभियान ध्वस्त, सड़कों पर फिर से दिखाई देने लगे मवेशी, गौशालाएं बनी सोफीस

**टीकमगढ़।** बारिश में बेसहारा मवेशियों के कारण आमजनों कर परेशानियां बन गई है। हाइवें से लेकर मुख्य बाजार, विद्यालय, अस्पताल और एटीएमों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उनमा जमावड़ा लगा रहता है। मवेशियों को पकडऩे का अभियान ध्वस्त, सड़कों पर फिर से दिखाई देने लगे मवेशी

बारिश में बेसहारा मवेशियों के कारण आमजनों कर परेशानियां बन गई है। हाइवें से लेकर मुख्य बाजार, विद्यालय, अस्पताल और एटीएमों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उनमा जमावड़ा लगा रहता है। जिसमें आए दिन हादसें भी हो रहे है। कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका ने मवेशियों को पकडऩे का अभियान चलाया था। लेकिन वह अभियान कुछ ही दिनों में ध्वस्त हो गया है। ना ही नगरपालिका द्वारा इस अभियान को तबज्जों दिया जा रहा है।

नगरपालिका क्षेत्र और मुख्य मार्गो पर मवेशियों ने दिन हो या रात बैठना शुरू हो गया है। जिससे अब जाम की भी स्थिति बनती देखी जा रही है। और घटनाएं भी होती थी। कई बार उनके आपस में लडऩे से बाइकें और दुकानों को भी नुकसान होता है। तो कई बार वाहनों से टक्कर हो जाती थी। जिसके कारण दोनों ही घायल हो जाते है। कई बार तो हादसों में मवेशियों को जान भी गवानी पड़ जाती है। इन घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने लाखों रुपए की लागत से गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। लेकिन गोशालाएं खाली और सड़कों में मवेशी अपना डेरा बना लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर उन्हे पकडऩे का अभियान भी चलाया। लेकिन कुछ ही दिनों में वह ध्वस्त हो गया है। बीते महीनो पहले कलेक्टर के निर्देश पर अभियान चला लेकिन अब उस पर पूर्ण रूप से विराम लग गया है। गोपालपुरा गौशाला में छोड़ा नगरपालिका द्वारा पिछले महीनें कलेक्टर के निर्देश पर शहर और सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को पकडऩे का अभियान चलाया गया। 40 से 50 मवेशियों को गोपालपुरा गौशाला में छोड़ा गया था। लेकिन इस अभियान को सुचारू रूप से नहीं चलाया जा रहा है जिससे अब पुनः दुर्घटनाएं ट्रॉफिक सहित अन्य जनसमस्याएं भी आ रही है। अब फिर से झांसी रोड, छतरपुर रोड, ललितपुर रोड के साथ अन्य चौक चौराहों पर मवेशियों का डेरा है। गोशालाएं खाली पड़ी हैं गांव से शहर में मवेशी आ रहे जिले में सैकड़ों की संख्या में गोशालाओं का निर्माण किया गया है। उनका अतिथियों द्वारा लोर्कापण किया गया है। लेकिन वह खाली पड़ी हुई है। जिम्मेदार स्वसहायता समूहों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों द्वारा उन्हें गोशालाओं में रखने के प्रयास नहीं किए जा रहे है। जिसके कारण गांव के मवेशी शहर की ओर आने लगे है। जिसके कारण उनकी संख्या अधिक दिखाई देने लगी है।

# कलेक्टर ने की पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा



## योजना अंतर्गत चिन्हित पात्र हितग्राहियों को योजना के लाभ से कराएं लाभान्वित

**जागरण बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है इस योजना के तहत कारीगरों को कौशल विकास ॠण सुविधा उपकरण और बाजार सहायता जैसे लाभ मिलते हैं। कलेक्टर ने प्रशिक्षण केन्द्रो की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि योजना अंतर्गत पंजीकृत पात्र हितग्राहियों को उनके योजना के लाभ से लाभान्वित करायें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रो की संख्या में वृद्धि कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिलाएं तथा योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाएं। उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि हितग्राहियों को उच्च स्तर का कौशल प्रशिक्षण मिले और उनमें अच्छे मार्केटिंग स्कील का विकास करायें। साथ ही निर्देश दिए कि योजना के तहत बैंको के माध्यम से मिलने वाला ॠण हितग्राहियें को सुगमता से मिल सके इसकी भी मानीटरिंग किया जाये। कलेक्टर कहा कि योजना अंतर्गत परंपरागत रूप से काम करने वाले 18 तरह के कारीगर इस योजना का फायदा उठा सकते हैं। इनमें बढ़ई नाव बनाने वाले लोहार अस्त्रकार ताला साज सोनार कुम्हार मूर्तिकार चर्मकार राजमिस्त्री चटाई.झाडू बनाने वाले खिलौने बनाने वाले मालाकार धोबी दर्जी मछली के जाल बनाने वाले कारीगर एवं शिल्पकार शामिल हैं उन्होंने कहा प्राथमिकता के आधार पर संबंधितो को लाभान्वित कराए। उन्होंने सिंगरौली जिलें अंतर्गत स्थानीय स्तर प्रचलित उत्पादो से जुड़े कारीगरों को चिन्हित कर उन्हे योजना के लाभ से लाभान्वित कराएं। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी जीएम डीआईसी नवीन कुशवाहा एजीएम डीआईसी प्रशांन्त पाण्डेय जिला समन्वयक पीएम विश्वकर्मा योजना इशू सिंह उपस्थित रहे।

# शत प्रतिशत रहा विजडम हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम









**जागरण चितरंगी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की वार्षिक परीक्षा परिणाम मे विजडम हायर सेकेंडरी स्कूल चितरंगी का परिणाम शत प्रतिशत रहा है जिसमे कक्षा 12 वी मे कु. शालू सिंह ने 401 अंक प्राप्त कर जीव विज्ञान संकाय मे अंग्रेजी माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही शिवेंद्र सिंह ने गणित संकाय मे 397 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं अम्बिकेश सेन ने 372 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवन्वित किया है। वही हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है जिसमे सीमा सेन ने 445 अंक अर्जित कर विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है आदित्य प्रताप सिंह 431 अंक अर्जित कर द्वितीय एवं नीलम जायसवाल ने 419 अंक अर्जित कर विद्यालय मे तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय विजडम हायर सेकेंडरी स्कूल चितरंगी का लगातार स्थापना वर्ष से बोर्ड परीक्षाओ मे परिणाम अभी तक शत प्रतिशत रहा है। छात्र छात्राओं के इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक रूद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह एवं सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए हर्ष जताया है। और सभी अभिवावको का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है की आने वाले समय मे इससे और बेहतर परिणाम लाने हेतु और अधिक प्रयास किया जायेगा जिससे क्षेत्र मे बेहतर शिक्षा का एक केंद्र स्थापित किया जा सके।

# डीपीएस विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में पीपीटी के माध्यम से दर्शाया गया डा. कृष्णास्वामी कस्तूरी रंगन का व्यक्तित्व





**जागरण विंध्यनगर।** शिक्षा ही सच्चे सामाजिक परिवर्तन की आधार शिला है इस उक्ति को चरितार्थ करने वाले महान वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरी रंगन के व्यक्तित्व व कृतित्व को पीपीटी के माध्यम से दर्शाया गया। 24 अक्टूबर 1940 को केरल के एर्नाकुलम में जन्मे डॉ. कस्तूरीरंगन का जीवन अनुशासन दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। भारत की शिक्षानीति के शिल्पकार के रूप में आपने दो महत्तपूर्ण क्षेत्रों अंतरिक्ष अन्वेषण और शिक्षा सुधार में अपनी अमिट छाप छोड़ी। पदम भूषण एवं पद्म विभूषण अवार्ड से सम्मानित इस महान विभूति को देश हमेशा याद रखेगा। इसी कार्यक्रम में पीपीटी विजेता प्रतिभागियो के साथ प्रोडिज़ीहंट के विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित गया। पीपीटी प्रतियोगिता में विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक सत्यभान महापात्रा एवं रेवती गंगाहर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ.पाण्डेय ने महान वैज्ञानिक डॉ. कस्तूरी रंगन के जीवन से शिक्षा प्राप्त करने के साथ विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।

# 12 वीं बोर्ड कला संकाय में मनीष ने प्रदेश में हासिल की दसवीं रैंक

## जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल ने किया प्रोत्साहित आगे की शिक्षा के लिए हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

**जागरण बैढ़न।** वार्ड नंबर 22 घोरौली कला के एक गरीब आदिवासी परिवार का लड़का मनीष कुमार पनिका ने एमपी बोर्ड में कक्षा 12 कला संकाय से अव्वल अंकों से उत्तीर्ण कर प्रदेश में 10 वा स्थान प्राप्त कर किया अपने गांव व सिंगरौली जिले का नाम रोशन किया आज जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल अपने गृह ग्राम घोरौली कला निवासी एक आदिवासी गरीब मजदूर परिवार राधेश्याम पनिका के पुत्र मनीष कुमार पनिका के 12 वी कक्षा के प्रदेश में 10वा रैंक लाने पर पहुंचे उनके घर बधाई देने घर पहुंच के गांव के लाल को श्रीफल साल भेंट कर माला पहनाते हुए उत्साहवर्धन व आगे शिक्षा के लिए प्रेरित कर बधाई व शुभकामनाएं दिए एवं आगे शिक्षा को लेकर आने वाले किसी भी आर्थिक समस्याओं आदि को लेकर मदद के लिए आश्वस्त किए श्री चंदेल द्वारा बताया गया एम पी बोर्ड का रिजल्ट कल आउट हुआ जिसमें प्रदेश भर में कई छात्रों ने टॉप किया जिसमें हमारे गृह ग्राम का लड़का मनीष कुमार पनिका पिता राधेश्याम पनिका ने सरकारी उत्कृष्ट विद्यालय वैढन से पढ़ाई कर कक्षा 12वी कला संकाय से 500 पूर्णांक में 480 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत से उत्तीर्ण कर प्रदेश में 10वा रैंक लाकर अपने गांव विद्यालय समाज के साथ जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है बता दे लड़के के पिता एक सामान्य गरीब मजदूर परिवार से है जो मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते है ऐसे में अव्वल अंकों से उत्तीर्ण करना इस बात का घोतक है कि शिक्षा आर्थिक समस्याओं अमीरी गरीबी का मोहताज नहीं है बस लगन व उत्साह होना चाहिए उम्मीद है आगे छात्र/छात्राएं इनसे प्रेरणा लेंगे उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे कांग्रेस श्रमिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के पी सिंह जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर महामंत्री तुला प्रसाद कुशवाहा कार्यालय महामंत्री सुदामा प्रसाद कुशवाहा मानवाधिकार से आलोक शुक्ला शिक्षक धर्मराज पनिका एवं ओमप्रकाश वर्मा आदि ने भी माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर उत्साहित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।



# एनसीएल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में निक्षय पत्र कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**जागरण सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड एनसीएल ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए निक्षय पत्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने हेतु उन्हें उचित पोषण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना है। एनसीएल की निक्षय पत्र पहल के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में 6 माह की अवधि तक टीबी रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा जिसमें पौष्टिक आहार जैसे मूँगफली चना आटा दाल और तेल जैसी सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के पहले दिन ही 100 लोगों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक रामनिवास शाह जिला कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला स्थानीय जन प्रतिनिधि सीएमएचओ डॉ. एन.के.जैन जिला क्षय अधिकारी डॉ. विशेष सिंह और सीएमएस एनसीएल डॉ. विवेक खरे डॉ. डी. जे.बोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सिंगरौली परिक्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से एनसीएल ने 5 फरवरी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के साथ एमओयू किया था। इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल ने सीएसआर मद से 4.63 करोड़ रुपये खर्च कर सिंगरौली में टीबी रोग के त्वरित निदान के लिए सीबीएनएएटी/एनएएटी मशीन स्थापित की है। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू भी संचालित की जा रही है।

# डामर प्लांट हरे भरे पेड़ पौधों की दे रहा है बलि



**जागरण सरई।** ग्राम पंचायत झारा के करवाही टोला में स्थापित डामर प्लांट जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा खुलेआम एनजीटी के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। सिंगरौली जिला के सरई तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झारा के करवाही में संचालित डामर प्लांट के आसपास के पेड़.पौधे पौधे लगातार सूखते जा रहे हैं। डामर प्लांट यानि जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगातार डस्ट उड़ाया जा रहा है। जो उड़कर पेड़.पौधों के पत्तों पर लगातार जम रही है। वहीं डस्ट पौधों के पत्तियों पर एक मोटी परत बन जाती है। जिससे पेड़ पौधे अपना प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं कर पाते हैं और भोजन के अभाव में धीरे.धीरे सूख जाते हैं। परंतु जंगल विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को यह सब दिखाई नहीं दे रही है। वहीं आसपास के किसान भी फसल नष्ट हो जाने व उत्पादन लागत से कम होने के कारण आंसू बहा रहे हैं। जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा डामर पकाने के दौरान जो विषैली धुआं निकलते हैं। उससे आसपास के रहवासी व सरई. भुईमाड़ रोड से गुजरने वाले लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। होने के बावजूद भी जे के कंस्ट्रक्शन कंपनी पर कार्रवाई करने के लिए कोई तैयार नहीं है। विगत 20 मार्च को उपखंड अधिकारी देवसर के संज्ञान में यह मामला लाया गया था। परंतु इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रिप एवं मलचिंग तकनीक से खेती कर अपनी आय दुगनी करने में सफल हुए किसान

**जागरण बैढ़न।** जिलें के युवा किसान ग्राम बरहपान विकास खण्ड बैढ़न ने परम्परिक खेती की जगह जैविक विधि से खेती कर अपनी आय को दुगनी करने में सफल रहे। किसान ने बताया कि पहले परम्परिक खेती करने में पैसे ज्यादा खर्च होते थे लेकिन पैदावार समिति रहती थी। लेकिन जब से उद्यानिकी विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री कृषि सिवाई योजना अंतर्गत ड्रिप एव मलचिंग तकनीकी के माध्यम से खेती प्रारंभ की है उससे मेरी फसल की पैदावार में बढ़ोत्तरी हुई तथा मेरी कमाई भी दुगनी हो गई है। किसान ने बताया कि जैविक विधि से मैने करैला भिण्डी टमाटर मिर्च धनिया की खेती की मेरी लागत लगभग 42 हजार रूपये लगी तथा इन सब्जियो को बेचने पर मुझे कुल 1 लाख रूपये की आमदनी हुई है। खेती का खर्च हटाने के बाद मुझ 60 हजार रूपयें का मुनाफप्राप्त हुआ। मेरे जीवन में आए इस बदलाव में उद्यनिकी विभाग के अधिकारियो बहुत बड़ा योगदान है।

# जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रारंभ

**जागरण बैढ़न।** प्रचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एनके पटेल ने बताया कि जिले की शासकीय आईटीआई सिंगरौली बरगवों देवसर सरई एवं चितरंगी में प्रवेश सत्र 25 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। उन्होने बताया कि एनसीव्हीटी एससीव्हीटी पाठ्क्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑन लाइन के माध्यम से पंजीयन 1 मई से 31 मई आवेदन कर इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता चयन दिनांक 10 से 31 मई तक कर सकेगें। उन्होंने बताया कि प्रथम चयन सूची ऑन लाईन के माध्यम से जारी की जायेगी। एवं प्रथम चयन सूची के आवेदको का प्रवेश आवंटन पत्रों की ऑन लाईन उपलब्धता आवंटित संस्था में उपस्थिति मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश सम्बन्धित संस्थाओं में 18 से 20 जून तक प्राप्त करना होगा। चयन सूची के आवेदकों को ऑन लाईन के माध्यम से एसएमएस द्वारा सूचित किया जायेगा। संस्थाओं में प्रवेश हेतु व्यवसायवार उपलब्ध सीटों की जानकारी से प्राप्त कर सकेगें।

# खानुआ खास में जन अभियान परिषद की प्रस्फूटन समिति खानुआ खास द्वारा खानुआ नदी में किया बोरी बंधान

**जागरण बैढ़न।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम खानुआ खास मे म. प्र.जन अभियान परिषद की प्रस्फूटन समिति खानुआ खास द्वारा खानुआ नदी मे बोरी बंधान किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित जन को जल शपथ दिलाई गई। साथ ही जल संरक्षण एवं जल के महत्व को बताया गया। ग्राम पंचायत अंतर्गत जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान खेत तालाब निर्माण रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कूप में सोक पिट रिचार्ज निर्माण आदि के बारे में चर्चा करते हुए अधिक से अधिक जल संरक्षण गतिविधियों हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद हर्षोल्लासपूर्ण तरीके से उपस्थित महिलाएं पुरूष एवं ग्रामीणजनों के द्वारा झरिया नाला एवं दराहिया नाला पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वरिष्ठ जन सरपंच सचिव अन्य समितियों के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।





## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.793 |
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.482 |
| पंजाब | 11 | 07 | 03 | 15 | 0.376 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.362 |
| कोलकाता | 11 | 05 | 05 | 11 | 0.249 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 12 | 03 | 06 | 06 | -0.718 |
| चेन्नई | 11 | 02 | 09 | 04 | -1.117 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 510 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 509 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 508 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 505 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 20 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 18 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 16 |



## बाउंड्री मीटर



943 छक्के
1693 चौके
112 अर्धशतक

ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है।

# फॉर्म में चल रही पंजाब के खिलाफ दिल्ली के लिए 'करो या मरो' मुकाबला

## मैच शाम 7.30 से बजे होगा



**धर्मशाला, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है। पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया। उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी। पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये। दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए। अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे। दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी गहराई है। ट्रिस्टन स्टब्स , विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है। यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था। दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 11 में से सिर्फ तीन मैच गंवाये हैं और तालिका में तीसरे स्थान पर है। दिल्ली की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है जबकि पंजाब के सलामी बल्लेबाजों ने उसे हमेशा शानदार शुरूआत दी है। प्रभसिमरन सिंह अभी तक 437 रन बना चुके हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं। प्रियांश आर्य 347 रन बना चुके हैं जबकि नेहाल वढेरा और शशांक सिंह ने भी जरूरत पड़ने पर उम्दा प्रदर्शन किया है। मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और विपराज निगम समेत दिल्ली के पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण है । दूसरी ओर पंजाब के लिये अर्शदीप सिंह 16 विकेट ले चुके हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक के साथ 14 विकेट चटकाये हैं। उनके अलावा मार्को जानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, विजयकुमार विशाख और मार्कस स्टोइनिस के विकल्प भी हैं।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करूण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

# धर्मशाला एयरपोर्ट बंद हुआ, रोड के रास्ते पहुंचेगी मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली।** धर्मशाला का खूबसूरत स्टेडियम आईपीएल में पंजाब किंग्स का दूसरा घर है। इस मैदान पर कल यानी गुरुवार आठ मई को मेजबान टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से है। इसके बाद पंजाब की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी। लेकिन सवाल ये है कि मुंबई अब धर्मशाला पहुंचेगी कैसे? ये सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि धर्मशाला का एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। इसका कारण है ऑपरेशन सिंदूर। पिछले महीने पहलगाम में हुए आंतकी हमले की जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने पाकिस्तान में कल रात एयरस्ट्राइक कर दी और आंतकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसी के बाद से उत्तर-पश्चिमी इलाकों में भारत ने कई एयरपोर्ट को अगले आदेश तक बंद कर दिया है जिसमे चंडीगढ़, धर्मशाला, लेह, जम्मू, श्रीनगर और अमृतसर शामिल हैं। अब सवाल ये है कि मुंबई की टीम मैच के लिए धर्मशाला कैसे पहुंचेगी। इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक अपडेट तो आया नहीं है,लेकिन मुंबई की टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद रोड के जरिए धर्मशाला पहुंच सकती है। चंडीगढ़ उतरकर भी टीम धर्मशाला जा सकती थी, लेकिन ये एयरपोर्ट भी बंद है। दोनों टीमों के बीच ये मैच 11 मई रविवार को खेला जाना है। तब तक अगर एयरपोर्ट खुल जाता है तो फिर कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन अगर नहीं खुलता है तो फिर सड़कमार्ग से ही टीम को धर्मशाला पहुंचना होगा।

# रोहित का टेस्ट से संन्यास

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी। टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे। बुधवार शाम को रिपोर्ट्स आई थीं कि उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी से हटाया जाएगा। जिसके बाद उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। रोहित ने भारत को 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जिताने के बाद सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने इस फॉर्मेट का टॉप स्कोरर बनकर अलविदा कहा। वे वनडे खेलना जारी रखेंगे, इस फॉर्मेट में भी वे टीम इंडिया को आईसीसी की चैंपियंस ट्रॉफी जिता चुके हैं।

**सपोर्ट के लिए बोले धन्यवाद :** रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, हैलो, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहा हूं। रेड बॉल क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव का पल रहा। प्यार और सपोर्ट के लिए सभी को धन्यवाद। मैं वनडे फॉर्मेट में देश के लिए खेलते रहूंगा।

**आस्ट्रेलिया में रहे फ्लॉप :** ऑस्ट्रेलिया में रोहित का औसत 24.38 और साउथ अफ्रीका में 16.63 का ही रहा। हालांकि, इंग्लैंड में उन्होंने 44.66 के औसत से रन बनाए। वे पिछले दौरे पर ओपनिंग करते हुए शतक भी लगा चुके थे। रोहित के रिटायरमेंट के बाद अब यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल इंग्लैंड पर ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में पिछले दौरे पर रोहित ने शुरुआती मैचों में ओपनिंग नहीं की थी। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ओपनिंग करते हुए सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

**भारत को मिलेगा नया टेस्ट कप्तान :** रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद अब यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋभ पंत के नाम सबसे आगे चल रहे हैं। इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत जून में होगी।



| | |
|---|---|
| 67 | टेस्ट |
| 4361 | रन |
| 40.57 | औसत |
| 12 | शतक |
| 18 | अर्धशतक |

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी



**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने इस हमले में दर्जनों आतंकवादियों को मार गिराकर पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया है। वहीं इस हमले के बाद भारत में सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। भारत और पाकिस्तान में इस तनाव के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। भारतीय क्रिकेट जगत के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक आईपीएल 2025 इस समय जारी है। आईपीएल के कई मुकाबले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। इन मैच के बीच एक धमकी भरा मेल गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को आया है। इस मेल में नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में लिखा है कि हम तुम्हारे स्टेडियम को उड़ा देंगे। ये ईमेल पाकिस्तान के नाम से गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को आया है।

## सुरक्षा एजेंसियों की जांच शुरू

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को ये मेल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और इस मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। ये धमकी भारतीय सेना के पाकिस्तान पर किए हमले ऑपरेशन सिंदूर के बाद आई है। वहीं देखा जाए तो आने वाले समय में आईपीएल के दो अहम मुकाबले इस स्टेडियम में खेल जाएंगे। इस वजह से अहमदाबाद में स्टेडियम के साथ ही इसके आस-पास के इलाकों में भी जांच शुरू हो गई है।

# पाकिस्तान पर स्ट्राइक का आईपीएल में कोई असर नहीं शेड्यूल के मुताबिक 25 मई को कोलकाता में फाइनल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग में इसका असर देखने को नहीं मिलेगा और टूर्नामेंट सामान्य रूप से जारी रहेगा। सीजन में आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स की टीमें आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट 22 मार्च से खेला जा रहा है। इस सीजन 74 मैच खेले जाने हैं। इनमें से मंगलवार तक 56 मैच खेले जा चुके हैं। अब फाइनल सहित 18 मैच बचे हुए हैं। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होना है।

**पहलगाम अटैक में 26 टूरिस्ट मारे गए :** पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक भी था। 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे।

## आईपीएल के मैच चार बार देश से बाहर खेले गए



**2009 :** पहली बार 2009 में लोकसभा चुनाव होने के कारण आईपीएल के सभी मुकाबले साउथ अफ्रीका में खेले गए थे, क्योंकि चुनाव की वजह से सरकार ने मैच में पर्याप्त सुरक्षा देने से मना कर दिया था।

**2014 :** लोकसभा चुनाव के कारण आईपीएल का पहला चरण से 16 से 30 अप्रैल तक यूएई में आयोजित किया गया था। उसके बाद 2 मई से आईपीएल भारत में खेला गया। 2014 में 16 अप्रैल को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का पहला मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था।

**2020 :** कोरोना के कारण आईपीएल मार्च में नहीं हुआ और इसका आयोजन सितंबर में यूएई में कराया गया।

**2021 :** आईपीएल को देश के चार स्थानों दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई में कराने का फैसला किया गया। 9 अप्रैल से टूर्नामेंट शुरू भी हुआ। लेकिन, खिलाड़ियों में कोरोना संक्रमण के कारण टूर्नामेंट को बीच में रोकना पड़ा और टूर्नामेंट के बचे हुए मैच सितंबर-अक्टूबर में यूएई में खेला गया।

## शोएब मलिक के घर पर भी हुआ भारत का एयर स्ट्राइक का असर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंगलवार की रात भारतीय सेना और वायु सेना ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें तबाह कर दिया। इन जगहों में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक का पैतृक गांव सियालकोट भी शामिल था। भारत ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पाकिस्तान और पीओके में कुल 9 जगहों पर एयर स्ट्राइक हुई, इसे ओपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया। हमले की लोकेशन को पहले ही चिन्हित कर लिया था, ये वो ठिकाने थे जहां से भारत में आतंकवाद फैलाने की साजिश रची गई थी। भारत ने ये भी साफ किया कि इस हमले में किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को टारगेट नहीं बनाया गया। पाकिस्तान के आम नागरिकों की भी मौत इसमें नहीं हुई।

**शोएब मलिक के पैतृक गांव में हुई एयर स्ट्राइक :** भारतीय सेना की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस में हमले के बारे में ब्रीफ किया गया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने एयर स्ट्राइक में टारगेट की गई लोकेशन के बारे में बताया। उन्होंने कहा, पहला लक्ष्य सियालकोट में सरजाल कैंप था, ये अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किलोमीटर दूर है। मार्च 2025 में इस कैंप में प्रशिक्षित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर पुलिस के 4 जवानों की हत्या के लिए जिम्मेदार थे। दूसरा लक्ष्य सियालकोट में महमूदा जया कैंप था, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18 से 12 किलोमीटर दूर स्थित है। यह हिजबुल मुजाहिदीन का एक बड़ा कैंप था और कठुआ-जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद फैलाने के लिए केंद्र के रूप में काम करता था। आपको बता दें कि शोएब मलिक का पैतृक गांव सियालकोट ही है। 1 फरवरी 1982 को शोएब का जन्म सियालकोट में पंजाबी राजपूत परिवार में हुआ था। उनके पिता फकीर हुसैन की जूतों दुकान थी।

# पंड्या-नेहरा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जुर्माना





**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिये भारी जुर्माना लगाया गया जबकि गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिये जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाये गए। मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर तीन विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। मुंबई की बाकी टीम और स्थानापन्न खिलाड़ियों पर छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। नेहरा की गलती के बारे में विज्ञप्ति में बताया नहीं गया लेकिन बार बार बारिश के कारण मैच रूकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया। वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे। आईपीएल ने कहा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। उन्होंने लेवल एक का अपराध किया है जो खेलभावना के विपरीत आचरण के संबंध में है । उन्होंने सजा स्वीकार कर ली है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर तेंदुलकर बोले- हम एक हैं निडर हैं



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडियन फोर्सेस की तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- एकता में निडर, असीमित शक्ति। भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं, जय हिंद, ऑपेशन सिंदूर। सचिन तेंदुलकर भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन हैं। इंडियन फोर्सेस ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मंगलवार देर रात कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए हैं। पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी।



## भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा खड़ा है : धवन

भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन पहलगाम हमले के बाद शाहिद अफरीदी से सोशल मीडिया पर भिड़ गए थे। अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद धवन ने ट्वीट करते हुए लिखा- भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से खड़ा है, भारत माता की जय।

## आईसीसी इवेंट्स में भी भारत को पाक से नहीं खेलना चाहिए



टीम इंडिया के हेड कोच और पूर्व बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, जय हिंद, ऑपरेशन सिंदूर। अब भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी मैच नहीं हो सकता है, चाहे वो आईसीसी में ही साथ खेलना क्यों न हो।

## इरफान ने की सेना की तारीफ



पूर्व इंडियन ऑलराउंडर इरफान पठान ने पोस्ट शेयर कर भारतीय सेना की तारीफ की है। इरफान ने अपने पोस्ट में जय हिंद लिखकर भारतीय सेना से जज्बे को सलाम किया है।

# भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल में

**शंघाई, जेएनएन।** भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें बुधवार को विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए। कंपाउंड तीरंदाजों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक में शामिल रिकर्व वर्ग में निराशा हाथ लगी। धीरज बोम्मादेवरा ही शीर्ष दस में जगह बना सके जबकि बाकी का क्वीफाइंग दौर में स्कोर खराब रहा। भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239 . 232 से हराया। इसके बाद डेनमार्क को 232-231 से मात दी। महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया। इसके बाद ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उसका सामना मैक्सिको से होगा। ब्रिटेन के खिलाफ पुरूष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में भारत ने पहली सीरिज 59-60 से गंवा दी जिसके बाद 60-58 से जीता।

# प्रथम स्व. जीएस पठानिया मेमोरियल-15 बॉयज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 8 मई से



**भोपाल, जेएनएन।** अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा जवाहर लाल नेहरू स्कूल में 8 मई 2025 से प्रथम स्वर्गीय श्री जी एस पठानिया मेमोरियल -15 बॉयज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।प्रतियोगिता बीडीसीए से मान्यता प्राप्त है। इस प्रतियोगिता के बारे मे जानकारी देते हुए आयोजन सचिव अभय गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग ले रही है जिन्हे चार पूल में बाटा गया है। यह प्रतियोगिता लीग कम नाकआउट पद्धति पर खेलीं जाएगी। प्रतियोगिता मे 50-50 ओवर के मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता सफेद ड्रेस में रेड बॉल से खेली जाएगी। प्रतियोगिता मे प्लेयर ऑफ द मैच के अलावा मेन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के अलावा सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरुस्कार भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम टीम और उनके पूल इस प्रकार है- **पूल ए**-अंकुर अकादमी, अकीरा अकादमी, वी एस अकादमी, कैप अकादमी, **पूल बी**- एनसीसीसी, उड़ान अकादमी, क्रिकिंगडम अकादमी, एसजीसीए, **पूल सी**-अरेरा अकादमी, गर्वित अकादमी, सिलीपॉइंट, आरसीसी, पूल डी-रेलवे यूथ, यूसीसीए, एस अकादमी, अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी।

# मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीते

## पदक तालिका में प्रथम तीन में पंहुचा

## खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025(बिहार)

**भोपाल, जेएनएन।** खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का अयोजन दिनांक 04-15 मई 2025 तक पटना (बिहार) में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश 18 खेलों में 176 खिलाड़ी और 53 सपोर्ट स्टॉफ सहित कुल 229 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता बिहार में पटना, राजगीर, भागलपुर,नई दिल्ली, गया में आयोजित हो रही है। मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने आज 6 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 11 पदक अपने नाम किये। अब तक मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 14 पदक आर्जित किए हैं, मध्य प्रदेश मैडल टैली में तीसरे स्थान पर आ गया है खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए बताया- मलखंभ और शूटिंग खिलाड़ियों का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा हैं। खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर मध्य प्रदेश को सम्मान दिलाया है, पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई। मलखंभ-मध्य प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों ने मलखंभ में अपना शानदार प्रदर्शन आज भी जारी रखते हुए आज 4 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक आपने नाम किए। उल्लेखनीय है खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 - मलखंभ में कुल 9 स्वर्ण पदक दाव पर हैं, अब तक 7 स्वर्ण पदक के मुकाबले हुए जिसमे मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण पदक आर्जित किये हैं, अभी 2 स्वर्ण पदक के मुकाबले होना शेष हैं। मध्य प्रदेश के देवेन्द्र पाटीदार ने अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देते हुए, आल राउंड व्यक्तिगत बालक वर्ग में स्वर्ण, पोल मलखंभ व्यक्तिगत बालक वर्ग में स्वर्ण, हैंगिंग मलखम्ब व्यक्तिगत बालक वर्ग में स्वर्ण और रोप मलखम्ब व्यक्तिगत बालक वर्ग में रजत पदक सहित कुल 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किया। संचालक खेल और युवा कल्याण, श्री राकेश गुप्ता ने भी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है, मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने आज चौथे दिन ही स्वर्ण पदक के पिछले साल के प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से नयी आशा जगी है, हमारे खिलाड़ियों ने एक बार फिर मलखंभ में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। शॉटगन शूटिंग खिलाड़ियों ने भी प्रदेश का मान बढ़ाया है।



## नकली सॉफ्ट ड्रिंक की छापेमारी कर सैंपलिंग की

**सतना।** मैहर जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक गौड ने बाजार में बिक रहे नकली सॉफ्ट ड्रिंक की छापेमारी कर सैंपलिंग की गई। शिकायतकर्ता पी.के. मिश्रा अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के पदाधिकारी निवासी बड़ीमाई मैहर ने बताया कि विगत कई दिनों से मैहर नकली पानी बोतल और सॉफ्ट ड्रिंक बेचे जाने की सूचना मिल रही थी।

## कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षा दो परीक्षा केन्द्रों में 9 मई तक

**सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा समूह 4 के अंतर्गत सहायक वर्ग-3, स्टेनो टायपिस्ट, शीघ्रलेखक व अन्य समकक्ष पदों की सीधी भर्ती वैकलांग हेतु संयुक्त परीक्षा 2024 सतना जिले के दो परीक्षा केन्द्रों मां मीरा कान्वेन्ट हायर सेकेन्डरी स्कूल एवं आदित्य कालेज आफटेक्नोलाजी आफ सतना में 7 मई से 9 मई तक दो पालियों में प्रातः 10,30 बजे से 12,30 बजे तक तथा द्वितीय पाली 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है।

## कट्टा कारतूस सहित पकड़ा गया आरोपी



**सतना।** जिले की चित्रकूट थाना पुलिस ने खुलेआम देशी कट्टा कारतूस लेकर घूम रहे आरोपी को शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे भेजा ।मिली जानकारी के अनुसार आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा पतमनिया के सामने अवैध शस्त्र 135 बोर का कट्टा एवं कारतूस धारण किये आरोपी कृष्णा कुमार वर्मा पिता बिहारी लाल वर्मा निवासी हरिजन बस्ती हरदुआ थाना चित्रकूट जिला सतना म.प्र. को घटना अन्जाम के पूर्व गिरफ्तार किया जाकर सलाखो के पीछे भेजा गया।

### इनकी रही सक्रिय भूमिका

इस कार्यवाही में निरी डीआर शर्मा, शारदा प्रसाद, बीव्ही टाण्डिया जगन सिंह सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## 580 नरवाई जलाने की घटनाए सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500, दो एकड से अधिक किन्तु पांच एकड से कम भूमिधारक को 5000 तथा पांच एकड से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी।




FARNAZ











## प्रधानमंत्री आवास की प्रतीक्षारत सूची नोटिस बोर्ड में चस्पा

**सतना।** शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अन्तर्गत पंजीयन राशि जमा करने के पश्चात् आवंटन हेतु प्रतीक्षारत हितग्राहियों की सूची प्रतीक्षा सूची सहित नगर पालिक निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा की गयी है व कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवंटन पूर्व सार्वजनिक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई है। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा आमजन से अपील की गई है कि प्रतीक्षारत हितग्राहियों के आवंटन के सम्बन्ध में किसी संबंधित जन को कोई भी आपत्ति हो तो 14 मई के पूर्व नगर पालिक निगम सतना के कार्यालय के कक्ष क्र 3 प्रथम तल में आपत्ति का आवेदन प्रस्तुत कर सकता है ताकि पात्र हितग्राहियों को आवास का आवंटन शीघ्र किया जा सके।



















Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Balaghat: SAI BAJAJ 9425822517 • Chatarpur: TIKARIYA BAJAJ 7470901984• Satna: FOUZDAR BAJAJ 223925, 8109073002, AA Autorider: 9098500556 9098500557 Rewa UPPAL BAJAJ 07662-408300, 9301991092, 9424822015 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612• Sidhi JL Motors 9303942425 6269279293• Shahdol: JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Singroli: Waidhan JAISWAL BAJAJ 7354131415 • Tikamgarh: TIKARIYA BAJAJ 7999169461. Authorised Service Centre : Amanganj 9893548076, Anuppur 9826688221, Badamalehra 9425142655, Barghat 9303455660, Baihar 9555367761, Bijuri 8827988201, Birsinghpur Pali 6264386139, Chhapara 9713908909, Dhanpuri 7489650025, Gadimalehra 9425813772, Gunour 9977430543, 9977430543 Jaisingh Nagar 9425472262, Jawa 9229666311, 9229841089 Kharagpur 9893140200, Kirnapur 9009464748 Kotma 9329404241, Lakhnadon 9303396981, Loundi 9826226345, Maihar 8982435888, 8770913699 Manpur 9993009143, Nowgong 9425404025, Nowrozabad 7697487999, Palera 9993748907, Palari 9165621818, Prathvipur 9893640577, Raj Milan 9977650255, Ramnagar 8871600496 Rampur Baghelan 9425839938, Singroli 9425161696, Umaria 9302281902, Waraseoni 9425822517. Niwas 9755432031, Papaundh 9754290155, Keswahi 9669691764, Nagod 8818808182, Hanumana 9893918391, Rampunaikin 8461961616, Bahri 9340485487, 9589121525 Bargawan 8450081056, 9301456998 Mauganj 8349224040 Unchehara 9981751821, Pawai 9981763204, Adegaon 9926964389 Chakghat 9893634134 Majhauli (Sidhi) 9755088493 Mada 7089153247 Madwas 7869015572 Panna 9424332185.



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com